राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







11 श्रीलंका के खिलाफ पोप के शतक पर ब्रॉड का ...

सहवाग ने ताजा कीं वर्ल्ड कप 2003 की यादें, बताया कैसे तेंदुलकर... 11



वर्ष : 15 | अंक : 148 | नई दिल्ली, रविवार, 08 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 71,105

चांदी 91,700

सेंसेक्स 78,886

निफ्टी 24,117

## संक्षिप्त खबरें

### अबू धाबी के क्राउन प्रिंस 9-10 सितंबर को भारत की यात्रा पर आएंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान 9-10 सितंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस के रूप में उनकी यह पहली भारत यात्रा होगी। उनके साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर बताया कि 9 सितंबर को अबू धाबी के क्राउन प्रिंस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। उनका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलने का कार्यक्रम है। वे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट भी जाएंगे।

### आप हरियाणा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार : कक्कड़

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन की बातचीत प्रारंभिक चरण में है लेकिन पार्टी राज्य की सभी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में आज कहा कि हरियाणा चुनाव में गठबंधन को लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत चल रही है इसलिए उस पर कुछ कहना सही नहीं है। पार्टी हरियाणा में लगातार काम कर रही है और आज भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल की हरियाणा में सभा है। हम पूरी तरह से राज्य की 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग आखिरी के पाँच दिन में मेहनत नहीं करने वाले बल्कि वहाँ पहले से संगठन का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में हमारी पार्टी के कुरुक्षेत्र से सुशील गुप्ता चुनाव लड़े थे जिनको पाँच लाख से अधिक वोट मिले थे और बहुत कम के अंतर से चुनाव हारे थे।

### भाजपा ने कश्मीर में सत्ता पाने के लिए क्षेत्रीय पार्टियों, निर्दलीय उम्मीदवारों से किया समझौता : उमर

श्रीनगर। नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जम्मू-कश्मीर में सरकार का हिस्सा बनने के लिए कुछ क्षेत्रीय दलों और कुछ निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ समझौता किया है।जम्मू में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि वह शुक्रवार को भाजपा का घोषणापत्र जारी करते समय अपने भाषण के दौरान अपनी पार्टी और पीपुल्स कांफ्रेंस के बारे में ''चुप'' रहे।

### किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के दोषी को 12 साल की जेल

बलिया। बलिया की एक स्थानीय अदालत ने 16 वर्षीय एक किशोरी को अगवा कर उससे दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को दोषी करार देते 12 साल कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष ने शनिवार को यह जानकारी दी। अभियोजन पक्ष के अनुसार जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी को इसी थाना क्षेत्र के छितौनी गांव के रहने वाले रवि भारद्वाज ने आठ जून 2021 को अगवा कर लिया था और उससे बलात्कार किया था।इस मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर रवि के विरुद्ध सुसंगत धारा में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया।

---

**मुख्यमंत्री ने गया में पितृपक्ष मेला की तैयारियों की समीक्षा की**

# श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर व्यापक एवं बेहतर तैयारी रखें : नीतीश

## बोलें- पिंडदानियों को तर्पण करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो

### पितृपक्ष मेले की महत्ता को देखते हुए सारी तैयारी तेजी से करें पूरा



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गया के विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गया समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में पितृपक्ष मेला-2024 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पितृपक्ष मेले में देश के कोने-कोने एवं विदेशों से तीर्थयात्री बड़ी संख्या में श्रद्धाभाव से अपने पूर्वजों का पिंडदान और तर्पण करने गया की मोक्षभूमि आते हैं। पितृपक्ष मेले की महत्ता को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर व्यापक एवं बेहतर तैयारी रखें। उन्होंने कहा कि मैं इस बात को नहीं भूल सकता हूं कि एक बार मुझे एक महिला श्रद्धालु ने बताया था कि यहां पिंडदानियों को काफी दिक्कत होती है। जब से हमें काम करने का मौका मिला, हमने पिंडदानियों की सुविधाओं को लेकर कई काम किए। हर वर्ष पितृपक्ष मेले की तैयारियों का जायजा लेने आते हैं और यहां आने वाले श्रद्धालुओं की हर प्रकार की सुविधाएं सुनिश्चित की जाती हैं।

**साफ सफाई एवं स्वच्छता का पूरा प्रबंध रखें :** समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पितृपक्ष मेले में बड़ी संख्या में लोग श्रद्धा के साथ पहुंचते हैं। यह राजकीय मेला है, ऐसे में साफ सफाई एवं स्वच्छता का पूरा प्रबंध रखें। घाटों, तालाबों एवं रास्तों की नियमित रूप से सफाई होनी चाहिए। तालाबों की स्वच्छता का विशेष रुप से ख्याल रखें क्योंकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु तालाबों में स्नान करते हैं इसलिए पानी की स्वच्छता के साथ-साथ उसकी निकासी भी आवश्यक है। फल्गू नदी में निरंतर जलस्तर संधारण हेतु गयाजी डैम का निर्माण कराया गया है ताकि पिंडदानियों को तर्पण करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। यहां के जल को भी स्वच्छ रखें। उन्होंने कहा कि गंगा का जल, शुद्ध पेयजल के रूप में यहां उपलब्ध कराया गया है, सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर इसकी व्यवस्था हो और इसे अंकित भी करा दें। जो लावारिस पशु शहर के अंदर विचरण कर रहे हैं उन्हें पकड़कर गौशाला में रखने की तत्काल व्यवस्था की जाए।

**दिव्यांग एवं वृद्ध व्यक्तियों के लिए विशेष सुविधा हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पितृपक्ष मेले में आने वाले दिव्यांग एवं वृद्ध व्यक्तियों के लिए विशेष सुविधा सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। शौचालय की नियमित सफाई होनी चाहिए। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगाह रखने की आवश्यकता है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सहूलियत का पुख्ता इंतजाम होना चाहिये। उन्होंने कहा कि गया ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल है। यहां का अतीत गौरवशाली है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देश के अन्य हिस्सों से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी आते हैं। अब इनकी संख्या और बढ़ेगी, इसको ध्यान में रखते हुए सारी तैयारी तेजी से पूर्ण करें। ऐसी व्यवस्था रखें कि सभी लोग यहां से अच्छा अनुभव लेकर जाएं। समीक्षा बैठक के दौरान पंडा समाज के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री द्वारा गयाजी के विकास के लिए किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद दिया और उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गया में गंगाजल को पहुंचाकर अद्भुत कार्य किया है।

### मेले का आयोजन 17 से 02 अक्टूबर तक

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ त्याग राजन एसएम ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पितृपक्ष मेला-2024 की तैयारियों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पितृपक्ष मेला-2023 पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गई जिसमें यहां पर पधारे श्रद्धालुओं ने पितृपक्ष मेले के इंतजाम की प्रशंसा की और अपने-अपने सुखद अनुभव साझा किए। पितृपक्ष मेले की बेहतर व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद भी दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष पितृपक्ष मेले का आयोजन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक निर्धारित है। सभी महत्वपूर्ण वेदियों एवं घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए अच्छी और सभी प्रकार की व्यवस्था की गयी है। कार्य समितियों का गठन कर पदाधिकारियों को बेहतर व्यवस्था के संचालन की जिम्मेवारी दी गयी है। जिलाधिकारी ने पितृपक्ष मेले के दौरान आवासन, साफ-सफाई, जलापूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य, विद्युत व्यवस्था, वृद्ध एवं दिव्यांगजन के लिए आवागमन की व्यवस्था, यातायात सुविधा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पितृपक्ष मेले के संबंध में सभी तरह की सूचना उपलब्ध हो सके, इसके लिए पिंडदान गया मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। कॉल सेंटर के माध्यम से भी श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की जानकारी मिलेगी।

---

**भूमि सर्वेक्षण : घबराने की जरूरत नहीं**

# घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं दस्तावेज

## सभी दस्तावेज डिजिटली ऑनलाइन हैं उपलब्ध : मंत्री

- मोबाइल या लैपटॉप से विभाग के वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं दस्तावेज
- भूमि सर्वे के लिए पूर्व की ऑफलाइन रसीद भी पूरी तरह से मान्य
- वंशावली खुद से बनाना है, किसी से सत्यापित कराने की आवश्यकता नहीं



प्रात : किरण

पटना। भूमि सर्वेक्षण के काम में आमलोगों को न तो चिंतित होना है ना ही किसी भी प्रकार से घबराना है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग रैयतों की समस्याओं से अवगत है और उनके समाधान के लिए पूरी तरह सजग और तत्पर है। भूमि सर्वेक्षण के संबंध में सबसे बड़ी समस्या जो सुनने में आ रही है वह खतियान, जमाबंदी पंजी, लगान-रसीद जैसे राजस्व अभिलेखों के लिए लोग अंचल समेत विभिन्न राजस्व कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। जबकि इस तरह के दस्तावेज डिजिटली ऑनलाइन उपलब्ध हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने शनिवार को रैयतों से उनकी समस्याएं सुनने के दौरान उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आप अपने मोबाइल या लैपटॉप से विभाग के वेबसाइट पर जाकर कई प्रकार के दस्तावेज देख सकते हैं। बस उन्हें प्रिंट कीजिए और स्वघोषणा के साथ निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दीजिए। अगर आपके पास कागजात कम हैं या आधे-अधूरे हैं तो भी स्वघोषणा से नहीं चूकें। उन्होंने यह भी कहा कि स्वघोषणा के लिए अभी कोई कट ऑफ डेट निर्धारित नहीं किया गया है।

**16 करोड़ राजस्व दस्तावेज डिजिटाइज :** श्री जायसवाल ने कहा कि विभाग ने करीब 16 करोड़ राजस्व दस्तावेजों को डिजिटाइज करा कर ऑनलाइन कर दिया है। इसमें करीब 35 हजार गांवों का खतियान भी शामिल है। इनकी मदद से आपको अपने पूर्वजों द्वारा धारित जमीन के संबंध में जानकारी मिल सकती है। ये सभी मुफ्त में ऑनलाइन उपलब्ध है। भूमि सर्वे के लिए लगान रसीद भी ऑनलाइन या अद्यतन आवश्यक नहीं है। पूर्व की ऑफलाइन रसीद भी पूरी तरह से मान्य है।

**खुद से वंशावली बनाएं और उसे स्वघोषणा के साथ संलग्न करें :** श्री जायसवाल ने यह भी कहा कि वंशावली को लेकर कई प्रकार की भ्रांतियां हैं। मैं एक बार फिर स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि वंशावली आपको खुद से बनाना है। इसके लिए किसी भी व्यक्ति या कार्यालय में जाने की जरूरत नहीं है। न ही किसी से उसे सत्यापित कराने की आवश्यकता है। सादे कागज पर अपनी वंशावली बनाएं और उसे स्वघोषणा के साथ संलग्न करें। यह पूरी तरह मान्य है।

कोई भी व्यक्ति 12 प्रकार के राजस्व दस्तावेजों की डिजिटली हस्ताक्षरित प्रति भी ऑनलाइन प्राप्त कर सकता है। इसके लिए आपको सरकार को मामूली शुल्क का भुगतान करना है। यह भुगतान भी ऑनलाइन करना है। अर्थात ये दस्तावेज आपको घर बैठे प्राप्त हो सकता है। इसके लिए विभाग के वेबसाइट.... बिहार भूमि.बिहार. जीआवी.इन पर जाकर भू-अभिलेख पोर्टल को क्लिक करना है। 12 प्रकार के दस्तावेजों को भू अभिलेख पोर्टल भूअभिलेख.बिहार.जीओवी.इन से ऑनलाइन प्राप्त किया जा सकता है।

**12 प्रकार के दस्तावेज भू अभिलेख पोर्टल पर मौजूद**

कैडस्ट्रल खतियान, रिविजनल खतियान, जमाबंदी पंजी प्रति, दाखिल खारिज वाद अभिलेख, राजस्व मानचित्र, दाखिल-खारिज पंजी, बंदोबस्ती अभिलेख, चकबंदी अभिलेख, भू-अर्जन अभिलेख, सीलिंग पंजी, लगान निर्धारण अभिलेख और मापी वाद अभिलेख।

---

## देश के हर कोने में सुनाई दे प्रेम की आवाज : राहुल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रेम करने वाले लोग हैं और हमारा यह मकसद है कि देश के हर कोने में प्रेम की आवाज सुनाई दे। गांधी ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन की सुंदरता से रूबरू कराया। मैंने उत्साही भीड़ और नारों के बीच अपने साथ मौजूद व्यक्ति पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करना और उसकी बात सुनना सीखा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने कहा, ह्यउन 145 दिन में और उसके बाद के दो वर्ष में, मैंने विभिन्न पृष्ठभूमि के हजारों भारतीयों की बात सुनी। प्रत्येक व्यक्ति से ज्ञान हासिल किया, हर किसी ने मुझे कुछ नया सिखाया और सभी हमारी प्यारी भारत माता से जुड़े थे।

---

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने पीएमसीएच में निर्माण कार्य का लिया जायजा**

## निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व मानक के साथ समय पर पूरा हो : नड्डा

प्रात : किरण



पटना। भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ जेपी नड्डा ने शनिवार को पटना मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल के पुनर्विकास निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने पीएमसीएच के परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को देखते हुए गुणवत्तापूर्ण व मानक के साथ ससमय पूरा करने का निर्देश दिया है। वहीं, डॉ नड्डा ने 5462 बिस्तरों वाला अस्पताल और अन्य इमारतों जैसे कि स्टाफ/संकाय आवास, छात्रावास, सभागार, मल्टी लेवल कार पार्किंग, चिकित्सा, गैर चिकित्सा सेवाएं, चिकित्सा/गैर चिकित्सा फर्नीचर की आपूर्ति स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग, सीएमसी के साथ चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग, विद्युत और यांत्रिक सेवाएं, प्रबंधन सूचना प्रणाली, शिक्षण प्रबंधन प्रणाली, बाहरी विकास और मौजूदा संरचना संबंधी निर्माण कार्यों का भी मुआयना किए। ज्ञातव्य हो कि एक ओर 48 एकड़ के कैंपस फैले पीएमसीएच परिसर में पहले से बने भवन में मरीजों को देखने का काम भी चल रहा है और दूसरी तरफ पुराने भवनों को तोड़कर नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी तेजी से जारी है। अभी तक पहले फेज का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। वहीं पीएमसीएच में बनने वाले 5 हजार 462 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य वर्ष 2027 तक का पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

---

## सुनीता केजरीवाल ने मतदाताओं से 'हरियाणा के लाल' अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े होने की अपील की

प्रात : किरण

भिवानी (हरियाणा), एजेंसी। अपने पति अरविंद केजरीवाल को 'हरियाणा का लाल' बताते हुए सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) को वोट देकर सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ खड़े होने का आग्रह किया।सुनीता केजरीवाल ने दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को फर्जी मामले में जेल में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा, ''आपका बेटा शेर है और वह (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी के सामने झुकेगा नहीं।'' उन्होंने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं, आपकी बहू और आपकी बहन, पूछना चाहती हूं कि क्या हरियाणा इस अपमान को बर्दाश्त करेगा? क्या आप चुप रहेंगे और क्या आप अपने बेटे (दिल्ली के मुख्यमंत्री) का समर्थन नहीं करेंगे।''सुनीता केजरीवाल ने हरियाणा में सत्तारूढ़ पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह केवल ''सत्ता में बने रहना'' चाहती है।

---

## एनडीए की सरकार आतंकवाद को फिर से सिर नहीं उठाने देगी : शाह

प्रात : किरण



जम्मू/नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में जब तक शांति स्थायी नहीं हो जाती, तब तक पाकिस्तान से बातचीत नहीं हो सकती। श्री शाह ने साथ ही यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद उचित समय पर राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा।शाह ने यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा,नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) ने अपने घोषणापत्र में पाकिस्तान से बातचीत की वकालत की है। मैं यह स्पष्ट कर दूं कि जम्मू-कश्मीर में जब तक शांति स्थायी नहीं हो जाती, तब तक पाकिस्तान से बातचीत नहीं हो सकती।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को गुज्जर-बकरवाल और दलित आरक्षण पर चुनौती देते हुए कहा,कोई भी ताकत इस आरक्षण को छू नहीं सकती। उन्होंने एनसी-कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाएंगे। उन्होंने कहा,शायद राहुल बाबा और श्री उमर मेरे पांच अगस्त, 2019 के भाषण से अनभिज्ञ हैं, जिसमें मैंने स्पष्ट किया था कि चुनाव के बाद उचित समय पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा।कांग्रेस के दोनों नेताओं पर तीखे हमले में केंद्रीय मंत्री ने कहा,मुझे आश्चर्य है कि वे राज्य का दर्जा कैसे वापस ला सकते हैं। क्या वे स्पष्ट कर सकते हैं? यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है जो जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दे सकती है।

श्री शाह ने कहा कि यह जम्मू-कश्मीर में पहला चुनाव होगा जब एक ही झंडा, एक ही संविधान और एक ही प्रधानमंत्री होगा। उन्होंने कहा,देश के लिए प्रधानमंत्री हमेशा एक ही होता है। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक, एक ही प्रधानमंत्री है, वह नरेन्द्र मोदी हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से सुबह चार परिवारों के साथ आने और 11:30 बजे तक मतदान समाप्त करने की अपील की। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से संकल्प लेने को कहा कि वे अब्दुल्ला (एनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला), मुफ्ती (पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती) और गांधी परिवार (राहुल-सोनिया परिवार) के खिलाफ मतदान करेंगे। उन्होंने नारा भी लगाया,जहां हुआ बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है। उन्होंने कहा कि एक राजनेता के तौर पर जम्मू-कश्मीर के लोगों को दीवार पर लिखी यह बात पढ़ लेनी चाहिए कि एनसी-कांग्रेस कभी भी जम्मू-कश्मीर में सरकार नहीं बना सकते।

नियंत्रण रेखा के पार व्यापार की वकालत करने के लिए पीडीपी पर निशाना साधते हुए श्री शाह ने कहा कि व्यापार से होने वाला मुनाफा सीधे तौर पर आतंकवादियों के आकाओं की जेब में जाएगा। स्वायत्तता के नाम पर लोगों को बेवकूफ बनाने के लिए एनसी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि इसी नारे की वजह से पिछले तीन दशकों में जम्मू-कश्मीर में 40,000 लोगों की जान चली गई। उन्होंने कहा,अब कोई स्वायत्तता की बात नहीं कर सकता। वो दिन चले गए।

श्री शाह ने भाजपा कार्यकताओं से एनसी, कांग्रेस और पीडीपी को वोट न देने का आग्रह किया क्योंकि वे जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, अलगाववाद और पत्थरबाजी को फिर से जीवित करना चाहते हैं। कार्यकताओं के नहीं के नारे लगाने पर उन्होंने पूछा, ये पार्टियां आतंकवाद के आकाओं और पत्थरबाजी को बढ़ावा देने के लिए पैसे खर्च करने वालों की रिहाई चाहती हैं। क्या वे इसके लिए वोट के हकदार हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस शंकराचार्य पहाड़ी का नाम बदलकर तख्ते सुलेमान रखना चाहती है। उन्होंने कहा,हम ऐसा नहीं होने देंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। उन्होंने कहा कि यह नेशनल कॉन्फ्रेंस ही थी जिसने जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन महाराजा हरि सिंह को कश्मीर से भागने पर मजबूर किया था। उन्होंने कहा,बाद में जम्मू-कश्मीर में हरि सिंह का शव लौटा, जिन्होंने 1947 में भारत में विलय कर लिया था।

---

**आयोजन** पीएम ने की राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से मुलाकात

# भारत की विविधता को समझने के लिए शैक्षिक यात्राओं का आयोजन करें : मोदी

## टीचरों के जुनून और समर्पण की तारीफ की

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के प्राप्तकर्ताओं से शुक्रवार को अपने निवास पर मुलाकात की थी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बातचीत का एक पूरा वीडियो भी शेयर किया है।

इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षकों की भूमिका को भारत के भविष्य को आकार देने में अहम बताया। एक्स पर वीडियो पोस्ट के दौरान पीएम मोदी ने कैप्शन दिया, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित उत्कृष्ट शिक्षकों से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। युवाओं को आकार देने के प्रति उनका जुनून और समर्पण वास्तव में प्रेरणादायक है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने शिक्षकों से कहा कि वे अपने पाठों में स्थानीय लोक कथाओं को शामिल करें और इसे विभिन्न भाषाओं में सिखाएं, ताकि छात्र कई भाषाएं सीख सकें और हमारी समृद्ध संस्कृति का अनुभव कर सकें। उन्होंने कहा, स्थानीय लोककथाओं को अलग-अलग भाषाओं में पढ़ाएं ताकि छात्रों को हमारी सांस्कृतिक विविधता का एहसास हो। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने सुझाव दिया कि शिक्षक छात्रों को भारत की विविधता को समझने के लिए शैक्षिक यात्राओं का आयोजन करें।

उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से न केवल शिक्षा में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन और अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। पीएम ने पुरस्कार विजेता शिक्षकों को सोशल मीडिया के माध्यम से अपने टीचिंग के तौर-तरीकों शेयर करने की अपील भी की ताकि अन्य साथी शिक्षक भी इन अनुभवों का लाभ उठा सकें। प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षकों के समर्पण की सराहना की और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उन्हें बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है देश की विकास यात्रा में शिक्षक का बहुत अहम योगदान होता है। लेकिन मुझे लगता है कि वाहवाही की जरूरत नहीं है। हम उस विद्यार्थी की ओर देखें कि उसके परिवार ने कितने विश्वास के साथ बच्चा हमें सुपुर्द किया है। बच्चे को सिर्फ पढ़ाने के लिए टीचर के हवाले नहीं किया जाता बल्कि उसको दी जा रही सीख को प्लस वन करने के लिए ऐसा किया जाता है। इसलिए बच्चे की जिंदगी में यह कार्य टीचर करता है।

---

## अबू धाबी के 'क्राउन प्रिंस' नाहयान रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे

नई दिल्ली/एजेंसी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अबू धाबी के 'क्राउन प्रिंस' शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक वार्ता के लिए रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे।विदेश मंत्रालय ने यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि अल नाहयान की यात्रा भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मजबूत संबंधों को और प्रगाढ़ करेगी तथा नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के लिए रास्ते खोलेगी। प्रधानमंत्री मोदी और 'क्राउन प्रिंस' रविवार को द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर बातचीत करेंगे।

द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा, दोनों नेताओं के बीच इजराइल-हमास संघर्ष से उत्पन्न समग्र स्थिति पर भी विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। नाहयान का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात का कार्यक्रम है। वह महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट भी जाएंगे।

'क्राउन प्रिंस' के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। अपनी यात्रा के दिल्ली चरण के समापन के बाद, नाहयान सोमवार को एक व्यापार मंच में भाग लेने के लिए मुंबई की यात्रा करेंगे। दोनों देशों के शीर्ष व्यापारिक नेता इस मंच में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के आमंत्रण पर अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान नौ और 10 सितंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे।''

## संक्षिप्त समाचार

### गाली-गलौच कर मारपीट के आरोप में 22 पर मुकदमा

**देहरादून, एजेंसी।** क्लेमेंटटाउन में अपने भाई के घर आए युवकों पर लोगों ने गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने 10 को नामजद करते हुए 22 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सईद अहमद ने क्लेमेंटटाउन पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसके भाई फिरोज के घर के आगे कैंट बोर्ड का कूड़ाघर था, जो अब बंद हो गया है। आसपास के कुछ लोग यहां गंदगी डाल रहे हैं। इसकी शिकायत पर कैंट बोर्ड ने यहां कूड़ा डालना प्रतिबंधित कर दिया। इसके कारण आसपास के लोग फिरोज से रंजिश रखने लगे। वह 30 अगस्त को नमाज पढ़ने के बाद फिरोज के घर पर गए तो करीब 20 युवकों ने आकर हमला कर दिया और गाली-गलौच करने लगे। आरोप लगाया कि धारदार हथियारों से हमला किया गया। इसमें शहजाद को गंभीर चोट आई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी शमीम, लियाकत, अकरम, जावेद, आबिद, साजिद, आफताब, शहजाद, शोएब, कादिर को नामजद करते हुए 12 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### यूट्यूबर पर हुए हमले के विरोध में राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**देहरादून, एजेंसी।** विभिन्न संगठनों और राजनैतिक दलों के लोगों ने यूट्यूबर योगेश डिमरी पर शराब माफियाओं के जानलेवा हमले के विरोध में राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। कहा कि राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण चोरी, दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। जनता के पक्ष में आवाज उठाने वाले लोगों पर जानलेवा हमले हो रहे हैं। इस दौरान सीपीआईएम सचिव अनंत आकाश, नवनीत गुंसाई, किशन गुनियाल, लेखराज, प्रभात डंडरियाल, शैलेंद्र परमार आदि मौजूद रहे। वहीं, उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के प्रवक्ता चिंतन सकलानी ने बयान जारी कर योगेश डिमरी पर हुए हमले की निंदा की है।

### हॉस्टल में छात्र से मारपीट, असम से ट्रांसफर हुई जीरो एफआईआर

**देहरादून, एजेंसी।** दून के एक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र के साथ हॉस्टल में सीनियर छात्रों ने मारपीट कर दी। इस मामले में असम पुलिस को शिकायत की गई। असम पुलिस ने जीरो एफआईआर कर अब दून के डालनवाला थाने को ट्रांसफर की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज मैनवाल ने बताया कि एक व्यक्ति ने स्कूल में पढ़ने वाले अपने बेटे के साथ मारपीट की शिकायत असम पुलिस से की थी। आरोप है कि हॉस्टल में उसके बेटे के साथ सीनियर छात्रों ने मारपीट की। इस मामले में असम पुलिस ने जीरो एफआईआर को ट्रांसफर की है। अब डालनवाला पुलिस ने आईपीसी और पॉक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नामी स्कूल में असम के छात्र से रैगिंग और यौन उत्पीड़न, हॉस्टल में की गई मारपीट से मचा बवाल

**देहरादून, एजेंसी।** शहर के नामी स्कूल में असम के छात्र से रैगिंग और यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। देहरादून के एक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र के साथ हॉस्टल में सीनियर छात्रों ने मारपीट कर दी। इस मामले में असम पुलिस को शिकायत की गई। असम पुलिस ने जीरो एफआईआर कर अब दून के डालनवाला थाने को केस ट्रांसफर कर दिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज मैनवाल ने बताया कि एक व्यक्ति ने स्कूल में पढ़ने वाले अपने बेटे के साथ मारपीट की शिकायत असम पुलिस से की थी। आरोप है कि हॉस्टल में उसके बेटे के साथ सीनियर छात्रों ने मारपीट की। इस मामले में असम पुलिस ने जीरो एफआईआर ट्रांसफर की है। अब डालनवाला पुलिस ने आईपीसी और पॉक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सिर पर डंडे बरसाकर तेंदुए से छोटे भाई को छुड़ा लाया देव

**नैनीताल , एजेंसी।**
चोरपानी के सती कॉलोनी में बगीचे के किनारे मजदूरी करने वाला प्रदीप कुमार परिवार के साथ झोपड़ी बनाकर रहता है। देर रात प्रदीप के आठ साल के बेटे पर तेंदुए ने हमला कर दिया। लेकिन बड़े भाई देव ने तेंदुए के सिर पर डंडे बरसाकर उसे जंगल की ओर भगा दिया।

छोड़, छोड़ मेरे भाई को... ये आवाज लगाते हुए देव तेंदुए के सिर पर डंडे बरसाता रहा। आखिर देव की हिम्मत के आगे तेंदुए को हारकर मनीष को छोड़कर जंगल में भागना पड़ा। ये अदम्य साहस जिस देव ने दिखाया वह मात्र 12 वर्ष का बच्चा है। ये घटना चोरपानी के पास सती कॉलोनी में बगीचे के किनारे की है। घायल मनीष को अस्पताल ले जाया गया जहां उसके पैर पर चार टांके आए जबकि हाथों में भी जख्म हुए हैं। वहीं घटना के बाद वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार चोरपानी के सती कॉलोनी में बगीचे के किनारे मजदूरी करने वाला प्रदीप कुमार परिवार के साथ झोपड़ी बनाकर रहता है। बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे प्रदीप पत्नी के साथ बगीचे में घास काटने गया था जबकि झोपड़ी में छोटा बेटा मनीष (8) और बड़ बेटा देव कुमार (12) थे। रात करीब 9:30 बजे देव ने बताया कि जब उसका छोटा भाई घर के बाहर की लाइट जलाने के लिए निकला तो झोपड़ी के बाहर चारपाई के नीचे बंधे उनके पालतू कुत्ते पर तेंदुआ ने हमला कर मार दिया।



कुत्ते की आवाज सुनकर मनीष तेंदुए के चंगुल से बचाने के लिए उसे खोलने का प्रयास कर रहा था। तभी तेंदुए ने कुत्ते को छोड़कर उसके पैर में पंजे गड़ा दिए। मनीष के चिल्लाने की आवाज सुनकर देव बाहर आया। बाहर का नजारा देख पहले तो वह सन्न रह गया लेकिन फिर खुद को संभालते हुए पास पड़े डंडे को उठाकर छोड़, छोड़ मेरे भाई को... चिल्लाते हुए तेंदुए के सिर पर लगातार प्रहार करता रहा। इसके बाद तेंदुआ उसके भाई को छोड़कर बगीचे से होते हुए जंगल की ओर भाग गया।

तेंदुए के हमले में घायल मनीष के हाथ और पैरों में पंजे से गहरे घाव बन गए थे। वहीं तेंदुए के हमले में मनीष के कुत्ते की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे रामनगर के सरकारी अस्पताल ले गए जहां मनीष के पैर में चार टांके आए। इलाज के बाद बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं घटना के बाद से आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

तेंदुए ने हमले में कुत्ते की मौत हो गई है। कुत्ते को बचाने के प्रयास में शिकार छिनता देख तेंदुए ने बच्चे पर हमला किया है। तेंदुए की दस्तक के बाद क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। साथ ही लोगों को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। हल्द्वानी के कमलवागांजा कब्डाल क्षेत्र में बृहस्पतिवार की शाम को खाली पड़े प्लाट में तेंदुआ आ धमका। इससे क्षेत्र के लोगों में दहशत पैदा हो गई। तेंदुए की मौजूदगी की भनक लगते ही लोग घरों से बाहर निकल आए और शोर करने लगे।

## डीएम साहब एक सप्ताह से बंद है सड़क

**उत्तरकाशी, एजेंसी।**
असी गंगाघाटी के अगोड़ा सहित दर्जनों गांव के ग्रामीण संगमचट्टी सड़क व पैदल मार्ग खुलवाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने डीएम से सड़क खुलवाने की मांग की। कहा कि एक सप्ताह से क्षेत्र के गांवों को जोड़ने वाला संगमचट्टी अगोड़ा मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त है, लेकिन सड़क पर आवाजाही बहाल करने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने कहा कि मानसून की बारिश से भूस्खलन व भू-धंसाव से असी गंगाघाटी के अगोड़, गंजोली, भंकोली, कैलशू सहित दर्जनों गांव जोड़ने वाली संगम चट्टी सड़क जगह-जगह बंद है। सड़क बंद होने से ग्रामीण अपने गांव तक वाहनों से नहीं पहुंच पा रहे हैं। साथ ही भूस्खलन से संगम चट्टी, अगोड़ा-भंकोली पैदल मार्ग भी बंद है, ग्रामीण जोखिम वाले पहाड़ी और चट्टानी रास्तों से पांच किमी पैदल दूरी तय कर जिला मुख्यालय तथा अपने घर पहुंच रहे हैं।

बृहस्पतिवार को असी गंगा घाटी के ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई पर सड़क नहीं खोलने का आरोप लगाया। डीएम को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने सड़क बंद होने से उत्पन्न हुई समस्या की जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि बीमार और स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र सड़क नहीं खोलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

ज्ञापन देने वालों में कमल सिंह रावत, दिग्विजय पंवार, रविंद्र पंवार, धर्मेंद्र पंवार, उमेद पंवार, विपिन, देवेंद्र रावत, संजय रावत, बलदेव सिंह राणा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## विभिन्न संगठनों को जुलूस प्रदर्शन, अवैध मज्जिद और मांस की दुकानों हटाने को लेकर आक्रोश रैली

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** उत्तरकाशी जिला मुख्यालय में शुक्रवार को आक्रोश रैली निकाली गई।उत्तरकाशी जनपद मुख्यालय में विभिन्न संगठन के लोग जिला प्रशासन के खिलाफ जुलूस प्रदर्शन करने पहुंचे। मस्जिद मोहल्ले के सामने नारेबाजी के साथ संगठन के लोगों ने प्रदर्शन किया। अवैध मज्जिद ध्वस्त करने को लेकर नारे लगाई। कई पूर्व सैनिकों सहित टैक्सी यूनियन के लोग भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

## 200 किसानों के ट्यूबवेल सौर ऊर्जा से चलेंगे, यहां पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेंगे प्रोजेक्ट



**देहरादून, एजेंसी।**
प्रदेश के 200 किसानों के ट्यूबवेल सौर ऊर्जा से चलेंगे। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान योजना के तहत आवेदन शुरू हुए है। रुड़की और काशीपुर में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रोजेक्ट मिलेंगे। उत्तराखंड के 200 किसानों के ट्यूबवेल अब बिजली के बजाए सौर ऊर्जा से चलेंगे। बिजली के बिल उनके लिए सिरदर्द साबित नहीं होंगे। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान योजना (पीएम कुसुम योजना) के तहत पहले चरण में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 200 किसानों को इसका लाभ दिया जाएगा। पीएम कुसुम योजना के तहत रुड़की विद्युत वितरण खंड नगर के रुड़की के अंतर्गत 11 केवी कोटा मुरादनगर और 11 केवी मनुबास फीडर के अलावा काशीपुर के तहत 11 केवी मानपुर पीटीडब्ल्यू और 11 केवी हरिनगर फीडर से जुड़े हुए किसानों को पहले आओ-पहले पाओ के तहत ट्यूबवेल पर सोलर सिस्टम लगाने की छूट मिलेगी। आवेदन केवल वेबसाइटके माध्यम से कर सकते हैं। छह किलोवाट व 10 किलोवाट के सिस्टम लगाए जा सकते हैं। किसानों को आवेदन के बाद सात दिन के भीतर दो हजार रुपये शुल्क जमा करना होगा। इस योजना में केंद्र व राज्य सरकार से अनुदान मिलेगा। 10 किलोवाट के लिए एक लाख 91 हजार 830 रुपये उपभोक्ता अंश के देने होंगे।

## बस स्टैंड पर देर तक खड़ी की बस, यात्रियों का जमकर हंगामा

**रूड़की, एजेंसी।** रोडवेज बस डिपो के बाहर करीब आधा घंटे तक बस खड़े होने पर यात्रियों के सब्र का बांध टूट गया। यात्रियों ने जमकर हंगामा कर दिया। इससे उनकी चालक और परिचालक से तीखी नोकझोंक हो गई। यात्रियों ने इसकी शिकायत डिपो के अधिकारियों से की तो चालक बस लेकर रवाना हुआ।

रोडवेज बसों के चालक और परिचालकों की मनमानी काम होने का नाम नहीं ले रही है। चालक और परिचालक मनमर्जी से रास्ते में किसी भी ढाबे पर बस रोककर घंटों तक खड़े हो जाते हैं। इतना ही नहीं बस स्टैंड के बाहर भी देर तक खड़े रहते हैं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बृहस्पतिवार सुबह मेरठ डिपो की एक बस रुड़की रोडवेज बस स्टैंड के बाहर आकर खड़ी हो गई। इसके बाद चालक और परिचालक उतरकर नीचे चले गए।

करीब आधा घंटे बाद भी दोनों नहीं आए तो यात्रियों का गुस्सा भड़क गया और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया।

## किशोरी से दुष्कर्म व हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तहसील घेरी

**रूड़की, एजेंसी।**
बहादराबाद क्षेत्र के शांतरशाह में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में फरार चल रहे भाजपा नेता की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने रुड़की तहसील का घेराव किया। उन्होंने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

बृहस्पतिवार को भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के बैनर तले कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए रुड़की तहसील में पहुंचे। यहां पर उन्होंने सोहलपुर गाड़ा गांव के वसीम की मौत के मामले में सीबीआई जांच की मांग की। साथ ही कुछ लोगों पर इस मामले में राजनीति करने का आरोप लगाया है।

वहीं दूसरी ओर शांतरशाह में किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में अभी तक आरोपी भाजपा नेता की गिरफ्तारी नहीं होने पर भी नाराजगी जताई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह, वसीम, एहतसाम, तेज प्रताप सैनी, आरिफ, कुलदीप, सुनील, जावेद, सुहैब आदि मौजूद रहे।

## ग्राहक को लेकर दुकानदार पिता-पुत्र का सिर फोड़ा

**रूड़की, एजेंसी।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के राजेंद्र नगर में ग्राहकों को लेकर दो दुकानदारों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के दुकानदार पिता-पुत्र का रॉड से सिर फोड़ दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अर्जुन मित्तल निवासी गली नं. पांच राजेंद्र नगर रुड़की ने पुलिस को तहरीर देकर बताया किया वह अपनी साइबर कैफे और स्टेशनरी की दुकान पर बैठा हुआ था। उनके सामने की सौरभ की दुकान भी है, इससे उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। सोमवार को अर्जुन की दुकान पर कुछ ग्राहक खड़े थे। जिन्हें सौरभ अपनी दुकान पर बुलाने लगा। उसकी इस हरकत का विरोध करने पर सौरभ ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अपनी दुकान से निकलकर मारपीट करनी शुरू कर दी।

तभी अर्जुन के पिता विनोद मित्तल ने बीच बचाव कराया। इसके बाद सौरभ ने फोन कर अपने भाई वासु अरोड़ा को भी बुला लिया। वासु अरोड़ा ने वहां पहुंच कर दुकान के अंदर बैठे दोनों पिता पुत्र पर रॉड से हमला कर दिया। इससे दोनों का सिर लहूलुहान हो गया।

शोर मचाने पर पड़ोस के लोग पहुंचे और उन्हें देख सौरभ और वासु जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। वहीं गंगनहर कोतवाली प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि आरोपी सौरभ और वासु के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

## पीसीएस अफसरों को जल्द मिलेगी प्रमोशन की सौगात, डीपीसी पूरी, सीएम के अनुमोदन के बाद जारी होगा आदेश

**देहरादून, एजेंसी।**
पीसीएस अफसरों को जल्द प्रमोशन की सौगात मिलेगी। डीपीसी पूरी हो चुकी है। अब सीएम के अनुमोदन के बाद आदेश जारी होगा।



प्रदेश के प्रोविंशियल सिविल सर्विस (पीसीएस) अधिकारियों को जल्द प्रमोशन की सौगात मिलेगी। बुधवार को उनकी डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी (डीपीसी) हो गई है। अब मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद आदेश जारी होगा। 8700 ग्रेड-पे पर 29 पीसीएस अधिकारियों के नाम पर विचार किया गया। जबकि 10 पीसीएस के 7600 ग्रेड-पे पर प्रमोशन देने के लिए डीपीसी में चर्चा की गई। दो पीसीएस के खिलाफ जांच गतिमान होने के चलते लिफाफा बंद रखा गया है। 8700 ग्रेड-पे पर ललित नारायण मिश्रा, पीसी दुमका, सुंदरलाल सेमवाल, गिरीश गुणवंत, वीर सिंह बुधियाल, त्रिलोक मर्तोलिया, अभिषेक त्रिपाठी, शिवकुमार बरनवाल, मोहम्मद नासिर, ईलागिरी, जगदीश कांडपाल, चंद्र सिंह इमलाल, उत्तम सिंह चौहान, अशोक जोशी, शिवचरण द्विवेदी, मोहन सिंह, हेमंत कुमार वर्मा, अरविंद पांडे, प्यारे लाल शाह और केके मिश्रा के नाम शामिल हैं जबकि 7600 ग्रेड-पे में श्याम सिंह राणा, नारायण सिंह नबियाल, रजा अब्बास, अवधेश कुमार, विवेक राय, किशन सिंह नेगी, अनिल गर्ब्याल, विवेक प्रकाश, दिनेश प्रताप सिंह और पंकज उपाध्याय के नाम शामिल हैं।

## दिल्ली पुलिस का अधिकारी बनकर ठगे 2.38 लाख रुपये

**रूड़की,** [illegible] ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताकर एक युवती ने 2.38 लाख रुपये ठग लिए। शिकायत पर राजपुर थाने में साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता आद्या शर्मा ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। बताया कि 24 अगस्त को उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। जिसने खुद को डीएचएल कुरियर से बताया। कहा कि एक पार्सल को कस्टम विभाग ने सीज किया है। इस पार्सल में गैरकानूनी सामान है। डर दिखाया कि इस पार्सल को साइबर सेल दिल्ली से कनेक्ट किया गया है।

## नशे की हालत में कार चालक ने पांच लोगों को किया घायल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** भानियावाला तिराहे पर नशे की हालत में एक कार चालक ने पांच लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। वहीं कार से कई दोपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।

फ्लाईओवर की तरफ से भानियावाला की ओर आ रहे एक कार चालक ने नशे की हालत में एक के बाद एक पांच लोगों को घायल कर दिया। कई दो पहिया वाहनों को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। चौकी पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और आरोपी कार चालक का मेडिकल कराने के बाद गिरफ्तार कर लिया। वहीं कार को सीज कर दिया है।

कार चालक की पहचान शैलेंद्र नेगी निवासी बालावाला, देहरादून के रूप में की गई है। भानियावाला तिराहे पर कार चालक ने राहुल पुत्र राजकुमार निवासी केशवपुरी बस्ती की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उनके पैर में चोट लग गई। सौरभ पाल पुत्र सुशील पाल निवासी की खड़ी स्कूटी टक्कर लगने से क्षतिग्रस्त हो गई। पैदल चल रहे अकरम पुत्र अलीहसन निवासी तेलीवाला को टक्कर मार दी। जिससे उनके पैर में चोट आई है। हेमचंद रियाल पुत्र विशामणि रियाल निवासी रामनगर डांडा, थानो की स्कूटी में टक्कर मारी।

# लगातार दूसरे महीने सस्ता आएगा बिजली का बिल

**देहरादून, एजेंसी।**
बाजार से महंगी या सस्ती बिजली का असर बिल में नजर आता है। अगर निर्धारित से अधिक दरों पर बिजली खरीदी तो उसी अनुपात में बिल में प्रति यूनिट बिजली महंगी हो जाती है।

लगातार दूसरे महीने बिजली का बिल सस्ता आएगा। यूपीसीएल ने सितंबर माह की फ्यूल एंड पावर परचेज कॉस्ट एडजस्टमेंट (एफपीपीसीए) दरें घोषित कर दी हैं। इसके तहत बिजली बिल में सात पैसे से लेकर 26 पैसे प्रति यूनिट तक की कमी हो गई है। अक्तूबर के बिल में प्रति यूनिट यह छूट मिलेगी।




यूपीसीएल हर महीने आपूर्ति के लिए बाजार से बिजली खरीदता है। बाजार से महंगी या सस्ती बिजली का असर बिल में नजर आता है। अगर निर्धारित से अधिक दरों पर बिजली खरीदी तो उसी अनुपात में बिल में प्रति यूनिट बिजली महंगी हो जाती है।

सस्ती खरीद होने पर प्रति यूनिट उतनी ही कमी कर दी जाती है। यूपीसीएल प्रबंधन ने अगस्त माह में एफपीपीसीए दरों की घोषणा कर दी है। निगम प्रबंधन का कहना है कि अक्तूबर माह के बिजली बिल में इसी हिसाब से छूट दी जाएगी। यूपीसीएल के चीफ इंजीनियर कॉमर्शियल डीएस खाती की ओर से इस संबंध में सूचना जारी की गई।

पिछले महीने भी यूपीसीएल ने सस्ते दामों पर बाजार से बिजली खरीदी थी। उपभोक्ताओं को सितंबर माह के बिजली बिल में 15 पैसे से लेकर 60 पैसे प्रति यूनिट तक सस्ती बिजली मिली थी। ऐसा पहली बार हुआ है जब लगातार दो माह तक यूपीसीएल ने बाजार से सस्ती बिजली खरीदकर उपभोक्ताओं को उसका लाभ दिया है।

## आरएसएस की शाखा में शामिल हो सकेंगे प्रदेश सरकार के कर्मचारी, कार्मिक विभाग ने जारी किए आदेश

**देहरादून, एजेंसी।** आरएसएस की शाखा में प्रदेश सरकार के कर्मचारी शामिल हो सकेंगे। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किए हैं।

उत्तराखंड सरकार के कर्मचारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखा में सुबह और शाम शामिल हो सकेंगे। वे संघ के अन्य सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में प्रतिभाग कर सकेंगे अपर मुख्य सचिव कार्मिक एवं सतर्कता आनंद बर्द्धन ने इस संबंध में आदेश जारी किया। शाखाओं व सांस्कृतिक सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल तो हो सकेंगे या अपना योगदान भी दे सकेंगे, लेकिन इससे उनके सरकारी कर्तव्य और दायित्वों में कोई अड़चन पैदा नहीं होनी चाहिए। यह योगदान या भागीदारी करने की अनुमति भी उन्हें सरकारी कार्यालय अवधि के पूर्व या उसके बाद ही होगी।

## प्रदेश के 12 शहरों की प्यास बुझाने को 1200 करोड़ की पेयजल योजनाएं, पेयजल निगम को मिला ए-ग्रेड

**देहरादून, एजेंसी।**
वर्ल्ड बैंक के पूर्व के प्रोजेक्ट समय से पूरे होने पर पेयजल निगम को ए-ग्रेड मिला। इस आधार पर ही वर्ल्ड बैंक ने 12 शहरों को बजट देने के लिए प्रस्ताव मांगा था।

राज्य के 12 शहरों में पेयजल किल्लत दूर करने के लिए वर्ल्ड बैंक 1200 करोड़ रुपये देगा। पेयजल निगम ने इसका प्रस्ताव भेज दिया है। जल्द ही वर्ल्ड बैंक की टीम इस संबंध में बातचीत करने आएगी। वर्ल्ड बैंक ने पूर्व में हरिद्वार, देहरादून, हल्द्वानी में पैरी अर्बन क्षेत्रों की पेयजल योजनाओं के लिए 1200 करोड़ दिए थे।

सभी जगहों पर समय से काम पूरे हुए। इस आधार पर वर्ल्ड बैंक ने देशभर में उत्तराखंड को ए-ग्रेड से नवाजा। इस ग्रेड के मिलने से वर्ल्ड बैंक 1200 करोड़ रुपये की योजनाएं और उत्तराखंड को देगा, जिस पर सैद्धांतिक सहमति बनने के बाद अब पेयजल निगम ने प्रस्ताव भेज दिया है। इस प्रस्ताव के लिए वर्ल्ड बैंक को मुख्यालय की अनुमति की जरूरत नहीं होगी।

परफॉर्मेंस के आधार पर भारत स्थित कार्यालय से ही यह बजट जारी हो जाएगा। मुख्य अभियंता संजय सिंह ने बताया कि पहले ये शहर भी जायका की योजना के तहत 38 शहरों की पेयजल योजनाओं के लिए प्रस्तावित किए गए थे लेकिन वहां केवल 18 को ही अनुमति मिल पाई है। इसलिए इनमें से 12 को वर्ल्ड बैंक से प्रस्तावित किया गया है।

गैरसैंण में पेयजल की भारी किल्लत है। ग्रीष्मकालीन राजधानी होने के चलते भविष्य में पेयजल की और भी मांग बढ़ेगी। गैरसैंण के लिए रामगंगा पर सिंचाई विभाग बांध बना रहा है। इसी बांध से गैरसैंण के लिए पेयजल निगम भी प्रोजेक्ट बनाएगा। यह प्रोजेक्ट देहरादून की सौंग बांध परियोजना की भांति होगा। इससे गैरसैंण में पेयजल किल्लत दूर हो जाएगी।

# मयूर विहार-3 में मां-बेटे की मौत मामले में भाजपा के एलजी के झूठ की खुली पोल, मांगें माफी- प्रियंका कक्कड़

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




मयूर विहार फेस-3 के एक नाले में डूबने से हुई मां-बेटे की मौत मामले में भाजपा के एलजी के झूठ की पोल खुलने पर आम आदमी पार्टी ने उनसे माफी मांगने और अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की है। ह्यह्यआपह्लह्ल की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि 31 अगस्त को जिस नाले में यह घटना हुई थी, भाजपा उसे पीडब्ल्यूडी का बता रही थी। लेकिन अब हाईकोर्ट में साबित हो गया है कि यह नाला डीडीए का है। इसके बाद भी एलजी साहब ने दोषी अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट ने डीडीए को फटकार भी लगाया और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का आदेश दिया है। वहीं, घटना के बाद जब आप ने विरोध प्रदर्शन और प्रेसवार्ता कर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का दबाव बनाया तो एलजी साहब ने चिट्ठी लिखकर नाला डीडीए का होने से इन्कार कर दिया था। उन्होंने कहा कि एलजी साहब अक्षम, निकम्मे और बेहद झूठी पार्टी के सदस्य हैं। जब वो अपने कार्यक्षेत्र में विफल होते हैं तो आप को जिम्मेदार ठहराते हैं।

आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा कि 31 जुलाई 2024 को मयूर विहार फेस-3 में डीडीए के 15 फीट गहरे नाले में गिरकर एक ढाई साल के बच्चे और उसकी मां की मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही हमारे स्थानीय विधायक कुलदीप कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी बुलवाकर मृत मां-बेटे को नाले से बाहर निकलवाया और पीड़ित परिवार की पूरी मदद की। कुलदीप कुमार ने यह नहीं सोचा कि नाला किसके अधीन है। 1 अगस्त को भी जब डीडीए के अध्यक्ष एलजी साहब ने पीड़ित परिवार के मुआवजे की घोषणा नहीं की और न ही पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इसके बाद सांसद संजय सिंह ने प्रेस वार्ता कर एलजी साहब से पूछा कि जब वे संकट के समय दिल्लीवालों के साथ खड़े नहीं रह सकते, तो उनका इस संवैधानिक पद पर बैठे रहने का क्या हक बनता है, जबकि उनके अधीन डीडीए की लापरवाही से ये घटना हुई है।

प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि इसके बाद भाजपा ने अपने एक ओछे प्रवक्ता को घटनास्थल पर भेजकर यह बताने की कोशिश की कि नाला दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी का है। भाजपा ने अपनी ओछी राजनीति शुरू कर दी, लेकिन न मुआवजे की घोषणा की और न पीड़ित परिवार के साथ ही खड़ी हुई। एलजी की चुप्पी के बाद 2 अगस्त को आप विधायक दिलीप पांडे ने एलजी साहब को चिट्ठी लिखकर डीडीए के लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की, लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया। दो अगस्त को ही आम आदमी पार्टी ने इसी मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया और एलजी साहब से मुआवजे की घोषणा की मांग की। इसके बाद 2 अगस्त की शाम को एलजी कार्यालय ने एक चिट्ठी जारी किया। उस चिट्ठी से पता चलता है कि एलजी साहब केवल आप सरकार के काम रोकने और उसे बदनाम करने का काम करते हैं। उनसे अपना काम नहीं होता और हर काम से पल्ला झाड़ना चाहते हैं। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि चिट्ठी में एलजी साहब ने कहा था कि आम आदमी पार्टी और उसके नेता झूठ बोल रहे हैं, वो नाला डीडीए का नहीं है। क्या इसलिए उन्हें घटना स्थल पर जाने का समय नहीं मिला? एलजी वीके सक्सेना संवैधानिक पद पर बैठकर आप को कोसते रहे, क्योंकि हमने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग उठाई। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि जब ये मामला दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचा तब साफ हुआ कि नाला डीडीए का ही है। हाईकोर्ट ने डीडीए को कड़ी फटकार लगाई और पूछा कि उसने निर्माण स्थल पर कोई बोर्ड या बैरिकेडिंग क्यों नहीं की? प्रियंका कक्कड़ ने आगे कहा कि जब 31 जुलाई को दिल्ली में बारिश का रेड अलर्ट था, तब भी डीडीए के अधिकारियों ने नाले को नहीं ढका था और ना ही निर्माण स्थल पर कोई बोर्ड या बैरिकेडिंग लगाया। ऐसा करके हादसे को टाला जा सकता था। केवल डीडीए की लापरवाही से यह मौतें हुई हैं। बीते गुरुवार को हाईकोर्ट ने डीडीए को पीड़ित परिवार को मुआवजा देने

# दिल्ली की सभी सीटों पर भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी लड़ेगी चुनाव

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जोगिंन्द्र सिंह भदौरिया ने प्रेस वार्ता में कहा कि दिल्ली की सभी 70 सीटों पर उनकी पार्टी चुनाव लड़ेगी। उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया चल रही है और पार्टी के संसदीय दल उम्मीदवारों की सूची बना रहे हैं। हालांकि उन्होंने समान विचार धारा वाली पार्टियों के लिए अपनी पार्टी के दरवाजे खुले रखने से इंकार नहीं किया। दिल्ली देश की राजधानी है और यहां उनकी पार्टी मुस्तैदी से चुनाव लड़ने के लिए रणनीति बना रही है। भदौरिया ने शनिवार को कहा कि जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा में समान विचार धारा वाली पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जा रहा है। दूसरी राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों के कई पदाधिकारी भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी में शामिल हुए हैं। अभी कई अन्य राजनेता उनकी पार्टी में आने की अपनी इच्छा जाहिर की है, जिसपर संसदीय दल विचार कर रही है। लोक सभा चुनाव लड़ चुके शिक्षाविद भदौरिया ने कहा कि अभी जम्मू कश्मीर के उनके दौरे पर वहां के कई राजनेता पार्टी में शामिल हुए और कई नेताओं ने पार्टी में आने की इच्छा जताई। उन्होने कहा कि इसी प्रकार दिल्ली में कई राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के नेता उनके संपर्क में हैं। शुक्रवार को आप के विधायक राजेंद्र पाल गौतम कांग्रेस में शामिल होने पर उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली में सभी 70 विधान सभा क्षेत्रो में उनकी टीम काम कर रही है और यहां भी जम्मू और हरियाणा की तरह समान विचार धारा वाली पार्टियों के साथ चुनाव लड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया सकता। बता दे कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जोगेंद्र सिंह भदौरिया की निगाहें राष्ट्रीय पार्टियों से नाराज नेताओं पर लगी हुई है ! पूर्व में भी भदोरिया के अनेक पार्टियों के वरिष्ठ नेताओ के सीधे संबंध रहे हैं ! इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ ए पी सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र शुक्ला, पार्टी के हरियाणा प्रभारी सतीश जी, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह भदौरिया, राष्ट्रीय सचिव शिवनंदन सिंह, राष्ट्रीय सचिव उमेशानंद महाराज, प्रयाग पीठ प्रदेश सचिव कश्मीर टाली अब्दुल हामिद एवं दिल्ली प्रदेश सचिव अभिलाख सिंह सहित राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य शामिल हुए।

कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद

दूरभाषः .................................... ई0 मेल–

पत्रांक सं0 /न0पं0नवाबगंज/2024–25 दिनांक– 07.09.2024

सार्वजनिक सूचना

नगर पंचायत नवाबगंज के समस्त सम्मानित नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अपने भवनों की मरम्मत या नए भवन निर्माण के दौरान निकलने वाले मलबे (Construction & Demolition Waste) को सार्वजनिक स्थलों पर न फेंके, बल्कि नगर पंचायत नवाबगंज के कन्ट्रोल रूम में दूरभाष नम्बर 8189078016 पर मलबे को उठाने हेतु सूचित करें। आपके भवनों/भू–भाग से निकलने वाले मलबे को उठाने हेतु नगर पंचायत नवाबगंज द्वारा अंकन रू0 1000.00 प्रति चक्कर की दर से यूजर चार्ज लिया जाना निर्धारित किया गया है। यदि किसी भी भवन/भू–स्वामी द्वारा खुले में मलबा फेंका जाता है तो उसका यह कृत्य C&D Waste Management & Handling Rules– 2016 के आदेशों का उल्लंघन है। यदि कोई व्यक्ति ऐसा कृत्य करता है तो उस पर अंकन रू0 5000/– का अर्थदण्ड लगाकर अधिनियम–1916 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित भवन/भू–स्वामी का होगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

स्वच्छ–भारत स्वच्छ उत्तर प्रदेश स्वच्छ नवाबगंज

# दुनिया के इतिहास में पहली बार कोई सरकार रिसर्च इंस्टीट्यूट को मिलने वाले ग्रांट पर टैक्स लगा रही है- डॉ. संदीप पाठक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मोदी सरकार के टैक्स टेररिज्म का दायरा बढ़ते-बढ़ते अब रिसर्च कर रहे छात्रों की स्कॉलरशिप तक पहुंच गया है। मोदी सरकार ने 2017 से रिसर्च इंस्टीट्यूट को मिल रहे ग्रांट्स पर टैक्स लगाने का प्रस्ताव दिया है। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हुए मोदी सरकार से इसे वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया के इतिहास में पहली बार है, जब कोई सरकार रिसर्च ग्रांट पर टैक्स लगा रही है। सरकार ने सभी रिसर्च इंस्टीट्यूट को जीएसटी जमा करने के लिए शो कॉज नोटिस दिया है। सरकार तर्क दे रही है कि रिसर्च एक सर्विस है। इसलिए इसके लिए मिले ग्रांट्स पर जीएसटी लगनी चाहिए, जोकि बहुत ही हास्यास्पद है। क्योंकि अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, साउथ कोरिया, सिंगापुर समेत किसी भी विकसित व विकासशील देश में रिसर्च ग्रांट पर टैक्स नहीं लगता है। समस्त मानव जाति और देश के विकास के लिए होने वाले रिसर्च पर जीएसटी लगाना टैक्स टेररिज्म है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) एवं सांसद डॉ. संदीप पाठक ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा कि कुछ दिन पहले मोदी सरकार ने रिसर्च ग्रांट्स पर टैक्स लगाया है जो उसकी नियत और टैक्स टेररिज्म पॉलिसी का बड़ा भयानक अध्याय है। केंद्र सरकार ने 2017 से देश की रिसर्च संस्थाओं को दिए ग्रांट्स पर जीएसटी लगाने का प्रस्ताव दिया है और सभी संस्थाओं को 2017 से अब तक मिले रिसर्च ग्रांट्स पर जीएसटी जमा करने के लिए शो कॉज नोटिस दिया है। सरकार ने इन संस्थाओं से करीब 220 करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में मांगे हैं। इसमें आईआईटी दिल्ली जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थान भी शामिल हैं।

डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के इतिहास में पहली बार कोई सरकार रिसर्च ग्रांट्स पर जीएसटी लगा रही है। मोदी सरकार का तर्क है कि रिसर्च एक सर्विस है और यह सर्विस उपलब्ध करा रही है। इसलिए ग्रांट्स पर जीएसटी लगनी चाहिए। सरकार का यह तर्क बहुत हास्यास्पद है, क्योंकि कोई भी रिसर्च समस्त मानवजाति के लिए होता है और यह भविष्य में सभी लोगों की सेवा के लिए जरूरी होता है। रिसर्च और आरएनडी देश को आगे बढ़ाता है। इस पर देश का विकास आधारित है और सरकार उसी पर टैक्स लगा रही है। यह पूरी तरह से टैक्स टेररिज्म है। डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी रिसर्च ग्रांट पर जीएसटी लगाने के प्रस्ताव की घोर निंदा करती है। आगामी दिनों में जीएसटी काउंसिल की बैठक होने वाली है। केंद्र सरकार को बिना शर्त के इस फैसले को वापस लेना चाहिए। अगर इसे वापस नहीं लिया जाता है, तो आम आदमी पार्टी हर मंच पर इसके विरोध में आवाज उठाएगी, ताकि सरकार इस पॉलिसी को वापस ले।

डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि रिसर्च के लिए मिलने वाली फंडिंग तो तीन जगह खर्च की जाती है। इससे रिसर्च के बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाती है, संस्थानों में रिसर्च के लिए चीजें खरीदी जाती हैं और रिसर्च से संबंधित जरूरी उपकरण खरीदे जाते हैं। ये सभी चीजें खरीदते वक्त भी संस्थाएं जीएसटी देती हैं। मोदी जी अपने दोस्त अडाणी-अंबानी पर टैक्स लगाने के बजाय रिसर्च के बच्चों को मिलने वाले 20-25 हजार रुपए की स्कॉलरशिप पर टैक्स लगाने जा रहे हैं, जबकि उन्हें रिसर्च पर लगने वाले सारे टैक्स को पूरी तरह हटा देना चाहिए।

लेकिन टैक्स हटाने के बजाय दोगुना टैक्स लगा रहे हैं। डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, साउथ कोरिया, सिंगापुर, कनाडा जैसे किसी भी विकसित या विकासशील देश में रिसर्च पर टैक्स नहीं लगता है। दुनिया के इतिहास में केवल मोदी सरकार आरएनडी पर टैक्स लगाने का परचम लहरा रही है। केंद्र की भाजपा सरकार से हमारा निवेदन है कि वह देश को बर्बाद न करें और इस टैक्स को तुरंत वापस

# मच्छर का लार्वा मिलने पर 16 सौ लोगों को नोटिस




नई दिल्ली। दिल्ली में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने मच्छर जनित बीमारियों को लेकर अभियान तेज कर दिया है। मच्छर का लार्वा मिलने पर अब तक 1679 लोगों को नोटिस भेजे जा चुके हैं। इनमें से 104 लोगों का चालान किया गया है। एनडीएमसी सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि क्षेत्र में ऐसे 15 स्थानों की पहचान की गई है जो मच्छरों के प्रजनन के मामले में हॉटस्पॉट हैं। एनडीएमसी क्षेत्र को चौदह सर्किलों में विभाजित किया गया है, जिनमें विशेष टीमों की तैनाती की गई है। यह मच्छर के लार्वा की जांच और दवाओं के छिड़काव आदि के काम कर रही हैं। अभी तक 15 हजार 735 संस्था या सरकारी भवनों की व पांच लाख से ज्यादा भवनों में मच्छर के लार्वा की जांच की गई है। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 1679 लोगों को नोटिस जारी किए गए और 104 का चालान भी किया गया। मच्छर प्रजनन के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील 15 हॉटस्पॉट जगहों का भी पता लगाया गया है। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी द्वारा बरती गई सावधानी का असर भी देखने को मिला है। पिछले साल की तुलना में परिषद क्षेत्र में डेंगू के मामलों में 94 फीसदी तक की कमी आई है। पिछले साल एक जनवरी से 29 अगस्त तक डेंगू के 131 मामले आए थे। इस साल अब तक सात मरीजों की पुष्टि हुई है। बीते वर्ष मलेरिया का एक मरीज था, जबकि इस साल मलेरिया और चिकनगुनिया का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। इसकी तुलना में नगर निगम क्षेत्र में मलेरिया के 237, डेंगू के 578 और चिकनगुनिया के 30 मामले सामने आए हैं।

कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद

दूरभाषः .................................... ई0 मेल–

पत्रांक सं0 /न0पं0नवाबगंज/2024–25 दिनांक– 07.09.2024

सार्वजनिक सूचना

कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज की ओर से सभी सैप्टिक टैंक खाली करने वाले डी–स्लजिंग ऑपरेटर को सूचित किया जाता है कि:–

1– नगर पंचायत नवाबगंज की सीमा क्षेत्र में कार्य करने हेतु नगर पंचायत नवाबगंज में रू0 2000/– देकर अपना पंजीकरण व रू0 1000/– देकर अपने लाईसेंस का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है।
2– नगर पंचायत नवाबगंज के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले घरो के सैप्टिक टैंक खाली कराने के लिए रू0 1500/– प्रति चक्कर के हिसाब से भुगतान नियत किया जाता है, जिसकी रसीद नगर पंचायत नवाबगंज से प्राप्त की जा सकती है।
3– निकाय क्षेत्रान्तर्गत बिना सुरक्षा उपकरणों के सैप्टिक टैंक की सफाई करना पूर्णतः प्रतिबन्धित है।
4– यदि कोई भी डी–स्लजिंग ऑपरेटर नदी, नाले या किसी तालाब अथवा खुले मैदान में सैप्टिक टैंक द्वारा निकले मल को खाली करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरूद्ध ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम–2016 एवं उ0प्र0 मल एवं गाद प्रबन्धन पॉलिसी–2019 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए रू0 5000/– का जुर्माना वसूला जायेगा।
5– समस्त डी–स्लजिंग ऑपरेटर सैप्टिक टैंक की सफाई से निकले मल/कीचड़ को नगर पंचायत द्वारा निर्धारित स्थान (Co-Treatment Facility, फर्रुखाबाद) पर ही डालना सुनिश्चित करें।

पूर्व में पंजीकृत सभी डी–स्लजिंग ऑपरेटर अपना नवीनीकरण दिनांक 17.09.2024 तक करा सकते हैं एवं अधिक जानकारी हेतु नगर पंचायत नवाबगंज कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा निकाय के दूरभाष नं0 8189078016 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं। इस नम्बर पर सैप्टिक टैंक एवं सीवर लाईन की सफाई के सम्बन्ध में पूछताछ/शिकायत कर सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

स्वच्छ–भारत स्वच्छ उत्तर प्रदेश स्वच्छ नवाबगंज

कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद

दूरभाषः .................................... ई0 मेल–

पत्रांक सं0 /न0पं0नवाबगंज/2024–25 दिनांक– 07.09.2024

सार्वजनिक सूचना

कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज की ओर से जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि:–
1– निकाय क्षेत्रान्तर्गत आने वाले सभी घरों में **केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन** द्वारा निर्धारित मानक (IS-2470 भाग 1 & 2) और डिजाईन के सैप्टिक टैंक बने होने चाहिए।
2– निकाय में प्रत्येक आवास/प्रोपर्टी में बने सैप्टिक टैंक की हर तीन साल में सफाई कराना अनिवार्य है, जिसकी रसीद नगर पंचायत से प्राप्त की जा सकेगी।
3– नगर पंचायत नवाबगंज के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले घरो के सैप्टिक टैंक खाली कराने के लिए रू0 1500/– प्रति चक्कर के हिसाब से भुगतान नियत किया जाता है, जिसकी रसीद नगर पंचायत नवाबगंज से प्राप्त की जा सकती है।
4– प्रत्येक आवास/प्रोपर्टी स्वामी को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उसके आवास/प्रोपर्टी के सैप्टिक टैंक से निकला मलबे/गाद नगर पंचायत द्वारा निर्धारित स्थान (Co-Treatment Facility, फर्रुखाबाद) पर ही निपटान के लिए भेजा गया है।
5– प्रत्येक आवास/प्रोपर्टी स्वामी को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि डी–स्लजिंग,ऑपरेटर द्वारा सैप्टिक टैंक खाली करने का कार्य बिना सुरक्षा उपकरण के न करें।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

स्वच्छ–भारत स्वच्छ उत्तर प्रदेश स्वच्छ नवाबगंज

कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद

दूरभाषः .................................... ई0 मेल–

पत्रांक सं0 /न0पं0नवाबगंज/2024–25 दिनांक– 07.09.2024

सार्वजनिक सूचना

नगर पंचायत नवाबगंज सीमान्तर्गत बल्क में कूड़ा उत्पादन करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं/प्रतिष्ठानों इत्यादि को सूचित किया जाता है कि सॉलिड वेस्ट मैंनेजमेंट नियम– 2016 के अन्तर्गत समस्त बल्क वेस्ट जनरेटर्स 50 किग्रा0 प्रतिदिन या अधिक का उत्पादन करने वाले प्रतिष्ठानों जैसे रेस्टोरेंट, होटल, कॉलेज, मैरिज हॉल, सब्जी मण्डी इत्यादि को अपने परिसर में ही गीले कचरे का निस्तारण करना अनिवार्य है। गीले कचरे से बनने वाली खाद्य का उपयोग लॉन अथवा गार्डन में किया जा सकता है।

सॉलिड वेस्ट मैंनेजमेंट नियम–2016 के अन्तर्गत समस्त बल्क वेस्ट जनरेटर्स से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने परिसर में उत्पादित होने वाले गीले कचरे का निस्तारण अनिवार्य रूप से स्त्रोत पर ही कराना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा की दशा में सॉलिड वेस्ट मैंनेजमेंट नियम–2016 में दिए गये प्राविधानों की अवहेलना करना दण्डनीय माना जाएगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

स्वच्छ–भारत स्वच्छ उत्तर प्रदेश स्वच्छ नवाबगंज

कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद

दूरभाषः .................................... ई0 मेल–

पत्रांक सं0 /न0पं0नवाबगंज/2024–25 दिनांक– 07.09.2024

सार्वजनिक सूचना

कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज की ओर से जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि:–
1– निकाय क्षेत्रान्तर्गत आने वाले सभी घरों में **केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन** द्वारा निर्धारित मानक (IS-2470 भाग 1 & 2) और डिजाईन के सैप्टिक टैंक बने होने चाहिए।
2– निकाय में प्रत्येक आवास/प्रोपर्टी में बने सैप्टिक टैंक की हर तीन साल में सफाई कराना अनिवार्य है, जिसकी रसीद नगर पंचायत से प्राप्त की जा सकेगी।
3– नगर पंचायत नवाबगंज के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले घरो के सैप्टिक टैंक खाली कराने के लिए रू0 1500/– प्रति चक्कर के हिसाब से भुगतान नियत किया जाता है, जिसकी रसीद नगर पंचायत नवाबगंज से प्राप्त की जा सकती है।
4– प्रत्येक आवास/प्रोपर्टी स्वामी को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उसके आवास/प्रोपर्टी के सैप्टिक टैंक से निकला मलबे/गाद नगर पंचायत द्वारा निर्धारित स्थान (Co-Treatment Facility, फर्रुखाबाद) पर ही निपटान के लिए भेजा गया है।
5– प्रत्येक आवास/प्रोपर्टी स्वामी को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि डी–स्लजिंग,ऑपरेटर द्वारा सैप्टिक टैंक खाली करने का कार्य बिना सुरक्षा उपकरण के न करें।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

स्वच्छ–भारत स्वच्छ उत्तर प्रदेश स्वच्छ नवाबगंज

कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद

पत्रांक सं0 /न0पं0नवाबगंज/2024–25 दिनांक–

सेनीटेशन सर्विस लेवल बेंच मार्क

एतद् द्वारा उ0प्र0 शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार निकाय के अन्तर्गत समस्त शौचालयों में उच्च स्तरीय नागरिक हितैषी सेवायें रख–रखाव एवं आवश्यक सुविधा नियमित रूप से कराने हेतु सेनीटेशन सर्विस लेवल बेंच मार्क निर्धारित किये गये हैं।
अतः समस्त शौचालयों में निकाय के नोडल अधिकारी, स्वच्छता प्रभारी एवं केयरटेकरों को निर्देशित किया जाता है कि निम्नानुसार सेनीटेशन सर्विस लेवल बेंच मार्क के अनुसार व्यवस्था करायें, निर्देशों का पालन नहीं किये जाने पर सम्बन्धित केयरटेकरों एवं स्वच्छता प्रभारी/सफाई नायक निम्नानुसार अर्थदण्ड से दण्डित किया जायेगा।

| क्र0सं0 | सेवा का प्रकार | मानक लक्ष्य | अर्थदण्ड की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | शौचालय खुलने का समय | 24 घण्टे | 20/– |
| 2 | जल उपलब्धता | 24 घण्टे | 10/– |
| 3 | शौचालय में प्रकाश एवं हवा दानी | प्रत्येक सीट में प्राकृतिक एवं एल0ई0डी0 लाइट से प्रकाश एवं दानी | 10/– |
| 4 | सैप्टिक टैंक/सीवरेज व्यवस्था | समस्त सीटों हेतु | 20/– |
| 5 | शिकायत निवारण की समय–सीमा | 24 घण्टे | 10/– |
| 6 | शौचालय को ऑनलाइन मैप में खोजने हेतु या समकक्ष प्लेटफार्म में उपलब्धता एवं फीडबैक व्यवस्था | समस्त शौचालयों में | 20/– |
| 7 | दिव्यांग, हितैषी सीट/बच्चों के सीट की उपलब्धता | प्रत्येक शौचालय मेंन्यूनतम 1 सीट | 20/– |
| 8 | सीट, बेसिन, फर्श, दिवार, दरवाजा, आईना आदि की साफ – सफाई | निरन्तर किन्तु 24 घण्टे में न्यूनतम 03 बार | 10/– |
| 9 | साबुन, फिनायल, डस्टबिन, सफाईकर्मी सुरक्षा पहनावा (जैसे ग्लाब्स, जूता, एप्रेन आदि) झाडू आदि की व्यवस्था | स्मुचित सफाई हेतु निरन्तर उपलब्धता | 10/– |
| 10 | सैनेटरी नैफकिन, एयर फ्रेशनर, हैण्डड्रायर | शहर में स्थित कुल 10 प्रतिशत शौचालय में | 10/– |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद

दूरभाषः .................................... ई0 मेल–

पत्रांक सं0 /न0पं0नवाबगंज/2024–25 दिनांक– 07.09.2024

प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रयोग पर रोक हेतु सूचना

सार्वजनिक सूचना

उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा–कचरा (विनियमन) अधिनियम, 2000 की धारा 6(क), 7, 12 व 13 (क) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के क्रम जारी नगर विकास अनुभाग–7 के शासनादेश दिनांक 15 जुलाई 2018 द्वारा 50 माइक्रोन से कम घनत्व के निस्तारण योग्य प्लास्टिक कैरी बैगो और 120 अथवा उससे अधिक माइक्रोन के घनत्व के निस्तारण योग्य प्लास्टिक कैरी बैगो, जिनके विनिर्माता का नाम व पंजीकरण संख्या न हो, प्लास्टिक व थर्माकोल से निर्मित एक बार उपयोग के पश्चात निस्तारण योग्य गिलास, प्लेटों, चम्मचों, टंबलरों के उपयोग, विनिर्माण, विक्रय, वितरण, भंडारण, परिवहन, आयात व निर्यात को प्रतिबंधित किया जा चुका है।
उपरोक्त वर्णित किसी भी सामग्री का उपयोग, विवरण, भंडारण, परिवहन, आयात या निर्यात करते हुए पाये जाने पर रू0 1000/– से रू0 25000/– तक जुर्माना भी वसूला जायेगा। अतः पर्यावरण हित में प्रतिबन्धित प्लास्टिक/पॉलीथीन का प्रयोग न करें एवं अपने नगर को स्वच्छ व सुन्दर रखने में सहयोग प्रदान करें। प्लास्टिक कैंसर को जन्म देता है इसका प्रयोग स्वास्थ्य एवं प्यार्वरण के लिए अत्यधिक हानिकारक है।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

स्वच्छ–भारत स्वच्छ उत्तर प्रदेश स्वच्छ नवाबगंज

कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद

पत्रांक सं0 /न0पं0नवाबगंज/2024–25 दिनांक–

सेनीटेशन सर्विस लेवल बेंच मार्क

एतद् द्वारा उ0प्र0 शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार निकाय के अन्तर्गत समस्त शौचालयों में उच्च स्तरीय नागरिक हितैषी सेवायें रख–रखाव एवं आवश्यक सुविधा नियमित रूप से कराने हेतु सेनीटेशन सर्विस लेवल बेंच मार्क निर्धारित किये गये हैं।
अतः समस्त शौचालयों में निकाय के नोडल अधिकारी, स्वच्छता प्रभारी एवं केयरटेकरों को निर्देशित किया जाता है कि निम्नानुसार सेनीटेशन सर्विस लेवल बेंच मार्क के अनुसार व्यवस्था करायें, निर्देशों का पालन नहीं किये जाने पर सम्बन्धित केयरटेकरों एवं स्वच्छता प्रभारी/सफाई नायक निम्नानुसार अर्थदण्ड से दण्डित किया जायेगा।

| क्र0सं0 | सेवा का प्रकार | मानक लक्ष्य | अर्थदण्ड की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | शौचालय खुलने का समय | 24 घण्टे | 20/– |
| 2 | जल उपलब्धता | 24 घण्टे | 10/– |
| 3 | शौचालय में प्रकाश एवं हवा दानी | प्रत्येक सीट में प्राकृतिक एवं एल0ई0डी0 लाइट से प्रकाश एवं दानी | 10/– |
| 4 | सैप्टिक टैंक/सीवरेज व्यवस्था | समस्त सीटों हेतु | 20/– |
| 5 | शिकायत निवारण की समय–सीमा | 24 घण्टे | 10/– |
| 6 | शौचालय को ऑनलाइन मैप में खोजने हेतु या समकक्ष प्लेटफार्म में उपलब्धता एवं फीडबैक व्यवस्था | समस्त शौचालयों में | 20/– |
| 7 | दिव्यांग, हितैषी सीट/बच्चों के सीट की उपलब्धता | प्रत्येक शौचालय मेंन्यूनतम 1 सीट | 20/– |
| 8 | सीट, बेसिन, फर्श, दिवार, दरवाजा, आईना आदि की साफ – सफाई | निरन्तर किन्तु 24 घण्टे में न्यूनतम 03 बार | 10/– |
| 9 | साबुन, फिनायल, डस्टबिन, सफाईकर्मी सुरक्षा पहनावा (जैसे ग्लाब्स, जूता, एप्रेन आदि) झाडू आदि की व्यवस्था | स्मुचित सफाई हेतु निरन्तर उपलब्धता | 10/– |
| 10 | सैनेटरी नैफकिन, एयर फ्रेशनर, हैण्डड्रायर | शहर में स्थित कुल 10 प्रतिशत शौचालय में | 10/– |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष नगर पंचायत नवाबगंज जनपद–फर्रुखाबाद।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 08 सितम्बर, 2024

## सुनीता केजरीवाल ने हरियाणा में वुमन टाउन हॉल कर कहा, केजरीवाल की पांच गारंटियां महिलाओं को बनाएंगी सशक्त

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को हरियाणा की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई मंत्र दिए। भिवानी में आयोजित वुमन टाउन हॉल कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल द्वारा दी गई पांच गारंटियां हर महिला को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। हमारी सरकार बनने के बाद अरविंद केजरीवाल द्वारा दी गई मुफ्त व 24 घंटे बिजली, मोहल्ला क्लीनिक, शानदार सरकारी अस्पताल-स्कूल, महिलाओं को हजार रुपए महीना और हर युवा को नौकरी देने की गारंटी पूरी होगी। फिर दिल्ली की तरह हरियाणा में भी मुफ्त बिजली, अच्छी शिक्षा व चिकित्सा मिलने से प्रत्येक महीने हर परिवार की हजारों रुपए की बचत होगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम रही है, जबकि भाजपा महिलाओं को रोजगार देने से लेकर सुरक्षा तक हर मोर्चे पर विफल रही है। भाजपा को जनता के काम से कोई मतलब नहीं है। इसलिए इस बार नया हरियाणा बनाने के लिए अरविंद केजरीवाल को मौका दें।

हरियाणा के भिवानी में वुमन टाउन हॉल कार्यक्रम के दौरान सुनीता केजरीवाल के साथ आम आदमी पार्टी हरियाणा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा, प्रदेश उपाध्यक्ष इंदु शर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष रजनीश जैन, गीता श्योराण, ऊषा रानी, सरोज जांगड़ा, रोशनी देवी, अंजु टाक, ज्योति सैनी और अनीता देवी मुख्य तौर पर मौजूद रहे। इस दौरान महिलाओं ने सुनीता केजरीवाल के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और सुझाव भी दिए। महिलाओं ने कहा कि बिजली व पानी की समस्या और गैस सिलेंडर का महंगा होना उनको सबसे ज्यादा प्रभावित करता है। महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण सबसे जरूरी है। इसके लिए क्या किया जा सकता है? इसके अलावा महिलाओं ने शिक्षा, रोजगार के बेहतर अवसर, खेलकुद, पुलिस और डिफेंस सर्विसेज में में महिलाओं की बराबर भागीदारी, आशा और आंगनबाड़ी वर्कर्स के मुद्दे पर भी बात कीं और सुनीता केजरीवाल ने उनके हर मुद्दे का बेबाकी से जवाब दिया।

सुनीता केजरीवाल ने कहा कि इतनी संख्या में माताओं बहनों को देखकर मुझे बहुत शक्ति मिल रही है। बीजेपी सरकार को हरियाणा में 10 साल हो गए, लेकिन न बच्चों की शिक्षा में सुधार हुआ और न सरकारी स्कूल अच्छे बने, न सरकारी अस्पताल बने, जहां अच्छा इलाज होता हो और दवाइयां मुफ्त मिलती हों, न 24 घंटे व मुफ्त बिजली मिली। वहीं, दिल्ली और पंजाब में ये सभी काम हो रहे हैं। क्योंकि दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। वहां पर बच्चों का भविष्य अच्छा बन रहा है, जगह-जगह मोहल्ला क्लीनिक बन रहे हैं। इसके अलावा, महिलाएं बसों में मुफ्त यात्रा कर रही हैं। बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा का इंतजाम किया गया है। अब 18 साल से ऊपर की हर महिला को एक-एक हजार रुपए देने की योजना है। इन योजनाओं से हर महीने प्रत्येक परिवार की तीन से चार हजार रुपए की बचत हो रही है।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल, हरियाणा के लाल हैं। उनके इन्हीं कामों की वजह से हरियाणा का नाम रौशन हो रहा है। अरविंद केजरीवाल का जन्म तो सिवानी गांव में हुआ था, लेकिन उनकी पढ़ाई- लिखाई और परवरिश हिसार में हुई। उन्होंने कहा कि कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था कि 20 साल बाद यह लड़का दिल्ली का मुख्यमंत्री बन जाएगा। ये कोई मामूली बात नहीं है। उनका जन्म 16 अगस्त 1968 को हुआ था। उस दिन कृष्ण जन्माष्टमी थी। यह भी कोई मामूली इत्तेफाक नहीं है।

उन्होंने कहा कि भगवान आपके बेटे से कुछ बड़ा करवाना चाहते हैं। अरविंद केजरीवाल ने जीरो से शुरू किया और अपनी खुद की पार्टी बनाई। अरविंद केजरीवाल ने पहली बार चुनाव लड़ा और वे दिल्ली के मुख्यमंत्री बन गए। उन्होंने देश की राजनीति में भूचाल लाने का काम किया। ऐसे-ऐसे काम किए, जो कोई भी पार्टी नहीं कर पाई। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब के सरकारी स्कूल अच्छे कर दिए। शानदार मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल कर दिए, जहां मुफ्त और अच्छा इलाज होता है। उन्होंने बिजली फ्री कर दी। उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी ने जनता के लिए ये काम नहीं किए हैं। हरियाणा के लोग बताएं कि क्या कोई ऐसी पार्टी है, जिसने स्कूल अच्छे किए हों, मोहल्ला क्लीनिक बनाए हों या सरकारी अस्पताल अच्छे किए हों, किसी ने बिजली फ्री की हो? ऐसे काम केवल हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल ही कर सकते हैं। इसलिए मोदी जी अरविंद केजरीवाल से जलते हैं और उनको फर्जी केस में जेल में डाल दिया है। ये लोग कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल चोर है। मैं कहती हूं कि अगर अरविंद केजरीवाल चोर हैं तो इस दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी को केवल सत्ता में बने रहना है। बीजेपी को केवल पार्टियां तोड़नी आती हैं, विपक्ष के नेताओं को जेल में डालना आता है। बीजेपी को समाज के काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मोदी जी ने अरविंद केजरीवाल को नहीं हरियाणा के बेटे को जेल में डाला है। मोदी जी ने हरियाणा के लोगों को ललकारा है। मैं हरियाणा की बहू आपसे पूछती हूं कि क्या हरियाणा की जनता अपने बेटे का अपमान चुपचाप सहन करेगी? केजरीवाल शेर हैं और वो मोदी जी के सामने झुकेंगे नहीं।

उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर को विधानसभा चुनाव हैं।

## जेल में कैदियों की मौत पर अब परिजनों को मिलेंगे 7.5 लाख रुपये! बस पांच शर्तें करनी होंगी पूरी

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

दिल्ली सरकार दिल्ली की जेलों में अस्वाभाविक कारणों से मरने वाले कैदियों के परिजनों या कानूनी उत्तराधिकारियों को 7.5 लाख रुपये का मुआवजा देगी। दिल्ली सरकार ने इस संबंध में फाइल को स्वीकृति देकर उसे उपराज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेज दिया है।

**दोषी जेल अधिकारियों के वेतन से कटेगा मुआवजा**

एलजी (छ्त्र्श्ड र्ं७रील्ल) के पास भेजे गए इस प्रस्ताव के तहत जिस तरह की होने वाली मौत के तहत मुआवजा मिलेगा, उसमें हिरासत में मौत, कैदियों के बीच झगड़े में मौत, जेल कर्मचारियों द्वारा पिटाई से तथा यातना से, जेल अधिकारियों द्वारा लापरवाही से या चिकित्सा व पैरामेडिकल अधिकारियों द्वारा लापरवाही से मौत के मामले शामिल होंगे। नीति में दोषी जेल अधिकारियों के वेतन से मुआवजे की राशि की वसूली का भी प्रविधान है।




दिल्ली के गृह मंत्री कैलाश गहलोत ने इस प्रस्ताव के बारे में कहा है कि यह पहल जेल प्रणाली के भीतर न्याय और जवाबदेही सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि जेल में अस्वाभाविक परिस्थितियों में मृत्यु होने पर कैदियों के परिवारों को मुआवजा प्रदान करना मानवाधिकारों के स्तंभों को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

**इस कदम से हमारी जेलों में सुधार होगा-कैलाश गहलोत**

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को विश्वास है कि इस कदम से हमारी जेलों में सुधार होगा और किसी भी तरह की लापरवाही में कमी आएगी। एक बार मंजूरी मिलने के बाद नीति अधिसूचना की तारीख से प्रभावी होगी। प्रस्ताव के अनुसार इस सिलसिले में संबंधित जेल अधीक्षक को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट के साथ साथ सभी जरूरी कार्रवाई शामिल होगी।यह रिपोर्ट सूचना हेतु राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को प्रस्तुत करने के लिए जेल महानिदेशक दिल्ली को भेजी जाएगी। जेल महानिदेशक की अध्यक्षता में एक समिति होगी, जिसमें दिल्ली जेल के अतिरिक्त महानिरीक्षक, रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर, डीसीए, और लॉ ऑफिसर होंगे। समिति रिपोर्ट की समीक्षा करेगी और नियमों के अनुसार मुआवजा जारी करने पर निर्णय लेगी। समिति की जांच में यदि हिरासत में मौत में किसी जेल कर्मचारी की सीधी संलिप्तता पाई जाती है, तो उस बारे में भी कार्रवाई के लिए फैसला लेगी।

## वजीराबाद इलाके में संदिग्ध अवस्था में महिला का मिला शव

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**



उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद इलाके में एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में घर में मिला। सुबह बच्चों के रोने को आवाज सुनकर पड़ोसियों ने घर का गेट खोला तो महिला का शव कमरे में पड़ा हुआ था और उसकी एक ढाई वर्ष की और दूसरी साढ़े चार वर्ष की बेटियां बगल में बैठे रो रही थीं, जबकि उसका पति फरार था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सब्जी मंडी की मोर्चरी में भेज दिया है और रिपोर्ट दर्ज कर फरार पति की तलाश में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, बृहस्पतिवार सुबह वजीराबाद थाना पुलिस को गली नंबर 14 के एक घर में महिला का शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक महिला की पहचान पारुल तिवारी के रूप में हुई। पुलिस ने उसके पति वेद प्रकाश से संपर्क करने का प्रयास किया तो वह फरार निकला। पुलिस को शक है कि पति ने गला घोंट कर पत्नी की हत्या की है। मृतक महिला नजफगढ़ की रहने वाली थी। दंपती ने अपनी पसंद से छह साल पहले शादी की थी। परिवारवालों के न अपनाने के कारण वह किराए के घर में ही रहते थे और इसी महीने एक सितंबर को अपने पति और दो बेटियों के साथ किराए के घर में रहने आए थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल रिपोर्ट दर्ज कर पति की तलाश की जा रही है।

## दिल्ली से बिहार के लिए 22 सितंबर तक चलेगी स्पेशल ट्रेन, कई स्टेशनों पर होगा ठहराव

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

पूर्व दिशा के ट्रेनों में भीड़ कम नहीं हो रही है। मानसून के मौसम में भी अधिकांश ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मिलने में परेशनी हो रही है। यात्रियों की परेशानी को दूर करने के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही है। मुजफ्फरपुर के लिए भी आनंद विहार टर्मिनल से 05284/05283 नंबर की विशेष ट्रेन चल रही है।

जरूरत के अनुसार विशेष ट्रेन चलाने का फैसला

इसका परिचालन आठ सितंबर तक निर्धारित था। अब इसे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। भीड़ वाले सभी रूट की समीक्षा की जा रही है। जरूरत के अनुसार विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया जा रहा है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस रूट पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखकर विशेष ट्रेन के परिचालन को 22 सितंबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। प्रतिदिन चलने वाली यह ट्रेन आनंद विहार टर्मिनल से सुबह सात बजे चलती है। इन स्टेशनों पर होगा इसका ठहराव अगले दिन तड़के 4.50 बजे यह मुजफ्फरपुर पहुंचती है। वापसी में मुजफ्फरपुर से सुबह साढ़े छह बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह पांच बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचती है। रास्ते में इसका ठहराव मुरादाबाद, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतीहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी, मोतीपुर रेलवे स्टेशन पर होगा।




## प्रसिद्ध गायिका दीपा जोशी के नए गीत मान जाओ ना की हुई शानदार लॉन्चिंग

### युवा पीढ़ी में इस गाने ने मचाया तहलका




**प्रातः किरण संवाददाता, नादिर त्यागी**

दिल्ली/ स्योहारा। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर संगीत की दुनिया की प्रतिभाशाली जानी मानी प्रसिद्ध गायिका दीपा जोशी का दिल और दिमाग को तरो ताजा कर देने वाला नये गीत ह्यमान जाओ नाह्न को बहुत ही उत्साहपूर्वक रिलीज किया गया। यह गीत कल्कि (ट्रेडमार्क) और पर्पल म्यूजिक इंडिया के संयुक्त बैनर तले प्रस्तुत किया गया है। गीत के बोल जाने-माने बॉलीवुड गीतकार श्री अशोक हमराही ने लिखे हैं और इसका अद्वितीय और लाजवाब संगीत प्रसिद्ध संगीत निर्देशक और कंपोजर श्री विवेक प्रकाश ने तैयार किया है।इस गीत को बॉलीवुड के जाने माने प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता, लेखक एवं पटकथा लेखक श्री अमरीश शाह द्वारा फिल्माया गया है ह्यडॉन 2ह्न जैसी ब्लॉकबस्टर सुपर हिट फिल्म की कहानी अमरीश शाह के द्वारा ही लिखी गई थी जिसमें शाहरुख खान और प्रियंका चोपड़ा ने अभिनय किया था। एक बेहतरीन अदाकारी के साथ इस म्यूजिक वीडियो में मुख्य कलाकार अमरीश शाह, शंभवी श्रेयाशी हैं। ह्यमान जाओ ना गीत श्री गणेश उत्सव के दौरान युवा और नारी शक्ति का जश्न मनाते हुए दिवंगत सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर को सच्ची श्रद्धांजलि के साथ समर्पित किया गया है। कल्कि और पर्पल म्यूजिक इंडिया के संयुक्त प्रयास से यह गीत संगीत प्रेमियों के लिए एक भावपूर्ण भेंट है जो लता मंगेशकर की अमर धरोहर और युवा सशक्तिकरण के भावों को समाहित करता है। गीत ह्यमान जाओ नाह्न को प्रसिद्ध गायिका दीपा जोशी के द्वारा बेहतरीन अदाकारी के साथ दी गई सुरीली आवाज और कलाकार अमरीश शाह तथा शंभवि श्रेयाशी के द्वारा दिल को लुभा लेने वाले किये गये अभिनय की म्यूजिकल वीडियो को देखने के बाद संगीत प्रेमियों और युवा पीढ़ी में ये गाना तहलका मचा रहा है। इस गाने को बहुत पसंद किया जा रहा है।यह गीत यूट्यूब और सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।आपको बताते चले की दिल्ली में रहने वाली प्रसिद्ध गायिका दीपा जोशी का ताल्लुक देश की रक्षा करने वाले परिवार से है। वह हिंदी और उत्तराखण्डी कुंमाउनी भाषाओं में भी गाने गाती है उनके अब तक 7 गाने टी--सीरीज और रेड रिबन के बैनर तले रिलीज हो चुके हैं।उन्होंने पर्पल म्यूजिक इंडिया नाम से अपना खुद का चैनल की स्थापना की है जिसमे कवर सॉन्ग रिलीज किये गये है।

## दिल्ली के कनॉट प्लेस में कार से टक्कर, घसीटे जाने की घटना में व्यक्ति की मौत

नई दिल्ली। कनॉट प्लेस में कार से कथित तौर पर टक्कर मारे जाने और करीब 10 मीटर तक घसीटे जाने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को घटना के बाद कार चालक मौके से भाग गया था, जिसे अगले दिन गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि कार की चपेट में आने के बाद लेखराज (45) को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लेखराज फुटपाथ पर जीवन-यापन करते थे।पुलिस अधिकारी के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज की मदद से 28 वर्षीय चालक शिवम दुबे का पता लगाया गया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के मूल निवासी दुबे ने बुधवार को दक्षिण दिल्ली के महिपालपुर में रहने वाले अपने एक दोस्त से कार ली थी और वह किसी से मिलने के लिए कनॉट प्लेस गया था। अपराह्न करीब 3.25 बजे लौटते समय दुबे ने कार से लेखराज को कथित तौर पर टक्कर मार दी, जो कनॉट प्लेस के आउटर सर्कल में बाराखंभा की तरफ रोड के पास सड़क पार कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि लेखराज कार के पहियों के नीचे फंस गए, लेकिन दुबे कथित तौर पर गाड़ी चलाता रहा। करीब 10 मीटर तक घसीटे जाने के बाद लेखराज को सड़क पर छोड़कर दुबे मौके से फरार हो गया। अधिकारी ने बताया कि लेखराज को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कनॉट प्लेस इलाके से भागने के बाद दुबे ने कार वापस अपने दोस्त को सौंप दी। सीसीटीवी की जांच की गई और कार के मालिक की पहचान की गई। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद दुबे को गिरफ्तार कर लिया गया और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

## आईपी यूनिवर्सिटी के बीएससी-एमएससी डूअल डिग्री प्रोग्राम की ऑफलाइन काउंसलिंग 11 सितंबर को

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**




गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के बीएससी-एमएससी डूअल डिग्री प्रोग्राम की ऑफलाइन काउंसलिंग 11 सितंबर को द्वारका कैम्पस में आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग के दिन ही दस्तावेज सत्यापन के बाद रैंक के अनुसार सीटों का आवंटन भी कर दिया जाएगा। इस प्रोग्राम की काउंसलिंग में वो उम्मीदवार भाग ले सकते हैं जिन्होंने इस प्रोग्राम से संबद्ध सीयूईटी यूजी 2024 परीक्षा उत्तीर्ण की है और ऑनलाइन आवेदन किया है।

काउंसलिंग के लिए आवेदक को यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के पक्ष में निर्गत 1,01,500 रुपये का बैंक ड्राफ़्ट, सीईटी एडमिट कार्ड, रैंक कार्ड और चार पासपोर्ट आकर के फोटो लाना आवश्यक है। जिन्होंने इस प्रोग्राम की काउंसलिंग के लिए आवेदन नहीं किया है वे यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फॉर्म के जरिए 10 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। यह चार-वर्षीय प्रोग्राम यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज में उपलब्ध हैं जिसमें कुल 180 सीटें उपलब्ध हैं। फि ज़िक्स, केमिस्ट्री और मैथ में 60-60 सीटें उपलब्ध हैं। इस प्रोग्राम के महत्व को रेखांकित करते हुए यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ बेसिक एंड अप्लाइड साइन्स के डीन प्रो. अनिंदया दत्ता ने बताया कि बुनियादी विज्ञान के आधार पर ही तकनीकी उन्नति संभव है। जाहिर है कि इस फील्ड में अवसर हमेशा बने रहेंगे।

## नरेला में बनेगी चौथी जेल 2000 कैदियों की होगी क्षमता

नई दिल्ली। नरेला में अब हाई सिक्योरिटी जेल के साथ एक केंद्रीय जेल भी बनाया जाएगा। हाई सिक्योरिटी जेल में जहां 250 कैदी रहेंगे, वहीं नए केंद्रीय जेल में दो हजार कैदियों को रखने की जगह होगी। करीब दो वर्ष के भीतर इस जेल के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। नए केंद्रीय जेल के निर्माण के लिए बजट का प्रावधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। तिहाड़, रोहिणी और मंडोली के बाद नरेला में दिल्ली के चौथे जेल परिसर के निर्माण की मूल योजना के तहत यहां हाई सिक्योरिटी जेल का निर्माण होना था। इस जेल में उन खूंखार अपराधियों या कैदियों को रखा जाना है, जो गंभीर अपराधों में शामिल रहे हैं या सजायाफ्ता हैं या फिर जिनकी सुरक्षा काफी संवेदनशील होती है। हाई सिक्योरिटी जेल की क्षमता 250 कैदियों की है। जेल प्रशासन के अनुसार नरेला में जेल निर्माण के लिए जितनी जगह मिली, वह इतनी है कि हाई सिक्योरिटी जेल के निर्माण के बाद भी काफी जगह खाली बच रही है। इस खाली जगह का इस्तेमाल करते हुए अब यहां एक केंद्रीय जेल के निर्माण की योजना तैयार की गई है। इस योजना को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी मिल चुकी है। सबकुछ सही रहा तो हाई सिक्योरिटी जेल के निर्माण के साथ ही यहां नया केंद्रीय जेल भी बनना शुरू हो जाएगा।

## कनॉट प्लेस में न्यू झारखंड भवन का उद्घाटन

नई दिल्ली। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में न्यू झारखंड भवन का उद्घाटन किया। बंगला साहिब रोड स्थित नए भवन का निर्माण झारखंड सरकार के भवन निर्माण विभाग द्वारा किया गया है। विदित हो कि पहले से झारखंड सरकार का भवन दिल्ली के बसंत विहार में स्थित है। कनॉट प्लेस केंद्र होने के कारण इसे ज्यादा लोकप्रिय माना जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह भवन बहुत दिनों से प्रतीक्षारत था। आज इसका उद्घाटन हमारे लिए गौरवान्वित होने की बात है। नए भवन में अत्याधुनिक वाली जिम, डाइनिंग हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल और पार्किंग की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग और एनर्जी एफिशिएंसी का भी पूरा ध्यान रखा गया है। कनॉट प्लेस में भवन होने से रेलवे, बस स्टॉप, मेट्रो, हॉस्पिटल आदि से नजदीकी इसे और भी प्रभावशाली बनाती है। इसके शुरू होने से झारखण्ड के निवासियों के लिए आसानी रहेगी। इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरावं, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री रामदास सोरेन, मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपक बिरवा, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक उमाशंकर अकेला, कालीचरण मुंडा सांसद लोकसभा, मुख्यमंत्री के वरीय सचिव सुनील श्रीवास्तव, मुख्य मंत्री के सलाहकार विमल घोष, झारखंड सरकार के प्रधान सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो, झारखंड सरकार के प्रधान सचिव सुनील कुमार, मुख्य प्रशासिक पदाधिकारी झारखंड भवन शहंशाह अली खान आदि

## गणपति बप्पा सांस्कृतिक उत्सव एवं बॉलीवुड म्यूजिकल नाइट फ्रेश बिट्स 2024 का आयोजन

**प्रातः किरण संवाददाता**




अमरोहा।श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान में गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर गणपति बप्पा संस्कृतिक उत्सव एवं बॉलीवुड म्यूजिकल नाइट फ्रेश बीट 2024 का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें बॉलीवुड से आए सोनी म्यूजिक के मशहूर सिंगर मनोज वर्मा एवं इंडियन आइडल सीजन 5 की फाइनलिस्ट जबरदस्त सिंगर शायरा खान ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां देकर शाम को यादगार बना दिया।इसी के साथ इंडिया गॉट टैलेंट के विजेता बेंगलुरु के मशहूर डांस समूह ह्लअर्थक्वेकह्व ने गणपति जी के भजनों एवं भक्ति गीतों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुतियां देकर सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद खेल परिसर में आयोजित विशाल पंडाल में गणपति बप्पा संस्कृति उत्सव एवं बॉलीवुड म्यूजिकल नाइट्स फ्रेश बिट्स 2024 का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी, कुलपति प्रोफेसर (डॉ) कृष्णकांत दबे, सीईओ अजय श्रीवास्तव कुलसचिव पीयूष पांडे आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा एवं गणेश जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया।इसके बाद बॉलीवुड के मशहूर डांस ग्रुप अर्थक्वेक ने घर में पधारो गजानंद जी म्हारे घर में पधारो, एवं गणपति जी गणेश नु मनाइए सारे काम आप होवेगे, ज्वाला सी जलती है,एवं ओम गन गणपतए नमो नमः जैसे शानदार भक्ति गीतों पर एक से बढ़कर एक जबरदस्त प्रस्तुतियां देकर पंडाल में उपस्थित सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। गणपति उत्सव के बाद आयोजित बॉलीवुड नाइट फ्रेश बीट 2024 में सोनी एवं टी सीरीज के मशहूर सिंगर मनोज वर्मा ने किशोर कुमार के एक से बढ़कर एक नगमो तेरे जैसा यार कहां, ओ हंसिनी मेरी हंसिनीह्व, परदेसिया यह सच है पिया सब कहते हैं तूने मेरा दिल ले लिया, तुझ संग प्रीत लगाई सजना, तुमसे बढ़कर दुनिया में ना देखा कोई और जुबा पर आज दिल की बात आ गई, जैसे शानदार दो दर्जन से अधिक गीतों पर प्रस्तुतियां देकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को पंडाल के सामने आगे लाकर डांस करने के लिए मजबूर किया कर दिया। इसके साथ-साथ ही इंडियन आईडल सीजन 5 की फाइनललिस्ट मशहूर बॉलीवुड सिंगर सारा खान ने स्टेज पर आते ही ह्लसावन में लग गई आग, मैं तो तेरी तो मैं तो तेरी हो गई सजन मेरे सतरंगिया, दिल करे मैं तो भांगरे विच तेरे नाल नाचना, जैसे एक से एक बढ़कर शानदार बॉलीवुड गीतों पर अपनी प्रस्तुतियां देखकर समा बांध दिया।इस अवसर पर डीन एकेडमीक डॉ संजीव भट्ट, डॉ राजेश सिंह, अरुण गोस्वामी, एसएस बघेल, मेरठ परिसर से डॉ प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा समेत हजारों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन/ एंकरिंग मशहूर बॉलीवुड एंकर एवं एक्टर मायरा गुप्ता ने की।

## आस्था के सागर में डूबे भक्त, गणपति की पूजा शुरू

**प्रातः किरण संवाददाता**



गणेश चतुर्थी के अवसर पर शनिवार को श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भगवान गणेश की ईको फ्रेंडली प्रतिमा स्थापित की। श्रद्धालु भक्ति गीत और बैंड-बाजे के साथ गणपति बप्पा को लेकर घर पहुंचे। वहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया की गूंज सुनाई दे रही थी। स्थापना से पहले शोभायात्रा निकाली राजधानी में गणेश उत्सव को लेकर अलग-अलग जगहों पर पंडाल बनाए गए हैं। लाल बाग के राजा से लेकर दिल्ली के महाराजा का दरबार सजाया गया है। पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना से पहले शोभायात्रा निकाली गई। पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कलाकारों की प्रस्तुति से श्रद्धालु भगवान गणेश की भक्ति में सराबोर दिखे। विधि-विधान से पूजा-अर्चना हुई : मंदिरों में भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। शाहदरा के वेस्ट गोरख पार्क स्थित शिव मंदिर में स्वामी दिनेशाचार्य और पुजारी ओम प्रकाश ने विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की। प्रियदर्शनी विहार स्थित बैंक एन्क्लेव के डीडीए क्रिकेट स्टेडियम में पांच दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन करने वाले श्री गणेश सेवा मंडल के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र लड्डा ने बताया कि भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना से पहले शोभायात्रा निकाली गई। मोटे अनाज से बने मोदक का भोग लगाया : इस बार पंडाल को विकसित भारत 2047 की थीम पर सजाया गया है। भगवान को मोटे अनाज (मिलेट) से बने मोदक का भोग लगाया गया है। 11 सितंबर को विसर्जन होगा। बुराड़ी स्थित डीडीए ग्राउंड में गणेश उत्सव का आयोजन करने वाले लाल बाग का राजा ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन राकेश बिंदल ने बताया कि भगवान गणेश की 18 फीट लंबी प्रतिमा स्थापित की गई है।

## उत्तर प्रदेश से दिल्ली आकर करते थे चोरी, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। वसंत कुंज नॉर्थ थाना पुलिस ने पांच सितंबर को उत्तर प्रदेश के कासगंज से दिल्ली आकर चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी का सामान बेचने के बाद महंगे जूते, कपड़े, घड़ियां और कसीनो में महिला मित्र के साथ ऑनलाइन जुआ खेलते थे। आरोपियों विवेक कुमार गुप्ता और विख्यात शर्मा के पास से 95 ग्राम सोना, एक किलोग्राम चांदी, कई घड़ियां और बुलेट बरामद हुई है। पुलिस इनके तीसरे साथी शिवम की तलाश कर रही है। पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 26 अगस्त को वसंत कुंज नॉर्थ इलाके में चोरी की शिकायत मिली थी। एसएचओ राजीव मलिक की टीम ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और दो आरोपियों की पहचान की। पहचान के बाद पुलिस ने आरोपी विवेक को उत्तर प्रदेश से और विख्यात शर्मा को दिल्ली से गिरफ्तार किया। पूछताछ में अरोपियों ने बताया कि महंगे शौक को पूरा करने के लिए वह सेंधमारी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बाइक पर रील बनाते थे। इसके बाद चोरी के सामान बेचकर क्लब में जाकर ऑनलाइन जुआ खेलते थे। इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने दिल्ली और यूपी के नौ मामलों का खुलासा करने का दावा किया है।

## चेक बाउंस होने पर तीन माह की कैद और जुमार्ना

नई दिल्ली। पटियाला हाउस कोर्ट ने वकील की फीस के लिए दिया चेक बाउंस होने पर मुवक्किल को तीन माह की सजा सुनाई है। अदालत ने मनोज सिंह को तीन माह की जेल और भुगतान न करने पर 10.9 लाख रुपये का जुमार्ना भरने का आदेश दिया है। शिकायतकर्ता अधिवक्ता राहुल त्रिवेदी ने अदालत को बताया कि मनोज सिंह न केवल अपनी कानूनी फीस का भुगतान करने में विफल रहे, बल्कि 7.7 लाख रुपये की राशि भी वापस नहीं की, जो वकील ने खुद सिंह के मामले में सर्वोच्च न्यायालय में बहस करने के लिए नियुक्त वरिष्ठ अधिवक्ता को दी थी। दिल्ली के पटियाला हाउस न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुराग छाबड़ा ने पाया कि मनोज सिंह यह साबित करने के लिए कोई दलील नहीं दे सके कि उन्होंने फीस क्यों नहीं दी। 21 अगस्त को सजा सुनाते हुए न्यायालय ने कहा कि मनोज सिंह नियमित रूप से मामले में उपस्थित नहीं होते, जिसके परिणामस्वरूप उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए हैं। अदालत ने आदेश दिया कि वर्तमान मामले के सभी तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए, दोषी को तीन महीने की अवधि के लिए साधारण कारावास की सजा सुनाई जाती है और साथ में आदेश की घोषणा से 60 दिन के भीतर शिकायतकर्ता को 10.9 लाख रुपये का जुमार्ना अदा करने का निर्देश दिया

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालय में समरसेबुल सहित अन्य सामग्री की हुई चोरी

जमुई [ झाझा ] अज्ञात चोर के द्वारा विद्यालय का समर सेबुल सहित अन्य सामग्री की चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। इस संदर्भ में प्रखंड क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय लोहजारा के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार यादव के द्वारा थाना में चोरी को लेकर आवेदन भी दिया। थाना में दिए गए आवेदन में प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा मुझे सूचना प्राप्त हुआ कि विद्यालय का ताला टूटा हुआ है जिसके बाद मै विद्यालय पहुंचा तो देखा कि समरसेबुल एवं उसका तार, स्टॉर्टर गायब है साथ कमरे में रखा चावल, तेल, मसाला सहित अन्य सामग्री गायब है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में चोरी होने की जानकारी पंचायत के जनप्रतिनिधियों के अलावे विद्यालय सचिव को भी दिया।

### एल्बेंडाजोल दवा खाने से 7 स्कूली छात्राएं हुई बिमार

सरगंज (मुंगेर)। असरगंज थाना क्षेत्र के हाथीनाथ कन्या मध्य विद्यालय के प्रभारी सुनीता देवी ने बताया कि फलेरिया मुक्त बिहार, अभियान के तहत 276 बच्चों को खाना खाने के बाद दवा खिलाया गया था। दवा खिलाने के आधे घंटे के बाद 7 बच्चों के पेट में दर्द व उल्टी से तबियत बिगड़ने लगी। शिक्षकों द्वारा ईलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज लाया गया। जांचोपरांत बेहतर ईलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तारापुर रेफर कर दिया गया है। तारापुर अनुमंडलीय अस्पताल प्रभारी बिंदु कुमारी ने बताया कि सभी बच्चे ठीक हैं।

### डायरिया से 2 बच्चों की मौत

असरगंज (मुंगेर)।असरगंज प्रखंड अंतर्गत सती स्थान के समीप रहने वाले राजकुमार यादव के दो बच्चों की मौत डायरिया के कारण हो गई व दो बच्चे का ईलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज में डाक्टरों के द्वारा किया जा रहा है जो खतरे से बाहर है। डायरिया के कारण मौत से स्वास्थ्य विभाग के महकमे में हड़कंप मच गया है। डॉक्टरों की टीम जांच कर रही है।

# निर्देश- डीडीसी ने दिए आदेश, जांच रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड होगा, स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था मूलभूत सुविधाओं की जांच होगी

## लैब की उपलब्धता, उपयोगिता व बच्चों के यूनिफॉर्म को भी देखेंगे अधिकारी

- 165 अफसर तीन माह तक 1808 स्कूलों की करेंगे जांच



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। जिले भर में 165 अफसर 3 माह तक 1808 स्कूलों की जांच करेंगे। बता दें कि जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आदि को स्कूल जांच के लिए नामित किया गया है। दरअसल इस बारे में उपविकास आयुक्त सुमित कुमार ने आदेश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार पटना के निर्देश के आलोक में स्कूल जांच के लिए रोस्टर तैयार किया गया है। रोस्टर में नामित पदाधिकारी और कर्मी सभी सरकारी प्राथमिक मध्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों का तीन माह तक के लिए नियमित जांच करेंगे। जांच पदाधिकारी विद्यालय में पर्याप्त समय देंगे। प्रधानाध्यापक के साथ विद्यालय संचालन में आने वाली कठिनाइयों के बारे में चर्चा करते हुए विद्यालय को विकसित करने और बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में सहायता करेंगे। सभी जांच पदाधिकारी विद्यालय संचालित रहने की स्थिति में प्रत्येक सप्ताह 3 दिन आवंटित विद्यालय का निरीक्षण करेंगे। विशेष परिस्थिति में सप्ताह में काम से कम एक बार अनिवार्य रूप से स्कूलों की जांच करेंगे। जांच के दौरान विद्यालय में पाई गई कमियों को ठीक करने के लिए जांच पदाधिकारी जिम्मेदार होंगे।निरीक्षी पदाधिकारी विद्यालय का निरीक्षण प्रतिवेदन संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। स्कूल आने के लिए साइकिल का इस्तेमाल का होगा निरीक्षण कक्षा नवीं के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय आने-जाने के लिए साइकिल का उपयोग किया जा रहा है या नहीं इसकी जांच होगी। विद्यार्थियों को पठन-पाठन से संबंधित गृह कार्य दिए जाने विद्यार्थियों द्वारा गृह कार्य किए जाने की स्थिति की जांच होगी। साप्ताहिक मासिक मूल्यांकन मासिक अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा का आयोजन और विद्यार्थियों के इन मूल्यांकन परीक्षाओं में उपस्थित की जांच होगी। बच्चों के पास आधार कार्ड की उपलब्धता की जांच होगी। खेलकूद गतिविधियों का लिया जाएगा जायजा विद्यालयों में खेल मैदान की उपलब्धता एवं प्रतियोगिता की जांच का निर्देश दिया गया। खेल सामग्री की उपलब्धता एवं बच्चों द्वारा उसके उपयोग की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। यह भी देखा जाएगा कि खेल सामग्री कॉटन बक्सा और अलमारी में बंद तो नहीं है विद्यालयों में सेनेटरी पैड बेंडिंग मशीन एवं इंसीनरेटर उपलब्ध है या नहीं छात्राओं द्वारा इसका उपयोग किया जा रहा है या नहीं इसकी जांच होगी। विद्यालय परिसर की स्वच्छता सौदर्यीकरण की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। विद्यालय जांच के दौरान विद्यार्थियों के नामांकन और वास्तविक उपस्थिति की जांच होगी। उपस्थित विद्यार्थी निर्धारित यूनिफॉर्म में है या नहीं इसकी भी जांच की जाएगी। कितने प्रतिशत बच्चे यूनिफॉर्म में पाए गए इसकी रिपोर्ट देनी होगी। समय से पढ़ाई की होगी जांच स्कूल में प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के पदस्थापना की रिपोर्ट देनी होगी। शिक्षकों की विद्यालय में वास्तविक उपस्थिति विषय आधारित शिक्षकों की स्थित गैर शैक्षणिक कर्मियों का पदस्थापना एवं उपस्थिति की जांच की जाएगी। विद्यालय में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आयोजन की स्थिति शारीरिक शिक्षक संगीत शिक्षक नृत्य शिक्षक ललित कला शिक्षक द्वारा उनसे संबंधित गतिविधियों का संचालन करने की स्थिति की जांच होगी। स्कूल की आधारभूत संरचना का भी किया जाएगा निरीक्षण विद्यालय में शिक्षक एवं बच्चों की संख्या अनुरूप वर्ग कक्षा की उपलब्धता, ब्लैक बोर्ड, चौक, डस्टर विद्यालय के रंग रोहन इत्यादि की जांच की जाएगी। विद्यालय में निर्माणधीन मरमती कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की जांच करेंगे। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था, पेयजल शौचालय की साफ सफाई उपयोग आदि की जांच करेंगे। विद्यालय में किचन शेड़, गैस चूल्हा एवं थाली की उपलब्धता की भी जांच होगी। वर्ग कक्ष में आवश्यकता अनुसार बैंच डेस्क की उपलब्धता की भी जांच होगी। सभी हाई स्कूलों में प्रयोगशाला की उपलब्धता और उपयोगिता की जांच की जाएगी। अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार पटना के निर्देश के आलोक में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को भी स्कूल जांच की जिम्मेदारी सौपी गई है।इन अधिकारियों द्वारा तीन माह तक नियमित रूप से स्कूलों का निरिक्षण किया जाएगा।स्कूल जांच में सभी बिंदूओं पर रिपोर्ट देनी होगी।स्कूल जांच के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है।रोस्टर का निर्धारण किया गया है।

# टेकनी हत्याकांड में महिला को पुलिस ने छापेमारी कर किया गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बीते 5 सितंबर को सिमुलतला थानाक्षेत्र के मोदीडीह भांदरा गांव में 65 वर्षीय बुर्जुग महिला टेकनी देवी की हुई हत्या मामलें में पुलिस ने हत्या करने वाली एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। इस संदर्भ में झाझा एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ राजेश कुमार के द्वारा मामला का खुलासा करते हुए पूरी जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि सिमुलतला थानाध्यक्ष धनंजय कुमार को हत्या की सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचा जहां एफएलसी टीम की मदद से कई साक्ष्य जुटाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस कांड के उद्भेदन हेतु मेरे नेतृत्व में सिमुलतला थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी की टीम गठित कि गई। जिसके बाद लगातार इस कांड का अनुसंधान करते हुए हत्या करने वाली महिला को उसके घर से रात्रि में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिला की पहचान अनिता देवी के रूप में हुई है जो मृतिका की पड़ोसी है। एसडीपीओ ने बताया कि दोनो के बीच जमीन को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा था और इसी विवाद को लेकर अनिता देवी ने टेकनी देवी को घास काटने वाला हसुआ से वार कर हत्या कर दिया। घटना के बाद अनिता देवी को उसके पति गोपी यादव उसे लेकर भाग गया था। हालांकि हत्या में उपयोग किए जाने वाले हसुआ बरामद नही हुआ। एसडीपीओ ने बताया कि हसुआ की बरामदगी को लेकर आगे की कार्रवाई कि जा रही है और इस घटना में संलिप्त दो- तीन जो लोग है उसकी भी गिरफ्तारी को लेकर आगे की कार्रवाई कि जा रही है।

# गणेश चतुर्थी पर स्कूली बच्चों ने देवी देवताओं का रूप धारण कर प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर पिपराडीह स्थित झाझा पब्लिक स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण, राधा, वैष्णोमाता, माता दुर्गा, आदिशक्त आदि के भेषभूशा धारण कर विद्यालय पहुंचे। सर्वप्रथम स्कूली बच्चों सहित विद्यालय के निदेशक डॉ. सुरेंद्र कुमार निराला एवं अन्य शिक्षक- शिक्षिकाएं ने भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना किया और उसके बाद बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। स्कूली बच्चों ने भगवान श्रीगणेश सहित मां दुर्गा के भक्तिगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया जिसे देखकर उपस्थित अभिभावक ने सभी बच्चों का तालियों की गड़गड़ाहट से हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। विद्यालय निदेशक ने उपस्थित स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीगणेश की पूजा करने से उनका आशीर्वाद हमेशा मिलता है। भगवान श्रीगणेश ने अपने माता पिता भगवान शंकर- पार्वती का परिकरमा करते हुए पूरे ब्रहमांड का भ्रमण किया ठीक वैसे ही हमलोगों के जीवन में सर्वप्रथम पूजनीय माता पिता है।

# सेवा गांव के काजल कुमारी ने गिद्धौर थानाध्यक्ष को दिया आवेदन

## सेवा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार के द्वारा घर में आग लगा दिये जाने का लगाया आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर।थाना क्षेत्र के सेवा पंचायत के सेवा गांव के काजल कुमारी ने गिद्धौर थाना में एक लिखित आवेदन दे बताया कि हम सब परिवार घर में ताला लगाकर गुरुवार को करीब 4 बजे खैरा थाना क्षेत्र के महुली गांव में एक श्राद्ध कार्य में शामिल होने गए थे। जब हम शुक्रवार को सुबह 4 बजे वापस घर लौटे तो अपने घर का बाउंड्री के गेट का ताला खोलकर अंदर गए तो देखें कि घर का दरवाजा टूटा था और घर से पूरा धुआं बाहर निकल रहा है। घर के अंदर में पूरा आग लगा हुआ था फिर ग्रामीणों के मदद से आग पर काबू पाकर अंदर गया तो देखा कि घर का सारा सामान जलकर राख हो गया है। और टीवी, फ्रिज भी टूटा हुआ था।थाना में दिये आवेदन में



कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि वीरेंद्र कुमार पिता मनोज रजक सेवा गांव निवासी के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। क्योंकि उनके द्वारा मेरे साथ और भी घटना को अंजाम दिया गया था। जिसका कांड संख्या 58/24 है। गुरुवार को रात में बार-बार फोन करके गाली गलौज कर रहा था और रात में आग लगा दिया जिसमें मेरा घर का सामान पलंग, गोदरेज, ड्रेसिंग टेबल, कीमती कपड़ा एक लाख रुपए नगद व बर्तन, ऐसी जलकर राख हो गया।आगलगी घटना में करीब 5 लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गया। वहीं थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा कि आवेदन के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

# डॉ. निराला को दूसरी बार मिला जिले में उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सम्मान



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] शिक्षक दिवस पर डॉ. निराला को दूसरी बार मिला शिक्षक सम्मान झाझा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ. सुरेंद्र निराला को एक बार फिर शिक्षक सम्मान मिला । एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के द्वारा जिला समाहरणालय के संवाद कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी राकेश कुमार , डीडीसी सुमित कुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने प्रशस्ति पत्र , सॉल देकर सम्मानित किया । इन्हें 2023 में निवर्तमान जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के द्वारा प्राप्त हुई थी। जिलाधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज का वह ईट है जिसे वह मंजिला मीनार तैयार किया जा सकता है । शिक्षक का पद सम्मान है इन्हें वेतन क्यों नहीं मामूली हो परंतु सम्मान की तुलना वेतनमान से नहीं करानी चाहिए। शिक्षक गरिमा का पद है शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सही ढंग से करनी चाहिए । वहीं दूसरी ओर झाझा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ. सुरेंद्र कुमार निराला को दूसरी बार प्रशिक्षित पत्र मिलने पर झाझा पब्लिक स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका, बच्चों और झाझा के अभिभावकों में खुशी का माहौल बना है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरतालिका तीज



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड भर में हरतालिका तीज बिहार का मुख्य त्योहार है इस त्यौहार में महिलाएं अपने पति के लिए व्रत रखती है। 24 घंटा उपवास रहती है भगवान शिव पार्वती गणेश विष्णु लक्ष्मी की प्रतिमा बनाया जाता है सभी देवी देवताओं को पूजा अर्चना किया जाता है यह त्यौहार भादो माह की शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। हरतालिका तीज कुंवारी कन्या और सुहागिन महिलाओं दोनों लाल वस्त्र धारण कर पूजा आराधना करती है।कुंवारी कन्या माता पार्वती को लाल वस्त्र धारण सिंदूर देती है जबकि सुहागिन महिला शिव और पार्वती की विधिवत्त पूजा अर्चना करती है। उनके भोग के लिए फल भांग पेड़ा मकई खीरा के अलावे सजने संवरने के लिए सिंगार चढ़ाती है 24 घंटा के उपवास में महिलाएं अंन्न तो दूर जल तक नहीं पीती है। निर्जला उपवास रखकर महिला अपनी मन्नत पूरी के लिए भगवान शिव पार्वती से मनोकामना करती है।गिद्धौर प्रखंड के गांव कस्बे में बड़े धूमधाम से हरतालिका तीज मनाया गया। महिलाएं व कुमारी लड़कियां अपने-अपने घरों में भगवान शिव और पार्वती की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चना किया गया। महिलाओं ने बताई कि हरितालिका तीज महिलाओं का सबसे बड़ा त्यौहार है। इसे बड़े धूमधाम से मनाया जाता है अपने-अपने घरों में अपने पति की रक्षा व सुहागिन रहने के लिए निर्जला व्रत किया जाता है। माता पार्वती शिव को पाने के लिए निर्जला व्रत कर पति के रूप में पाई है।आज पति के रूप में शिव को पाने के उपरांत में सभी महिलाएं हरतालिका तीज देश दुनिया में मनाया जा रहा है।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः नगर क्षेत्र के सतगामा मोहल्ला स्थित आवासीय विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी रविंद्र कुमार मंडल, सेवानिवृत्त शिक्षक दीनानाथ पाण्डेय, निदेशक रामविलास कुशवाहा, उपनिदेशक प्रतिमा मेहता, प्राचार्य शंभूशरण शंभू और उप प्राचार्य शालिनी प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार की ओर से आगत अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने गणेश वंदना और सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होता है। वह हमें ज्ञान के अनुपम ज्योति प्रदान कर अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का काम करता है। वह हमें सही मार्गदर्शन देकर और अपना सर्वस्व न्योछावर करके समाज में स्थापित करने का काम करता है। हमारे जीवन में शिक्षक का महत्व भगवान से भी ज्यादा है। इसलिए हम सबों को सदा गुरु का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता और विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर योगेश कुमार योगेश, विभीषण कुमार, सपना कुमारी स्नेहा कुमारी, अनूप कुमारी, विकास पांडे समेत दर्जनों शिक्षक व छात्र-छात्रा मौजूद थे।

# गणेश चतुर्थी पर प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धालुओं में दिखा विशेष उत्साह

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] गणेश चतुर्थी को लेकर प्रखंड क्षेत्र में विशेष उत्साह देखने को मिला। छोटे पंडाल से लेकर भव्य पंडाल में विघ्नहर्ता प्रथम पूज्य भगवान की गणेश की प्रतिमा विराजमान किया तो वही लोगों ने घरों में भी गणेश जी की तस्वीर, प्रतिमा विराजमान कर पूजा अर्चना करते हुए अपने जीवन से सभी कष्ट को दूर कर सुखमय जीवन की कामना किया। शनिवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं में गणेश चतुर्थी को लेकर अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा था। गणेशी मंदिर, शिव बाजार, मुख्य बाजार, पिपराडीह, सोहजाना, आदि जगहों पर विघ्नहर्ता की प्रतिमा विराजमान कि गई जहां श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। सुंदर एवं भव्य पंडालों में विराजमान प्रथम पूज्य भगवान गणेश के दर्शन को लेकर जगह जगह लोगों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना करने के बाद उनका सर्वप्रिय भोग मोदक को भी अर्पित किया गया। कई जगहों पर भगवान गणेश की पूजा अर्चना संध्याबेला में कि गई। पूरे प्रखंड क्षेत्र में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे सुनाई दिया। वही पूजा पंडाल में भगवान गणेश की भक्ति गीत बजने से पूरा वातावरण भक्तिमय में तब्दील रहा।

# लंबे संघर्ष के बाद जगी आस, बहुरेंगे लोगों के दिन, मिलेगी हिचकोलों से मुक्ति



प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः टूटे-फूटे और गढ्ढेनुमा सड़क पर हिचकोले खाकर यात्रा करने लोगों के दिन अब बहुरेंगे। अब लोगों को यह लगने लगा है कि लोग भी अन्य लोगों की तरह चिकनी चुपड़ी सड़क पर यात्रा करके एक जगह से दूसरी जगह जा सकेंगे। इसके लिए पथ निर्माण विभाग ने 12 करोड़ 68 लाख रुपया का आवंटन किया है। जल्द ही निविदा की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। जी हां गिद्धौर से निजुवारा गांव होते हुए मांगोबंदर मोड़ तक जाने वाली सड़क का बहुत जल्द ही कायाकल्प होगा । इसके लिए सबसे सर्वजन कल्याण सेवा समिति प्रमुख डा विभूति भूषण ने गिद्धौर प्रखंड के कोलहुआ तथा मौरा पंचायत और खैरा प्रखंड के जीतझिंगोई, बेला, मांगोबंदर, खंडाइच, चुआ, कागेशवर और नीमनवादा पंचायत के लगभग पांच दर्जन के अधिक गांव के लोगों के सड़क से जुड़ी पीड़ा को दूर करने के लिए झाझा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दामोदर रावत को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद जमुई विधायक श्रेयसी सिंह और सांसद अरुण भारती को भी ज्ञापन सौंपा। सर्वजन कल्याण सेवा समिति की सकारात्मक पहल और झाझा विधायक दामोदर रावत, जमुई विधायक श्रेयसी सिंह और सांसद अरुण भारती के प्रयास से इस सड़क का बहुत जल्द ही दिन सुधर जाएगा और लोगों को इस जर्जर सड़क से होकर गुजरने के पीड़ा से मुक्ति मिल जाएगी। इन तीनों जनप्रतिनिधियों ने पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा से मिलकर भी सड़क निर्माण का ठोस आश्वासन लिया । यह सड़क न केवल आठ पंचायत के लोगों के लिए आने-जाने का मार्ग है बल्कि गिद्धौर स्टेशन तक जाने एकमात्र सड़क भी है। यह लोगों के लिए लाइफलाइन का काम करती है। यह सड़क जमुई और झाझा विधानसभा को जोड़ने का भी काम करती है। किसी भी मौसम में हल्की सी बारिश हो जाने पर राहगीरों को यह ही नहीं चलता है कि सड़क कहां गायब हो गई। हालांकि 2005 में और 2021 में इस सड़क की मरम्मत हुई थी। लेकिन इसके बाद भी यह सड़क इतनी बदहाल स्थिति में पहुंच गई। लेकिन समिति और जनप्रतिनिधियों का जनहित से जुड़ा कदम बहुत ही जल्द रंग लाएगा।

# पंचायत कर्मियों को भी लगानी होगी अब बायोमेट्रिक हाजिरी




प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। पंचायत को हाईटेक किया जा रहा है। पंचायत कर्मियों के लिए अब बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। मशीनी हाजिरी को लेकर पंचायती राज विभाग ने आदेश जारी किया है। सभी पंचायत कर्मियों को आब बायोमैट्रिक अटेंडेंस लगाना होगा। यह प्रक्रिया एक सितंबर से लागू है। लेकिन गिद्धौर प्रखंड के पंचायत भवन में अब तक बायोमेट्रिक मशीन नहीं लगी है। इसके लिए विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार डीएम को पत्र भी जारी किया है। इस आदेश के दायरे में संविदा कर्मी भी शामिल है।यह प्रक्रिया लागू होने के बाद पंचायत के ग्रामीणों को अपना कार्य करने के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। ग्रामीणों को पूर्ण रूप से आरटीपीएस काउंटर का लाभ मिलेगा साथ ही पंचायत की योजनाओं में भी तेजी देखने को मिलेगी। प्रखंड कार्यालय में बीपीआरओ सहित निम्न वर्गीय कर्मी, लेखापाल, कार्यपालक ाहायक का भी बायोमेट्रिक के माध्यम से ही अटेंडेंस लगेगा। इसके पर्यवेक्षक बीडिओ होंगे। पंचायत सरकार भवन में पंचायत सचिव, जेई, कार्यपालक सहायक सहित अन्य की भी बायोमेट्रिक हाजिरी लगेगी। पर्यवेक्षक बीपीआरओ होंगे।

# बुजुर्ग प्यार व सम्मान के भूखे और समाज के धरोहर: प्रो.गौरी शंकर

## परिवार में स्थाई सुख-शांति और समृद्धि चाहिए तो बुजुर्गों का सामान करना आवश्यक

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः-बुजुर्ग सामान दिवस के अवसर पर ह्लबुजुर्ग समाज के धरोहरह्व विषय पर नगर परिषद जमुई में एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए केकेएम कॉलेज के वरिष्ठ सहायक प्राचार्य डॉ गौरी शंकर पासवान ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 7 सितंबर को मनाया जाने वाला बुजुर्ग सम्मान दिवस एक पारिवारिक उत्सव है। बुजुर्ग घर- परिवार के पहचान हैं। वे प्यार और सामान के भूखे होते हैं। हमारे समाज के धरोहर हैं। उनका सम्मान करना परिवार के सभी सदस्यों का पुनीत कर्तव्य होता है। परिवार में स्थाई सुख- शांति और समृद्धि चाहिए, तो बुजुर्गों का सम्मान करना लाजमी है। उन्होंने कहा कि यह दिवस बच्चों को प्रेरित करता है कि वह अपने दादा-दादी नाना नानी के अनुभव, समझ और उनकी विरासत को अपने जीवनमें अपनाएं। बुजुर्ग दिवस हमें यह सीख देता है कि किसी भी रिश्ते को बनाए रखने के लिए संबंधों में एक संतुलन होना जरूरी है। बुजुर्ग भी पाठशाला की भांति समृद्ध होते हैं। वे ज्ञान और अनुभव के भंडार होते हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग सम्मान दिवस बुजुर्गों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने अपने जीवन में कठिन परिश्रम करके परिवार, समाज और देश की उन्नति में योगदान दिया है।

राजनीतिक विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ देवेंद्र कुमार गोयल ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करना संतानों का परम धर्म और कर्तव्य है। परिवार में दादा-दादी बच्चों का आधार होते हैं, तो नाना नानी उन्हें ढेर सारे प्यार करते हैं। अतः बुजुर्गों का सम्मान करना ही इंसानियत है। इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यार्थ प्रकाश ने कहा कि बुजुर्ग परिवार और समाज के लिए मूल्यवान होते हैं। उनकी देखभाल और सम्मान करना जरूरी है। यदि वे शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर या बीमार हैं तो उन्हें मदद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़नी चाहिए।

हिंदी के विभागाध्यक्ष प्रो कैलाश पंडित ने कहा कि बुजुर्गों का योगदान परिवार और समाज के लिए अद्वितीय है। फिर भी आज उनके जीवन में बहुत सारी समस्याएं हैं। अनेक परिवारों में बुजुर्गों का सम्मान नहीं हो पा रहा है। परिवार में बुजुर्गों को हर कोई इज्जत दें और सत्कार करें। प्रो. अजीत कुमार भारती ने कहा कि बुजुर्ग केवल अनुभव और ज्ञान के स्रोत ही नहीं है, बल्कि हमारे संस्कृति मूल्य और परंपराओं को भी जोड़े रखते हैं। इसलिए परिवार, समाज और देश में बुजुर्गों का सम्मान होना चाहिए।

सम्पादकीय

# बदतर आर्थिकी सुधारने को बड़े कदमों की जरूरत

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक बदहाली की तस्वीर आज किसी से छुपी नहीं है। आज ये पहाड़ी प्रदेश अपने इतिहास के सबसे मुश्किल आर्थिक दौर से गुजर रहा है और वर्तमान सरकार कुछ नए प्रयोगों के दम पर इस स्थिति से निपटने की कोशिश में लगी हुई है। सरकार के इन प्रयासों से प्रदेश की आर्थिकी को कितना बल मिलता है, ये आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन फिलहाल ऐसा लगता है कि हालात जिस कद्र बिगड़ चुके हैं उनको सुधारने के लिए छोटे-मोटे नहीं, बल्कि कुछ बड़े और कड़े प्रयास करने की आवश्यकता है। लेकिन इन बड़े प्रयासों के लिए जिस तरह की राजनीतिक इच्छा शक्ति की जरूरत होती है, उसका प्रयोग शायद कोई भी राजनीतिक दल नहीं करना चाहेगा, क्योंकि उनको पांच साल के बाद फिर से जनता के दरबार में जाना होता है और कड़े निर्णय जनता के गले आसानी से नहीं उतरते। लोकतंत्र की ये खूबसूरती है कि जनता अपनी भलाई के लिए ही सरकारों को चुनती है और सरकार अपनी नीतियों से जनता को पेश आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करती है। इन नीतियों से जब समस्या हल नहीं होती, तो इस नीति का पुनरावलोकन करने की बजाय एक नया तरीका ढूंढ लिया जाता है और वो है फ्रीबीज।

अर्थात मुफ्त में जनता को वस्तु या सेवा उपलब्ध करवाना। इस कारण से जनता की मानसिकता सरकार को कुछ देने की नहीं, बल्कि सरकार से किसी न किसी जरिए से कुछ हासिल करने की बन चुकी है। जनता की इस मानसिकता को एकदम से बदलना कदापि संभव नहीं है और जब तक इस मानसिकता में बदलाव नहीं होता, तब तक इस आर्थिक संकट से मुक्ति संभव नहीं है। इस समय हिमाचल प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद और ऋण का अनुपात 40 प्रतिशत के लगभग है। ये अनुपात प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी है। यहां पर इस बात पर ध्यान देना जरूरी है कि ये इतनी बड़ी आर्थिक समस्या कोई रातों रात पैदा नहीं हुई, बल्कि ये एक लंबे समय तक हुए आर्थिक कुप्रबंधन का परिणाम है। फ्रीबीज और लोकलुभावन निर्णयों को आधार बनाकर की गई वोट की राजनीति ही इसका मुख्य कारण रहा है। पिछले लगभग डेढ़ दशक से ये मुद्दा प्रदेश में एक बड़ी चर्चा का विषय रहा है, लेकिन कभी भी इस आर्थिक बदहाली से निपटने के लिए कोई पुख्ता पहल नहीं की गई। इस दौरान जितने भी चुनाव प्रदेश में हुए, उनमें हर विपक्षी पार्टी ने सताधारी दल पर आक्रमण करने के लिए इस मुद्दे को एक चुनावी हथियार की तरह प्रयोग किया। ये समस्या इसलिए और ज्यादा गंभीर बन गई, क्योंकि ये मुद्दा केवल और केवल एक चुनावी मुद्दा ही बन कर रह गया और कभी भी सरकारों के एजेंडे का हिस्सा नहीं बन सका। आज से पहले प्रदेश की आर्थिक बदहाली के आंकड़े जब जनता के सामने आते थे, इन आंकड़ों के प्रति जनता का ज्यादा सरोकार नहीं होता था, क्योंकि उनको लगता था कि इन आंकड़ों की अहमियत केवल कागजों और सरकारी फाइलों तक ही है।

लेकिन अब उन आंकड़ों ने अपना असर धरातल पर दिखाना शुरू कर दिया है और प्रदेश की इस आर्थिक बदहाली को प्रदेश का एक आम नागरिक भी महसूस करने लगा है। बात चाहे डिपुओं में मिलने वाले राशन में होने बाली कटौती की हो या फिर सरकारी कार्यालयों को बंद या स्थानांतरित करने की या फिर बिजली की फ्री यूनिट में कटौती की या फिर घरेलू पानी के बिल की शुरूआत करने की, ये सारे कदम प्रदेश की वित्तीय दुर्दशा का ही परिणाम हैं। इस तरह की सभी लोकलुभावन सौगातें जब जनता को दी जाती हैं, तो ये राजनीतिक दलों के प्रति सकारात्मक मनोभाव बनाने में सफल हों या ना हों, लेकिन जब इन सौगातों पर रोक लगाई जाती है, तो ये निर्णय सरकारों के प्रति एक नकारात्मक मनोभाव जरूर तैयार करते हैं। प्रदेश की कमजोर आर्थिकी यूं तो अब एक सदाबहार विषय बन चुका है, लेकिन पिछले दिनों यह विषय उस समय एकाएक चर्चा में आ गया जब हिमाचल प्रदेश के सचिवालय के कर्मचारियों द्वारा अपने महंगाई भत्ते और छठे वेतन आयोग की बकाया राशि मांग को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में अपनी मांगों के साथ- साथ कर्मचारी नेताओं द्वारा, सरकार द्वारा किए जा रहे कुछ खर्चों और नेताओं और अधिकारियों द्वारा लिए जा रहे भत्तों पर भी अंगुली उठाई गई। इस वजह से अब इन कर्मचारियों और सरकार के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री द्वारा अपने मंत्रियों और मुख्य संसदीय सचिवों के दो महीने के वेतन को भी विलंबित कर दिया गया है। यह सही है कि कर्मचारियों को अपनी मांगें सरकार के सामने रखने का पूरा अधिकार होता है और ये मांगें काफी हद तक जायज भी हैं। सचिवालय कर्मचारियों द्वारा किए गए इस प्रदर्शन के बाद पूरे प्रदेश का कर्मचारी भी इन मांगों के प्रति गंभीर भी हुआ है, लेकिन प्रदेश की कमजोर वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए सभी पक्षों को सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। टकराव से इस समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता है। हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2022 में कांग्रेस की सरकार बनाने में प्रदेश के कर्मचारियों का योगदान काफी अहम रहा है। उनके इस योगदान को देखते हुए ही सरकार द्वारा अपने चुनावी वायदे के अनुसार प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन की बहाली की गई।







# संगठन पर्व : राष्ट्र निर्माण का संकल्प सिद्धि अभियान

**भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित ह्यएकात्म-मानवदर्शनह्ण को अपने वैचारिक, दर्शन के रूप में अपनाया है तथा सुशासन, विकास एवं सुरक्षा भाजपा की प्राथमिकताएं हैं। पार्टी ने पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति भी अपनी निष्ठा व्यक्त की है, जिन्हें ह्यपंचनिष्ठाह्ण कहते हैं। यह पंचनिष्ठाएं राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सकारात्मक पंथ-निरपेक्षता (सर्वधर्म समभाव), गांधीवादी समाजवाद (सामाजिक-आर्थिक विषयों पर गाँधीवादी दृष्टिकोण द्वारा शोषण मुक्त समरस समाज की स्थापना) तथा मूल्य आधारित राजनीति है। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जो वैचारिक प्रतिष्ठान और अधिष्ठान पर चलती है, और जो राष्ट्रवादी विचारों से जुड़ी है। हमें गर्व है कि हमारा दल देश का ऐसा एकमात्र राजनीतिक दल है, जिसने राष्ट्रहितों के साथ कभी समझौता नहीं किया, अन्य सभी दलों ने सत्ता प्राप्ति एवं स्वार्थ सिद्धि के लिए एक नहीं, अनेक बार समझौता किया। भाजपा के लिए राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं है, समाज को अपेक्षित दिशा में प्रगति पथ पर ले जाना भी उसका पहला कार्य है। इसके लिये संगत दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जो संगत विचारधारा से प्राप्त होता है।**



विष्णुदत्त शर्मा

लोकतंत्र की भावना भारतीय जनता पार्टी संगठन की पंच निष्ठाओं में से एक है। यह भावना सिर्फ वैचारिक स्तर पर ही नहीं, अपितु पार्टी के आचरण और उसकी कार्यपद्धति में भी स्पष्ट दिखाई देती है। संगठन पर्व भाजपा का सदस्यता अभियान इसी लोकतांत्रिक कार्य पद्धति का महत्वपूर्ण अंग है, जिसके माध्यम से नए सदस्य भाजपा परिवार से जुड़ते हैं और विचार को विस्तार देते हैं। ऐसे ही विशिष्ट कार्यशैली वाले अभियानों के बल पर भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सदस्यता ग्रहण किए जाने के उपरांत देश में 2 सितंबर से संगठन पर्व प्रारंभ हो चुका है। हमारे पूर्वजों ने पार्टी संगठन तथा कार्यकताओं को गढ़ने और तराशने के लिए जो त्याग और परिश्रम किया है, उसी के बल पर वर्तमान में मध्यप्रदेश के पार्टी संगठन को पूरे देश में आदर्श माना जाता है। प्रदेश के लाखों-लाख कार्यकर्ता अपनी इस पहचान को कायम रखते हुए संगठन पर्व में पार्टी के विस्तार को नई ऊंचाईयां प्रदान करने को तैयार हैं।

**पंचनिष्ठाओं पर आधारित हमारा विचार और आधारः** भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित ह्यएकात्म-मानवदर्शनह्ण को अपने वैचारिक, दर्शन के रूप में अपनाया है तथा सुशासन, विकास एवं सुरक्षा भाजपा की प्राथमिकताएं हैं। पार्टी ने पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति भी अपनी निष्ठा व्यक्त की है, जिन्हें ह्यपंचनिष्ठाह्ण कहते हैं। यह पंचनिष्ठाएं राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सकारात्मक पंथ-निरपेक्षता (सर्वधर्म समभाव), गांधीवादी समाजवाद (सामाजिक-आर्थिक विषयों पर गाँधीवादी दृष्टिकोण द्वारा शोषण मुक्त समरस समाज की स्थापना) तथा मूल्य आधारित राजनीति है। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जो वैचारिक प्रतिष्ठान और अधिष्ठान पर चलती है, और जो राष्ट्रवादी विचारों से जुड़ी है। हमें गर्व है कि हमारा दल देश का ऐसा एकमात्र राजनीतिक दल है, जिसने राष्ट्रहितों के साथ कभी समझौता नहीं किया, अन्य सभी दलों ने सत्ता प्राप्ति एवं स्वार्थ सिद्धि के लिए एक नहीं, अनेक बार समझौता किया। भाजपा के लिए राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं है, समाज को अपेक्षित दिशा में प्रगति पथ पर ले जाना भी उसका पहला कार्य है। इसके लिये संगत दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जो संगत विचारधारा से प्राप्त होता है। भाजपा को छोडकर आज भारत के सभी राजनैतिक दल विचारधारा की शून्यता के शिकार हैं। भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद तथा पंचनिष्ठाओं की संगत विचारधाराओं के आधार पर संगठन का नियमन कर रही है। शासन की नीति में भी इनका समुचित प्रतिबिम्बन होगा। भाजपा राष्ट्र प्रथम के साथ शोषित, वंचित, पीड़ित का उत्थान और सेवा कर रही है।

**राष्ट्र सर्वोपरि के भाव से अनेकानेक ऐतिहासिक निर्णय हुए :** हमारे विचार की संकल्प शक्ति की वजह से ही लगभग पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा के पश्चात आज अयोध्या में भव्य व दिव्य राम मंदिर के निर्माण का सपना वास्तविकता बना है। हमारे पार्टी के संस्थापकों एवं असंख्य कार्यकताओं ने श्रीरामलला को अपने मंदिर में विराजमान देखने हेतु अपनी चुनी हुई सरकारें भी न्यौछावर कर दीं, यह अपनी विचारधारा पर अडिग रहने का एक उदाहरण मात्र है। हमारे पितृपुरुषों का संकल्प एवं एक देश में ह्लदो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे की पूर्ति स्वरूप अनुच्छेद 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय हमारी ध्येय पूर्ति की यात्रा का और एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार एवं हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं देश के वर्तमान गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के कार्यकाल में भाजपा ने श्रद्धेय अटलजी की सरकार तथा तत्कालीन संगठन की नीतियों को दिशा देने के प्रयास के साथ ही अपनी विचारधारा अनुरूप ह्लराष्ट्र सर्वोपरि मानकर अनेकानेक ऐतिहासिक निर्णय किये हैं जो हमारी विचारों की स्पष्टता को प्रतिलक्षित करते हैं। हमारे संस्थापकों ने भारत को विश्व गुरू बनाने का जो सपना देखा था आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उस ओर हम कर्तव्यपरायणता के साथ अग्रसर हैं।

**अंत्योदय का सपना साकार कर रही मोदी सरकारः** हमारी ध्येय यात्रा में पूर्ण बहुमत की सरकार आते ही तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून, आपराधिक न्यायिक कानूनों में बदलाव के साथ ही पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय पर आधारित गरीब-कल्याण की योजनाओं के द्वारा करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम भी हुआ है। हमारी केंद्र की सरकार ने अंत्योदय के सिद्धांत अनुरूप ही 50 करोड़ से अधिक लोगों के जनधन खाते खुलवाए और आयुष्मान, उज्ज्वला और पीएम आवास जैसी अनुकरणीय योजनाएं संचालित की गईं और देश खुले में शौच से मुक्त हुआ। घर-घर बिजली पहुंचाई गई, 10 करोड़ से अधिक परिवारों को गैस कनेक्शन दिए गए और हर घर शुद्ध पेयजल पहुँचाया। कुछ प्रमुख आधारभूत कार्य हैं जो देश की पूर्ववर्ती सरकारों के 50 वर्षों के शासनकाल की प्राथमिकता होनी चाहिए थी, किन्तु वोट बैंक की राजनीति की वजह से किसी एक वर्ग विशेष की चिंता ही उनकी राजनीति की प्राथमिकता रही है। वे तुष्टीकरण करते रहे, हमने संतुष्टीकरण करने का ईमानदार प्रयास किया। वास्तव में, केंद्र और राज्यों की हमारी सरकारें सुशासन के प्रति समर्पित रहती हैं क्योंकि यही लोकतंत्र की आवश्यकता है। भाजपा समाज के आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति के विकास की बात ही नहीं करती, बल्कि उसे चरितार्थ भी करती है। भाजपा के सिद्धांतों के अनुरूप प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पारदर्शिता के शासन से देश के लोकत्रंत को मजबूती दी है, जिससे सामान्य व्यक्ति आज गरिमा के साथ जीवनयापन कर रहा है।

**सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ विश्व में एक बड़ी ताकत बनकर उभरा भारतः** आज भारत ही नहीं पूरा विश्व देख रहा है कि एक राजनीतिक दल और उसका नेतृत्व किस प्रकार अपने उन संकल्पों को पूरा करने में सफल सिद्ध हुआ है, जिन्हें पूरा करना कभी असंभव सा लगता था। भाजपा सरकार में अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ विश्व में एक बड़ी ताकत बनकर उभरे भारत ने अपने पुराने स्वाभिमान और आत्मगौरव को भी वापस हासिल किया है। राष्ट्रीय संकट में जनकल्याण की कसौटी पर भी भारत ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाजपा के नेतृत्व ने एक अनूठा उदाहरण विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया है। कोरोना संकट में दुनिया के अनेक देशों ने जहाँ अपने नागरिकों को अपने हाल पर छोड़ दिया, वहीं भारत में भाजपा की मोदी सरकार ने अपने हर नागरिक के जीवन को अमूल्य मानते हुए उनके लिए अनाज के साथ दवाओं और अन्य वस्तुओं को उपलब्ध कराया। स्वदेशी वैक्सीन के आविष्कार में प्रेरक भूमिका तो निभाई और हर नागरिक के लिए उसे मुफ्त उपलब्ध कराने हेतु विश्व का सबसे बड़ा वैक्सिनेशन अभियान चलाकर दुनिया से अपने सामर्थ्य का लोहा भी मनवा लिया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ही भाजपा का मूलमंत्र बन गया है।

# सिर्फ कानून बनाने से नहीं रुकेंगे अपराध

योगेंद्र योगी

देश के नेताओं ने समस्याओं का आसान रास्ता तलाश कर रखा है। जब भी किसी समस्या से सामना हो तो कानून बना कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लो। समस्या की जड़ तक कोई भी राजनीतिक दल और सरकारें नहीं जाना चाहती। ऐसा नहीं है कि समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकता, किन्तु वहां तक पहुंचने और व्यावहारिक समाधान ढूंढने में पापड़ बेलने पड़ते हैं। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद हत्या के मामले में वही किया है जो अब तक ऐसे मामलों में दूसरे राज्य या केंद्र सरकार करती रही हैं। मसलन कानून बना कर जिम्मेदारी पूरी कर ली। ममता सरकार ने विधानसभा में बलात्कार रोधी विधेयक सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक के मसौदे में बलात्कार पीड़िता की मौत होने या उसके स्थायी रूप से अचेत अवस्था में चले जाने की सूरत में ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड के प्रावधान का प्रस्ताव किया गया है। इसके अलावा मसौदे में प्रस्ताव किया गया है कि बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के दोषी व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा दी जाए, और उन्हें पेरोल की सुविधा न दी जाए। ह्यअपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024ह्ण शीर्षक वाले इस प्रस्तावित कानून का उद्देश्य बलात्कार और यौन अपराधों से संबंधित नए प्रावधानों के जरिये महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा मजबूत करना है।

यह बिल पास होने के बाद राज्यपाल के पास जाएगा, उनसे पास होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए जाएगा। इससे पहले 2019 में आंध्र प्रदेश दिशा विधेयक और 2020 में महाराष्ट्र शक्ति विधेयक विधानसभा से पारित हुआ था। इन दोनों विधेयकों में बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के सभी तरह के मामलों में अनिवार्य फांसी का प्रावधान किया गया था। इन दोनों विधेयकों को राज्य विधानसभाओं ने सर्वसम्मति से पारित किया था। लेकिन दोनों विधेयकों को अभी तक राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के साथ-साथ 2012 के पोक्सो अधिनियम के कुछ हिस्सों में संशोधन करने और पीड़िता की उम्र चाहे जो हो, कई तरह के यौन उत्पीड़न के मामलों में मौत की सजा का प्रावधान है। इस बिल में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध के लिए कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। बीते महीने लागू हुए बीएनएस की धारा-64 में बलात्कार के लिए 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। वहीं बीएनएस की धारा-66 में बलात्कार और हत्या और ऐसे बलात्कार, जिनमें पीड़ित निष्क्रिय हो जाती है, उनमें मौत की सजा का प्रावधान है। इसमें 20 साल की जेल की या उम्र कैद की सजा का भी प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि निर्भया कांड के बाद कानून को बहुत सख्त कर दिया गया था। रेप की परिभाषा भी बदल दी थी, ताकि महिलाओं के खिलाफ अपराध में कमी लाई जा सके। पहले जबरदस्ती या असहमति से बनाए गए संबंधों को ही रेप के दायरे में लाया जाता था। लेकिन इसके बाद 2013 में कानून में संशोधन कर इसका दायरा बढ़ाया गया। इतना ही नहीं, जुवेनाइल कानून में संशोधन किया गया था। इसके बाद अगर कोई 16 साल और 18 साल से कम उम्र का कोई किशोर जघन्य अपराध करता है तो उसके साथ वयस्क की तरह ही बर्ताव किया जाएगा। हालांकि, इन सबके बावजूद सुधार नहीं हुआ है। निर्भया कांड (2012) के बाद भारत में कई चर्चित बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक 17 वर्षीय लडकी के साथ बलात्कार और हत्या की घटना सामने आई। उत्तर प्रदेश के ही हाथरस जिले में एक 19 वर्षीय दलित लडकी के साथ सामूहिक बलात्कार और अत्यंत बर्बरता की गई। पीड़िता की मृत्यु के बाद, उसके शव को परिवार की अनुमति के बिना रात के समय दफनाया गया।

मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई। पीड़िता की शिकायत के बावजूद, पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिससे व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए। हैदराबाद में एक महिला वेटरिनरी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना ने व्यापक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया। अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कार्रवाई की, और बाद में आरोपी एनकाउंटर में मारे गए, जिसने विवाद और बहस को जन्म दिया। मणिपुर में एक महिला के साथ बलात्कार और हत्या की घटना ने हाल ही में बहुत ध्यान खींचा। इस मामले ने स्थानीय हिंसा और सामाजिक अस्थिरता को भी उजागर किया। साल 2013 में केंद्र सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए निर्भया फंड बनाया, जिसका मकसद राज्यों को महिलाओं की सुरक्षा को पुख्ता करना था। मगर, इसका अभी पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं हो पाया है। निर्भया फंड की 9 हजार करोड़ रुपए की धनराशि का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा भी सही से इस्तेमाल नहीं हो पाया है। निर्भया फंड बनने से लेकर 2021-22 तक, कोष के तहत कुल आवंटन 6000 करोड़ रुपए से ज्यादा रहा है, जिसमें से 4200 करोड़ रुपए का ही अब तक इस्तेमाल हो पाया है। गौरतलब है कि भारत में हर घंटे 3 महिलाएं रेप का शिकार होती हैं, यानी हर 20 मिनट में बलात्कार की एक घटना। देश में रेप के मामलों में 96 प्रतिशत से ज्यादा आरोपी महिला को जानने वाले होते हैं। रेप के मामलों में 100 में से 27 आरोपियों को ही सजा होती है, बाकी बरी हो जाते हैं। ये तीन आंकड़े बताते हैं कि सख्त कानून होने के बावजूद हमारे देश में रेप के मामलों में न तो कमी आ रही है और न ही सजा की दर यानी कन्विक्शन रेट बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की एजेंसी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि भारत में सालभर में महिलाओं के खिलाफ अपराध के चार लाख से ज्यादा अपराध दर्ज किए जाते हैं।

इन अपराधों में सिर्फ रेप ही नहीं, बल्कि छेड़छाड़, दहेज हत्या, किडनैपिंग, ट्रैफिकिंग, एसिड अटैक जैसे अपराध भी शामिल हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2012 से पहले हर साल रेप के औसतन 25 हजार मामले दर्ज किए जाते थे। लेकिन इसके बाद यह आंकड़ा 30 हजार के ऊपर पहुंच गया। 2013 में ही 33 हजार से ज्यादा मामले दर्ज हुए थे। 2016 में तो आंकड़ा 39 हजार के करीब पहुंच गया था। साल 2022 में औसतन हर दिन करीब रेप के 87 मामले दर्ज किए गए। इसी साल 248 रेप या गैंगरेप के साथ हत्या, 31516 रेप, 3288 रेप के प्रयास और 83344 मामले महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से किए गए हमले के दर्ज किए गए। इन आकंड़ों से जाहिर है कि निर्भया कांड के बाद भी देश में महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की तस्वीर नहीं बदली है। दरअसल नेताओं और सरकारों के इरादों में कमी है। देश में महिलाओं की सामूहिक तरक्की, पर्याप्त शिक्षा, बुनियादी सुविधाएं, रोजगार और अन्य सुविधाओं में इजाफा नहीं होगा, तब तक निर्भया जैसी घटनाओं पर सिवाय चीख-पुकार मचाने से कुछ नहीं होगा। यह सब करना सरकारों के लिए आसान नहीं है। इसलिए जब भी कोई वारदात होती है, तब कानून में कुछ और धाराएं जोड़ कर सरकारें अपने दायित्व की इतिश्री कर लेती हैं।

**(स्वतंत्र लेखक)**

# श्री गणेशोपासना एवं उससे संबंधित महत्वपूर्ण सूत्र

श्रीमती प्राची जुवेकर




**१. श्री गणेशोपासना**

श्री गणेशजी की उपासना में नित्यपूजा, अभिषेक, संबंधित व्रत एवं उपवास, अथर्वशीर्ष पाठ, संबंधित विविध श्लोक एवं मंत्रोंका विशिष्ट संख्या में पाठ, नामजप जैसे विविध कृत्योंका अंतर्भाव होता है । कुछ लोग विशेषरूपसे श्री गणेश सहस्रनामका पाठ करते हुए, अर्थात श्री गणेशजीके १ सहस्र नामों में एक-एक का उच्चारण कर श्री गणेशजी को दूर्वा अर्थात दूब अर्पण करते हैं । इसे दूर्वार्चन कहते हैं । सर्वसाधारणतः नित्य उपासना में श्री गणेशजी की मूर्तिका पूजन किया जाता है। इस में पंचोपचार अथवा षोडशोपचार पूजन किया जाता है । श्रीगणेशजी की उपासनासे संबंधित चतुर्थी की विशेष तिथिपर गणेशभक्त अथर्वशीर्षका पाठ करते हुए मूर्तिपर अभिषेक करते हैं। अथर्वशीर्ष में श्री गणेशजीके रूपका वर्णन किया गया है।

**श्री गणेशजी का पूजन**

**श्री गणेशजी का प्रत्यक्ष पूजन ..**

१. श्री गणेशजी को अनामिका से चंदन लगाइए ।
२. श्री गणेशजी को लाल रंग के आठ फूल डंठल उन की ओर कर चढाइए ।
३. श्री गणेशजी को दूर्वा चढाइए ।
४. यथासंभव श्रीगणेशजी को लाल फूल एवं दुवार्से बनी माला भी चढाइए ।
५. अब दो अगरबत्तियां जलाकर श्रीगणेशजी को दिखाइए ।
६. घडी की सूइयों की दिशा में पूर्ण गोलाकार पद्धतिसे, तीन बार आरती घुमाकर श्री गणेशजी को दीप दिखाइए ।
७. श्री गणेशजी को गुड-सूखे नारियल का नैवेद्य अर्पण कीजिए ।

पूजा के उपरांत श्रीगणेशजी की आठ परिक्रमाएं कीजिए । यह संभव न हो, तो अपने सर्व ओर गोल घूमकर तीन परिक्रमाएं कीजिए । श्रीगणेश चतुर्थीके उपलक्ष्य में श्रीगणेशपूजन करते समय अभी बताई गई बातों को अवश्य ध्यान रखिए ।

**पूजन में उपयोग में लाई जानेवाली विशेष सामग्रीः** श्री गणेशपूजन में दूर्वा, शमी एवं मदार की पत्तियां, लाल एवं सिंदूरी रंग की वस्तुएं; जैसे र में क्तचंदन, लाल एवं सिंदूरी वस्त्र एवं फूल विशेष रूपसे उपयोग में लाए जाते हैं । श्री गणेशतत्त्वका अधिक लाभ होनेके लिए चंदन, केवडा, चमेली एवं खस, इन सुगंधों की अगरबत्तीका उपयोग लाभदायक है । अनिष्ट शक्तिके निवारण हेतु श्री गणेशजी की उपासना में हीना एवं दरबार इन सुगंधों की अगरबत्तीका उपयोग लाभदायक है । पूजाके उपरांत श्री गणेशजीके लिए मोदक एवं उनके वाहन मूषकके लिए खीरका नैवेद्य निवेदित करते हैं । लाल एवं सिंदूरी रंगके कारण प्रतिमा में गणेशतत्त्व अधिक मात्रा में आकृष्ट होता है । यह प्रतिमा को जागृत करने में सहायक होता है । जिस प्रकार लाल एवं सिंदूरी रंगका उपयोग देवतापूजन में गणेशतत्त्व आकृष्ट करनेके लिए लाभदायक है, उसी प्रकार व्यक्तिके लिए भी गणेशतत्त्व प्राप्त करनेके लिए लाल एवं सिंदूरी रंगके वस्त्र परिधान करना उपयुक्त होता है ।

५. साधनामंत्र

१. श्री गणेशाय नमः ।ः इस में श्री अर्थात श्रीं तथा वह बीजमंत्र है । गणेशाय मूल बीज की संकल्पना है, जबकि नमः पल्लव है ।

२. ॐ गँ गणपतये नमः ।ः इसका अर्थ है झ ॐ अर्थात प्रणव, गँ अर्थात मूल बीजमंत्र, गणपतये अर्थात आकृतिबंध को एवं नमः अर्थात नमस्कार करता हूं ।

( संदर्भ - सनातनका ग्रंथ - त्यौहार, धार्मिक उत्सव एवं व्रत )

# बांग्लादेश में जारी है हैवानियत, बर्बरता और नफरत का दौर

मनोज कुमार अग्रवाल

शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद बांग्लादेश में वहां की अल्पसंख्यक आबादी पर बहुसंख्यक कट्टरपंथी तत्वों द्वारा अमानवीयता भरी बर्बरता और हैवानियत भरे अत्याचार का बेहद शर्मनाक सिलसिला बदस्तूर जारी है। यह कहना है सेंटर फॉर डेमोक्रेसी, प्लुरलिज्म एंड ह्यूमन राइट्स का। इस संस्था द्वारा बांग्लादेश में हाल ही में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों और राजनीतिक उथल-पुथल पर आधारित एक रिपोर्ट पेश की गई है। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में हाल ही में यह रिपोर्ट रखी गई, जहां पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ पत्रकार स्वप्नदास गुप्ता और जाने माने चिंतक दीप हलदर (लेखक, बीइंग हिंदू इन बांग्लादेश) और अभिजीत मजूमदार (प्रख्यात पत्रकार) ने इस रिपोर्ट पर गहरी चिंता जताई है।

इस रिपोर्ट में बांग्लादेश में पिछले कुछ महीनों में घटित घटनाओं पर प्रकाश डाला गया, जिसमें 5 जून 2024 को छात्र विरोध प्रदर्शनों से शुरू हुए राजनीतिक संकट का विवरण है। इन विरोधों ने एक बड़े आंदोलन का रूप ले लिया, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद से, धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय, पर सुनियोजित हमले हुए। रिपोर्ट में बताया गया कि 5 अगस्त 2024 तक 27 जिलों में अल्पसंख्यकों के घरों और व्यवसायों पर हमला हुआ, और 8 अगस्त तक यह संख्या 52 जिलों तक पहुंच गई। रिपोर्ट में बताया गया कि सत्ता परिवर्तन के बाद बांग्लादेश के विभिन्न जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले बढ़े। 205 से अधिक हिंदू-विरोधी घटनाओं की पुष्टि हुई, जिनमें लूटपाट, आगजनी, और हिंसा शामिल थी। इन घटनाओं को लेकर सीडीपीएचआर ने बांग्लादेश सरकार और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे इन हिंसात्मक घटनाओं की जांच करें और अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

पूर्व सांसद स्वपन दासगुप्ता ने बांग्लादेश में हो रही इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटनाएं बांग्लादेश के धार्मिक और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रही हैं। उन्होंने वैश्विक समुदाय से इन घटनाओं का संज्ञान लेने और इस संकट का समाधान निकालने की अपील की। वहीं दीप हलदर ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों की निंदा की और कहा कि शेख हसीना के शासनकाल में भी अल्पसंख्यक समुदाय पर हमले हुए, लेकिन वर्तमान स्थिति बेहद गंभीर है। उन्होंने बांग्लादेश में हो रहे धर्मांतरण और लव जिहाद जैसी समस्याओं पर भी चिंता जताई। प्रख्यात पत्रकार अभिजीत मजूमदार ने कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय का भविष्य अनिश्चित है और यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसका गंभीर परिणाम होगा। हाल ही में बंगलादेश में कट्टरपंथी तत्वों ने दमन का नया तरीका अपनाया है। उन्होंने वहां अल्पसंख्यक हिन्दू, बौद्ध और ईसाई समुदायों के 49 शिक्षकों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया है। बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन ओइक्या परिषद की छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र ओइक्या परिषद ने श एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी है। बरिशाल के बेकरगंज सरकारी कॉलेज की प्रिंसिपल शुक्ला रानी हलदर के जबरन इस्तीफे का मामला सोशल मीडिया पर बवाल मचा रहा है। लोग जमकर इसकी निंदा कर रहे हैं।

डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, छात्र संगठन के संयोजक साजिब सरकार ने कहा है कि शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद से देश में धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों को हिंसा का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि इसमें लूटपाट, महिलाओं पर हमले, मंदिरों में तोड़फोड़, घरों और कार्यस्थलों पर आगजनी यहां तक कि हत्याएं भी शामिल हैं। सरकार ने आगे खुलासा किया कि देश भर में अल्पसंख्यक शिक्षकों को शारीरिक हमलों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण 30 अगस्त तक कम से कम 49 शिक्षकों को जबरन इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि, बाद में उनमें से 19 शिक्षकों को दोबारा बहाल कर दिया गया।

दरअसल, बांग्लादेश में आरक्षण कोटा को लेकर शुरू हुआ आंदोलन हिंसक हो गया था, जिसके बाद शेख हसीना को अपने पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर भागना पड़ा था। इस हिंसक आंदोलन के दौरान 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शपथ लेने के बाद कहा था कि वह संविधान की मयार्दा बनाए रखेंगे, लोगों का समर्थन और उनकी रक्षा करेंगे और ईमानदारी से कर्तव्यों का पालन करेंगे। इसके बावजूद बांग्लादेश की हालात में सुधार होते नजर नहीं आ रहे हैं। शेख हसीना के ढाका छोड़ने के बाद देश में असामाजिक तत्वों ने अशांति फैलाई और हिंदुओं के घरों और पूजा स्थलों को निशाना बनाया। देश के 23 धार्मिक संगठनों के एक राष्ट्रीय गठबंधन, बांग्लादेश जातीय हिंदू मोहजोत (बीजेएचएम) ने कहा कि 5 अगस्त के बाद से देश के 48 जिलों में 278 स्थानों पर हिंदू परिवारों को हिंसा और बर्बरता का सामना करना पड़ा है। भारी हिंसा के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं को धमकाया गया। उनसे लाखों रुपये की फिरौती मांगी गई। इसका खुलासा एक बांग्लादेशी हिंदू छात्र ने किया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के घरों की पहचान की गई और इसके बाद उन्हें धमकाया जा रहा है। कई लोगों के पास धमकी भरे कॉल आए हैं। एक बांग्लादेशी हिंदू युवक ने बताया कि उसके माता-पिता बुजर्ग हैं और वह चटगांव में रहते हैं। उनके पास एक धमकी भरी कॉल आई। कॉल करने वाले शख्स ने लाखों रुपये की मांग की। इस बांग्लादेशी हिंदू युवक ने महाराष्ट्र के एक कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और अभी ढाका में कार्यरत है। कॉल करने वाले ने अपने आपको एक इस्लामी समूह का सदस्य बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### बारिश से गंडक के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी

बगहा। गंडक नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सूत्रों की माने तो नेपाल के पहाड़ों में रुक रुक के बारिश हो रही है।जिस कारण नारायणी गंडक नदी के सहायक नदियॉ काली गंडकी,राप्ती, त्रिशूली समेत सात बड़ी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है।बतादें की गत दिनों गंडक नदी का जलस्तर एक लाख 30 से 41 हजार क्यूसेक पर स्थिर बना हुआ था।लेकिन पिछले दो दिनों के दरमियान पहाड़ों पर हुई बारिश के कारण इसके जलस्तर में फिर से बढोत्तरी दर्ज की जा रही है।गंडक बराज कंट्रोलरूम से जारी डेटा की माने तो शनिवार की सुबह 10 बजे टोटल डिस्चार्ज 1,81,500 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज दर्ज की गई।वहीं मुख्य पश्चिमी नहर में 12,000 क्यूसेक और पूर्वी नहर में 8,500 सौ क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। बतातें चलें कि गंडक नदी के जलस्तर के बढ़ते घटते क्रम के कारण नदी किनारे बसे गांवों के ऊपर कटाव का खतरा मंडराने लगा है।

### तीन दिनों तक चले शिक्षक दिवस पर हुए कई आकर्षक कार्यक्रम

बगहा। वाल्मीकिनगर के गोलचौक स्थित सनजेवीयर स्कूल में शिक्षक दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम तीन दिनों तक चला, जिसका शनिवार को बच्चों के बीच स्कूल के एमडी अमरनाथ प्रसाद सिंह के द्वारा प्रातोषिक वितरण कर किया गया। बतादें की 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कराए गए इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में निबंध,भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन के तरफ से उपहार भेंट की गई। सनजेवीयर स्कूल के एमडी अमरनाथ प्रसाद सिंह ने बताया कि शिक्षक और छात्रों के अटूट विश्वास व प्रेम का पर्व डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के याद में मनाया जाने वाला महापर्व शिक्षक दिवस विद्यालय प्रांगण में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### 151 कलश स्थापना के साथ 11 दिवसीय गणेश उत्सव हुआ शुरू

बगहा। बगहा के वाल्मीकिनगर पर्यटन नगरी में 11 दिवसीय गणेश उत्सव की शुरूआत कलश स्थापना के साथ हो गई। यह उत्सव शनिवार 7 अगस्त से अगस्त 17 को पूणार्हुति के साथ संपन्न हो जाएगी। बतादें की बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य पथ स्थित गोलचौक के समीप भव्य पंडाल में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधिगत पूजा अर्चना कर शुरू की गई। इसकी शुरूआत 151 कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई।पूजास्थल से शुरू हो कलश यात्रा गोलचौक होते हुए नारायणी गंडक तट स्थित काली मंदिर घाट से मंत्रोउच्चरन के बीच जलबोझी कर 151 कन्याओं द्वारा पूजास्थल पर स्थापित की गई।बतादें की कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ाभगवान श्री गणेश की कृपा से सभी प्रकार के विध्न बधाओं का नाश हो जाता है और सभी के जीवन मे सुख शांति व समृद्धि का वास होता है।

### शहरी आशाओं के बीच सौभाग्यशाली किट वितरित

बेतिया(कुमार अभिजितम)।मिशन परिवार विकास अभियान के तहत 40 शहरी आशाओं के बीच शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सौभाग्यशाली किट का वितरण अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ चंद्रा ने कहा कि 2 सितंबर से 30 सितंबर तक चलने वाले मिशन परिवार विकास अभियान के तहत शहरी आशाओं को पीएसआई इंडिया की ओर से नए सौभाग्यवती किट जिसमें (कंडोम, छाया, माला एन इत्यादि) है, का वितरण किया गया। इस दौरान आशाओं को निर्देश दिया गया कि अपने कार्यक्षेत्र के नव दंपत्ति की सूची बनाकर उन महिलाओं के बीच इस किट का वितरण करना है जो अभी 2 वर्ष तक बच्चे नहीं चाहते। सभी आशाओं को 14 सितंबर तक योग्य दंपतियों से संपर्क करके सूची तैयार करना है। जिला शहरी सलाहकार चंद्रकिशोर प्रसाद ने मिशन परिवार विकास के सभी पीपीआईयू सीडी, फॉमेटी पर चर्चा करके सभी आशाओं को समझाया।

### जनता दरबार में दो मामले का हुआ निपटारा

इसुआपुर। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजित हुई। जिसमें दो मामले आए। जिन्हें आपसी सहमति से निपटारा करा दिया गया। पहला मामला निपनिया गांव के रमेश सिंह तथा सुनीता देवी के बीच था। वहीं दूसरा मामला नेवारी गांव की उषा देवी तथा जयथर गांव के जवाहर लाल साह वगैरह के बीच था। वर्षो से लंबित जमीनी विवाद सुलझ जाने से दोनों पक्षों में काफी खुशी देखी गई। इस मौके पर सीओ करुण करण, राजस्व कर्मचारी ब्रजनंदन सहाय तथा थानाध्यक्ष कमल राम मुख्य रूप से थे।

# मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण को लेकर 17 सितंबर तक दर्ज करा सकते हैं दावा एवं आपत्ति : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)।पश्चिमी चंपारण के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में सांसद, विधायक, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में सम्पन्न हुयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी के सकारात्मक सहयोग से पूर्व के निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया है। आगामी निर्वाचन में भी आप सभी का सकारात्मक सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में ही निर्वाचन संबंधित सभी कार्यों को पूर्ण पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया जा रहा है। आप सभी भी भारत निर्वाचन आयोग के मापदंडों का अक्षरशः अनुपालन करेंगे तथा जिला प्रशासन का सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में आज की यह बैठक की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 01 जनवरी.2025 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के क्रम में मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण से संबंधित मुख्य बिन्दुओं की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के आलोक में मतदान केन्द्रों का युक्तिकरण के क्रम में 1400 मानक के आधार पर मतदान केन्द्रों का पुर्नगठन किया गया है। 20-29 अगस्त तक जिले के सभी पोलिंग स्टेशन का फिजिकल वेरिफिकेशन करा लिया गया है। इससे संबंधित शिकायत एवं आपत्ति 07-17 सितंबर तक दर्ज कराया जा सकता है। 25 सितंबर के पूर्व प्राप्त शिकायत एवं आपत्ति का निष्पादन कराया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि ससमय आपति/दावा दर्ज कराएंगे ताकि निर्धारित समयावधि में संबंधित अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त आपति/दावा का निष्पादन कराया जा सके। जांचोपरांत फाइनल लिस्ट आयोग को अनुमोदन के लिए भेजा जायेगा।

## श्रम संसाधन विभाग द्वारा 02 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त, दोषियों पर होगी कार्रवाई



प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, छौडादानों के नेतृत्व में छौडादानों प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में छौडादानों प्रखंड के कुल-02 प्रतिष्ठानों क्रमशः चंपारण लाइन होटल एंड ढाबा एवं बनकटवा मिष्ठान भंडार से 01-01 बाल श्रमिक अर्थात कुल-02 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक अनिल कुमार सिंह द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक अनिल कुमार सिंह द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, आदापुर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सुगौली, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, संग्रामपुर, एएचटीयू, मोतिहारी, प्रयास संस्था के प्रतिनिधि, न्याय नेटवर्क परियोजना डंकन हॉस्पिटल रक्सौल के प्रतिनिधि एवं छौडादानों थाना से 05 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

## मढ़ौरा रेफरल अस्पताल के प्रभारी ने डीएम को भेजा त्राहिमाम सन्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण मढ़ौरा रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कृष्ण चंद्र ने अस्पताल से हटाए गए एक सुरक्षा गार्ड और यहां पदस्थापित एक डॉक्टर से अपने जान माल को खतरा बताते हुए डीएम को त्राहिमाम संदेश भेज अपने लिए सुरक्षा गार्ड की मांग की है। उन्होंने डीएम और सिविल सर्जन को भेजे गए त्राहिमाम संदेश में साफ तौर पर लिखा है कि अस्पताल के सुरक्षा गार्ड जितेंद्र कुमार को हटाए जाने के बाद वे यहां के एक चिकित्सक डॉ वीरेश कुमार से साठ गांठ कर उनके जानमाल को खतरा पहुचाने की साजिश रच रहे है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा है कि सुरक्षा गार्ड जितेंद्र को जब से इस अस्पताल से हटाया गया हैं तब से वह डॉ वीरेश के साथ मिलकर बार-बार उनके खिलाफ फर्जी शिकायत पत्र सिविल सर्जन और जिला पदाधिकारी के यहां भेज कर उनकी छवि को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। इधर शिकायतकर्ता की जब जांच की जाती है तो वह फर्जी पाया जाता है। इस तरह की एक फर्जी शिकायतकर्ता की जांच की गई तो उसका कोई अता-पता नहीं मिला जबकि दूसरे शिकायतकर्ता ने लिखित रूप में यह कह दिया कि उन्होंने कोई शिकायत ही नहीं की है। उनके नाम से अस्पताल से हटाए गए गार्ड जितेंद्र कुमार व डॉ वीरेश कुमार ने फर्जी शिकायत पत्र लिखकर भेजा है। मढ़ौरा अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर कृष्ण चंद्र ने सीएस और डीएम को भेजे गए अपने त्राहिमाम संदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि पूर्व में मढ़ौरा रेफरल अस्पताल में प्रभारी पद पर रहते हुए डॉक्टर वीरेश कुमार खुद लाखों रुपए की वित्तिय अनियमितता किए है। जिसका साक्ष्य अंकेक्षण रिपोर्ट में है और ये इस मामले में महालेखाकार के रडार पर हैं। ऐसे में प्रभारी पद के लिए अयोग्य इस व्यक्ति के द्वारा प्रभारी बनने के लिए तरह तरह का हथकण्डा अपनाकर वरीय अधिकारियों को गुमराह किया जाना नियमो के विरुद्ध व आश्चर्यजनक है। प्रभारी ने इस मामले में जिला पदाधिकारी से सहानुभूति पूर्वक विचार कर अपेक्षित कार्रवाई का आग्रह किया है।

## विकास से संबंधित परियोजनाओं के लिये भू-अर्जन की प्रक्रिया को तेजी से करें पूरा : डीएम



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिये भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी अमन समीर ने बैठक किया। मुख्यरूप से भारत माला परियोजना के तहत एन एच-139ह, गंगा नदी पर जेपी सेतु के समानांतर पश्चिम में नये 6 लेन पुल निर्माण, राम-जानकी मार्ग, रिविलगंज बाईपास, शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड परियोजना के लिये किये जा रहे भू-अर्जन कार्य की समीक्षा की गई। भारतमाला परियोजना के तहत एन एच-139 ह के बाकरपुर-मानिकपुर खंड में सारण जिला के 22 राजस्व ग्राम में लगभग 99 हेक्टेयर भूमि का अर्जन किया जा रहा है। इसमें कुल 584 पंचाटियों में से 23 को मुआवजे की राशि का भुगतान किया गया है। जिलाधिकारी ने शेष पंचाटियों को विशेष कैम्प लगाकर भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर को इसकी दैनिक मोनिटरिंग सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। गंगा नदी पर जेपी सेतु के समानांतर पश्चिम में नये 6 लेन पुल निर्माण परियोजना के तहत 6 राजस्व ग्राम में कुल 5.6 हेक्टेयर रैयती भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। इस परियोजना के एलाइनमेंट में पड़ने वाली सभी सरकारी भूमि का दखल परियोजना के लिये प्राधिकृत एजेंसी को दिया जा चुका है। रैयती भूमि के भूर्जन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का निदेश दिया गया। राम-जानकी पथ परियोजना के लिये जिला के 8 राजस्व ग्राम के 541 पंचाटियों की लगभग 23 हेक्टेयर भूमि का अर्जन किया जा रहा है। इनमें से 228 पंचाटियों ने मुआवजे का भुगतान प्राप्त कर लिया है शेष को विशेष कैम्प लगाकर भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

## जिलाधिकारी के दिशा- निर्देश में संस्थागत और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए विभागीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय । संस्थागत प्रसव में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण होती है। क्योंकि स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित करता है कि प्रसव की प्रक्रिया सुरक्षित और व्यवस्थित हो। इसके अंतर्गत अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव की सुविधाओं का गुणवत्ता नियंत्रण शामिल होता है। स्वास्थ्य विभाग प्रसव के लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरण, दवाइयों और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि जिलाधिकारी अमन समीर के दिशा निर्देश में जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में संस्थागत और सुरक्षित प्रसव कराने के लिए अनिवार्य रूप से एएनसी सहित सभी प्रकार की जांच कराई जाती है। आशा कार्यकताओं द्वारा गृह भ्रमण कर सभी का फॉलो अप कराया जाता हैं। हालांकि प्रसव के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक और प्रशिक्षित नर्स के द्वारा प्रसव कराया जाता है। वहीं किसी भी स्थितियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था को शत प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाता है। इसके साथ ही विभाग द्वारा माताओं और नवजातों के लिए उपयुक्त देखभाल और सलाह दी जाती है, जिससे उनकी सेहत और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रसव के बाद स्वास्थ्य की समस्याओं को रोकने के साथ ही माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उद्देश्य होता है। इस प्रकार स्वास्थ्य विभाग संस्थागत और सुरक्षित प्रसव को शत प्रतिशत सफल और सुरक्षित कराने में सराहनीय भूमिका का निर्वहन निभाता है।

संस्थागत प्रसव में चारों एएनसी सफलता पूर्वक संपन्न कराने में बीएचएम और बीसीएम की भूमिका सराहनीयः एमओआईसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एमएम जाफरी ने बताया कि संस्थागत और सुरक्षित प्रसव के दौरान माता और बच्चे की सुरक्षा के लिए एक योग्य चिकित्सक और प्रशिक्षित नर्स का होना अति आवश्यक होता है। हालांकि प्रसव के दौरान गर्भवती माताओं और उसके अभिभावकों को गर्भावस्था के दौरान सभी तरह की जांच के अलावा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियों को प्रसव कक्ष प्रभारी या अन्य चिकित्सको से साझा करना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि प्रसव के दौरान किसी अनहोनी से संबंधित चिकित्सक को सही निर्णय लेने में मदद मिलती है। जिस कारण चिकित्सकों सहित अन्य कर्मियों को प्रसव की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखनी पड़ती है। साथ ही प्रसव कक्ष में स्वच्छता का ध्यान रखते हुए कक्ष को पूरी तरह से साफ और कीटाणु रहित रखना होता है। इससे संक्रमण का खतरा कम होता है। इसके अलावा माताओं और नवजात शिशुओं की उचित देखभाल के लिए अनिवार्य रूप से चिकित्सा उपकरण और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाती है। प्रसव के बाद मां और बच्चे की नियमित रूप से निगरानी करने के लिए बीएचएम अजीत कुमार और बीसीएम मुकेश कुमार द्वारा आशा फेसिलेटर, आशा कार्यकर्ता के अलावा एएनएम द्वारा फॉलो अप किया जाता है।

## मतदानकेन्द्रों के युक्तिकरण को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सांसद, विधायकगण तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक




प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। आगामी विधानसभा से पूर्व मतदानकेन्द्रों के युक्तिकरण के लिये कार्रवाई की जा रही है। जिन मतदानकेन्द्रों पर 1400 से अधिक मतदाता हैं, वहाँ आयोग के निदेशानुसार नया मतदानकेन्द्र बनाया जा रहा है। इसके साथ ही जर्जर भवन में स्थित मतदानकेन्द्रों को निकटतम सरकारी भवन में स्थानांतरित किया जा रहा है। सभी चलंत मतदानकेन्द्रों को भी निकटतम सरकारी भवन में शिफ्ट किया जायेगा। इन सभी मापदंडों के आधार पर सभी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर मतदानकेन्द्रों की ड्राफ्ट सूची तैयार की गई है। ड्राफ्ट सूची में 3120 मतदानकेन्द्र प्रस्तावित हैं, जिसमें 91 नये मतदानकेंद्र शामिल हैं। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में सारण जिला में कुल 3029 मतदानकेन्द्र थे। इस प्रक्रिया के तहत आज जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सारण अमन समीर की अध्यक्षता में सांसद, विधायकगण एवं सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहुत की गई। सभी सदस्यों के साथ ड्राफ्ट सूची के आधार पर प्रस्तावित नये मतदानकेन्द्रों एवं नये भवन में स्थानांतरन हेतु प्रस्तावित मतदानकेन्द्रों को विधानसभावार चर्चा की गई। बताया गया कि मतदान केन्द्रों की ड्राफ्ट सूची के आधार पर 17 सितंबर तक दावा/आपत्ति सुझाव दिया जा सकता है। सभी प्राप्त दावा आपत्ति के आधार पर स्थलीय जाँच कराकर 25 सितंबर तक इसका निष्पादन किया जायेगा। इसके उपरांत 28 सितंबर को पुनः सभी सांसद, विधायकगण एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जायेगी। बैठक के उपरांत तैयार अंतिम सूची का प्रस्ताव भेजा जायेगा। बैठक में सांसद महाराजगंज, विधायक तरैया, विधायक अमनौर, विधायक मांझी अन्य सांसद एवं विधायकगण के प्रतिनिधि गण, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उपनिर्वाचन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## होटल मैनेजर समेत तीन गिरफ्तार




प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जनता बाजार थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रॉयल रेस्टोरेंट में चल रहे अनैतिक देह व्यापार के रैकेट का पदार्फाश किया है। मामले में पुलिस ने होटल मैनेजर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रॉयल रेस्टोरेंट में महिलाओं और लड़कियों को बहला-फुसलाकर देह व्यापार के धंधे में धकेला जा रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने रेस्टोरेंट में छापेमारी की और मौके से चार युवक-युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पाया।पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में गोल्डन गुप्ता पुत्र राजकिशोर गुप्ता साकिन पटेधा थाना झ महराजगंज जिला सिवान और उमेश कुमार पुत्र शंकर साह साकिन परसा, थाना एकमा जिला सारण एवं होटल के मैनेजर अमित कुमार, पिता अमीरलाल प्रसाद साकिन परसा बाजार, थाना एकमा, जिला सारण को गिरफ्तार किया गया` इनमें होटल मैनेजर अमित कुमार के अलावा गोल्डन गुप्ता और उमेश कुमार भी शामिल हैं। पुलिस ने मौके से तीन मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड और दो पैकेट कंडोम बरामद किए हैं। जनता बाजार थानाध्यक्ष निर्मला सुमन ने बताया कि इस मामले में जनताबाजार थाना कांड संख्या- 183/24 दिनांक झ 06/09/2024 धारा झ 3/4/5/6 1956 & 3/4 पोस्को एक्ट दर्ज किया गया एवं इस सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा सभी बिंदुओं पर जाँच कर अग्रतर करवाई की जा रही हैं उन्होंने ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

## नेशनल लोक अदालत की तैयारी तेज

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(कुमार अभिजितम)। आगामी दिनांक 14 सितंबर को आयोजित होने वाले तृतीय नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज ने प्रशिक्षु जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह के साथ बैठक की। प्राधिकार के सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि इस नेशनल लोक अदालत के लिए प्रचार रथ के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार किया जाए ताकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को इस नेशनल लोक अदालत के लिए जागरूक किया जा सके। वही विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से भी इस नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करने पर विशेष बल दिया। साथ ही बैठक के दौरान अन्य वैकल्पिक प्रचार-प्रसार की संभावना भी तलाशी गयी। वही सचिव द्वारा बताया गया कि लोक अदालत का आयोजन आम जनमानस के समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु किया जाता है। लोक अदालत में मामला उसी दिन समाप्त हो जाता है।लोक अदालत में मामला रखवाने के लिए किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई शुल्क नहीं लिया जाता है, यहां तक की यदि पूर्व में न्यायालय शुल्क का भुगतान किया गया है तो उसे भी पक्षकार को वापस कर दिया जाता है। पक्षकार न्यायालय में दाखिल होने के पूर्व भी अपने मामलों को सुलह के आधार पर निष्पादन कर सकते हैं।इस नेशनल लोक अदालत में सुलहनीय अपराधीक वाद, माप तौल, खनन, बीमा दवा कंपनी, बैंक लोन, लेबर एक्ट, वन विभाग से संबंधित सुलाहनीय वादों का निपटारा किया जाएगा।

## लायंस छपरा ग्रेटर ने किया अन्नपूर्णा खिचड़ी वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। लायंस क्लब आफ छपरा ग्रेटर के द्वारा 192 गरीबों एवं भूखे को अन्नपूर्णा खिचड़ी-वितरण का कार्यक्रम अंश फ्लैश श्री दावत रेस्टोरेंट के नीचे किया गया इस प्रोग्राम में मेहमान खास श्री ओ पी सिंह रिटायर स्टेशन सुपरिटेंडेंट के द्वारा अपने हाथों से गरीबों के बीच खिचड़ी वितरण किया क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एस जेड ए रिजवी ने बताया कि खिचड़ी-वितरण का यह कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को दिन में 1:00 बजे से 7 माह से हर शनिवार को किया जा रहा है और इस कार्य को सफल बनाने में सभी मेंबरों का भरपूर सहयोग मिल रहा है इस प्रोग्राम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका प्रोग्राम अध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं चंदन शर्मा क्लब क्लब उपाध्यक्ष विभूति नारायण शर्मा राजेश कुमार उपाध्याय सुमन कुमार सिंह दिलीप कुमार चौरसिया की रही इस कार्यक्रम में क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एस जेड ए रिजवी उपाध्यक्ष विभूति नारायण शर्मा, एस एम इब्राहिम जयप्रकाश, चंदन शर्मा,राजेश कुमार उपाध्याय ,सुमन कुमार सिंह,नवनीत कुमार, शेखर कुमार ,ओ पी सिंह ,लायन साथी ने कार्यक्रम को सफल बनाया इस कार्यक्रम की जानकारी प्रोग्राम अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने दी बनियापुर थानान्तर्गत ग्राम करही से कुल- 130 लीटर देशी शराब जप्त कर 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार बनियापुर। पुलिस अधीक्षक सारण के निर्देश पर सारण पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बनियापुर थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम करही स्थित विश्वकर्मा चौधरी के मकान में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा है। उक्त सूचना के आधार पर बनियापुर पुलिस टीम द्वारा छापेमारी कर कुल- 130 लीटर देशी शराब, 02 गैस चुल्हा, 02 सिलेन्डर, 02 स्टील का ड्रम एवं 02 तस्ला बरामद किया, साथ ही कन्हैया राय पिता लाल बिहारी राय ग्राम रामपुर मठिया, थाना- एकमा, जिला-सारण को गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में बनियापुर थाना कांड धारा- 30(ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधि0 दर्ज कर कांड में संलिप्त शराब तस्करों/कारोबारियों की गिरफ्तारी हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। जप्त/बरामद सामानों की विवरणी-1. देशी शराब- 130 लीटर 2. गैस चुल्हा-02 3. सिलेन्डर-02 4. स्टील का ड्रम-02 तस्ला-02 टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी पु0अ0नि0 आशुतोष कुमार थानाध्यक्ष बनियापुर थाना एवं थाना के अन्य कर्मी थे।

## 46 साल बाद रेलवे को वापस मिली अपनी जमीन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा प्रथम अपर जिला न्यायाधीश नीरज कुमार ने इविक्शन अपील संख्या 3/ 21 जो पूर्वोत्तर रेलवे कॉलेज सोनपुर बनाम सीनियर सेक्शन इंजीनियर सोनपुर के खिलाफ चल रहा था। उसमें रेलवे के पक्ष में फैसला सुनाया और पूर्वोत्तर रेलवे कॉलेज सोनपुर द्वारा दाखिल इविक्शन अपील को खारिज कर दिया। बताते चलें कि पूर्वोत्तर रेलवे महाविद्यालय बिना किसी सबूत के आधार पर अपना कॉलेज 1978 से रेलवे की जमीन पर चला रहा था।उस कॉलेज में कोई भी रेलवे कर्मचारी कार्यरत नहीं था जबकि वह भूमि रेलवे की थी ।भू संपदा अधिकारी रेलवे ने भी इविक्शन वाद संख्या 1/ 2021 जो पूर्व में कॉलेज के द्वारा दाखिल किया था। उसमें भी रेलवे के पक्ष में फैसला सुनाया था। जिसके खिलाफ कॉलेज द्वारा इविक्शन अपील 3/ 21 दाखिल किया गया था। रेलवे की ओर से रेलवे के विशेष अधिवक्ता तारकेश्वर मिश्र, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव पवन कुमार श्रीवास्तव और कॉलेज की ओर से अधिवक्ता सत्यानंद सिंह ने अपना पक्ष न्यायालय में रखा।

## परिवहन विभाग के अधिकारियों ने लोगों के साथ की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मांझी। माँझी के बलिया मोड़ स्थित एनएच 19 से निकलकर मांझी से गुठनी तक जानेवाली राजकीय सड़क मार्ग के चौड़ीकरण में आने वाली तकनीकी अड़चनों को दूर करने के उद्देश्य से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारियों ने शनिवार को मांझी नगर पंचायत के प्रभावित लोगों के साथ अंतिम दौर की बातचीत की।माँझी नगर पँचायत के वार्ड नंबर छह में स्थित थाना बाजार पर आयोजित बैठक में शीघ्र ही सड़क का चौड़ीकरण का निर्णय लिया गया। मौजूद पदाधिकारियों ने प्रभावितों की समस्याएं सुनी तथा शीघ्र ही उसके निष्पादन का आश्वासन दिया। कर्मचारियों ने बताया कि उक्त सड़क का चौड़ीकरण कर 16 से 18 मीटर तक किया जाएगा। जिसमें चौड़ीकरण के दायरे में पक्की नाली का भी निर्माण कराया जाएगा। चौड़ीकरण के दायरे में आने वाली सरकारी जमीन पर कंस्ट्रक्शन का भी मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही निजी जमीन पर तैयार कंस्ट्रक्शन एवम जमीन दोनों का मुआवजा मिलेगा। उपस्थित लोगों को यह जानकारी दी गई कि बलिया मोड़ से डाकघर तक 18 मीटर चौड़ा तथा डाकघर से मियां पट्टी मोड़ तक 16 मीटर चौड़ी भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। बैठक में पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर ऋषभ मिश्रा तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक के शहाबुद्दीन एवम अमीन नासिर राजा खान ,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सोहैल अहमद,,मनीष कुमार सिंह,चन्दन कुमार शैल देवी,छठ्ठू प्रसाद,पलविंदर प्रसाद,बशीर अहमद बबलू,विजय प्रसाद रोहित राज आदि दर्जनों ग्रामीण आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## राजद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई, नोटिस भी हुआ जारी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । राजद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण पर रोक मामले में नोटिस जारी किए जाने की पृष्ठभूमि पर आज सारण राजद द्वारा रौजा स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । सारण राजद जिला प्रवक्ता डॉ अमित रंजन ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि बिहार में 65 प्रतिशत बढ़ाए गए आरक्षण पर रोक मामले में जो लकीर है, उसकी एक तरफ राजद है तो दूसरी ओर बीजेपी और जदयू । उन्होंने यह भी कहा कि अब बिहार प्रदेश के नागरिक आश्वश्त हो चुके हैं कि दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ने वाला अगर कोई योद्धा है,तो वह तेजस्वी यादव हैं । इस अवसर पर सारण राजद जिलाध्यक्ष सुनील राय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी पार्टी भाजपा की पिछलग्गू बन चुकी है 'और भाजपा को खुश करने के लिए जी हजूरी करने की भूमिका में आ गई है । इसी का परिणाम है कि उच्च न्यायालय में राज्य सरकार ने बढ़े हुए आरक्षण को लेकर अपना पक्ष मजबूती से नहीं रखा । उन्होंने कहा कि आरक्षण के मुद्दे को राजद सड़क, सदन और अदालत तीनों मैदान में लड़ेगा और जीतेगा ।

## संक्षिप्त खबरें

### आज अखबार के प्रभारी रजनिश त्रिपाठी का अकास्मिक निधन

आरा। मीडिया और रंगमंच के साथ-साथ सामाजिक जगत के लिए अपूर्णीय छति....भोजपुर प्रेस क्लब आरा के अध्यक्ष और आज अखबार के प्रभारी रजनिश त्रिपाठी का आज पटना पीएमसीएच में हुआ अकास्मिक निधन लंबे समय से बिमारी से ग्रसित थे रजनिश त्रिपाठी...आरा के बुद्धिजीवी वर्ग और आम से लेकर खास लोगों में शोक की लहर इस दुःख की घड़ी में तमाम पत्रकार,रंगकर्मी सहित सभी लोगों ने शोक संवेदना प्रकट किया और उनके परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही है।

### बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पीड़ित परिवार से मिले राजद के नेता

करगहर(रोहतास )थाना के एक गांव में पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में राजद पांच सदस्यीय शिष्टमंडल श्री शिव शंकर कुशवाहा के नेतृत्व में शिष्टमंडल पीड़िता के गांव जाकर परिवार से मिला और आरोपी के गिरफ्तार नहीं होने पर नाराजगी प्रकट की। शिष्टमंडल के अध्यक्ष शिवशंकर कुशवाहा ने कहा कि पुलिस आरोपी का बचाव कर रही है।साथ ही कहा कि 24घंटा के अंदर पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं करती तो 36घंटे बाद राष्ट्रीय जनता दल इंडिया गठबंधन आंदोलन करने पर विवश होगा।आरोपी के गिरफ्तारी के लिए राजद का शिष्टमंडल शीघ्र पुलिस अधीक्षक से मिलकर पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग करेगा। राजद शिष्टमंडल में जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव,अभय यादव,धनजी सरपंच, जनार्दन सिंह कुशवाहा, सचिन, बीरेंद्र सिंह सहित कई अन्य राजद नेता शामिल थे।

### रेसलिंग राष्ट्रीय आर्म चैंपियनशिप में आसिफ ने कांस्य पदक जीत किया नाम रोशन

चैनपुर (कैमूर) रेसलिंग 45वीं राष्ट्रीय आर्म चैंपियनशिप में मो. आसिफ खान ने हैंड कांस्य पदक जीत कर कैमूर का लाल ने बिहार का नाम रौशन किया है।जो 5 सितंबर को ज्ञान भवन पटना में पंजा रेसलर कुश्ती के जीत दिलाने वाले भाई दीवान आसिफ खां पिता दीवान इम्तियाज खां ग्राम नौघरा थाना चैनपुर जिला कैमूर का रहने वाला लाल को बिहार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता जी के द्वारा एक लाख नगद एवं अवार्ड देकर मंच पर सम्मानित किया गया एवं रेसलर आसिफ खान को बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान के द्वारा भी सम्मानित किया गया वहीं इस सम्मान समारोह में खेल विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

### दो शराबी को जेल

रामपुर (कैमूर) रामपुर प्रखंड के बेलॉव थाना के पुलिस ने बृहस्पतिवार को बेलॉव गांव से दो शराबियों को गिरफ्तार किया है। वही गिरफ्तार शराबी से पूछताछ कर उसे सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।मिली जानकारी के मुताबिक बेलॉव गांव निवास स्वर्गीय द्वारिका विश्वकर्मा के पुत्र सुनील विश्वकर्मा व वीर बहादुर विश्वकर्मा के पुत्र चंदन विश्वकर्मा को शराब पीने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे मेडिकल जांच उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।इस संबंध में बेलॉव थाना अध्यक्ष अनिस कुमार ने बताया कि दोनों शराबियों को एक ही गांव बेलॉव से गिरफ्तार किया गया है।

### मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

रोहतास (सासाराम) मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम नवीन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित न्यू मीटिंग हॉल में बैठक आहूत की गई है। बैठक में माननीय सांसद, विधायक, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, अपर समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मौजूद थें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य बातें पर चर्चा करते हुए डीएम ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा शनिवार को मतदान केंद्रों के प्रारूप सूची प्रकाशित कर दी गई है। उक्त प्रारूप सूची को लेकर दावा या आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 17 सितंबर है।इस दौरान जो भी दावा या आपत्ति आएगी, उसे निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा 25 सितंबर तक निष्पादन कर लिया जाएगा। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ राजनीतिक दलों की अगली बैठक 26 से 28 सितंबर तक होगी।उन्होंने ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के संबंध में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण का निर्देश दिया गया था। इस निर्देश के उपरांत मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया गया।तत्पश्चात मतदान केंद्रों का युक्तिकरण किया गया है। वैसे मतदान केंद्र जहां 1400 से अधिक मतदाता हैं, उन जगहों पर वहीं दूसरे उपलब्ध कमरे में या वहीं परिसर में या फिर अन्य पोलिंग स्टेशन पर नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

# दो लाख का इनामी कुख्यात रंजीत चौधरी उत्तराखंड से गिरफ्तार

## बिहार एसटीएफ एवं उत्तराखंड पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में हुई गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर का कुख्यात वांछित अंतर्राज्यीय अपराधी रंजीत चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी शनिवार को उत्तराखंड राज्य के ऋषिकेश से हुई। बिहार एसटीएफ की विशेष टीम एवं उत्तराखंड पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में रंजीत चौधरी को दबोचा गया। हत्या, लूट, रंगदारी समेत दो दर्जन से अधिक मामले में आरोपित रंजीत चौधरी पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह बिहार के भोजपुर, पटना एवं झारखंड राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट एवं पुलिस पर हमला सहित करीब दो दर्जन से अधिक गंभीर मामलों में आरोपित रहा है।

**पटना में बालू ठेकेदार की हत्या में था आरोपित :** रंजीत चौधरी पटना एवं भोजपुर जिले के बालू ठेकेदारों से रंगदारी वसूलने एवं भय का माहौल पैदा करने के लिए चर्चित था। उसने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर 6 नवंबर, 2023 को पटना जिले के रानीतालाब थाना क्षेत्र के निसरपुरा गांव के रहने वाले बालू ठेकेदार देवराज की हत्या कर दी थी। इस संबंध में रानीतालाब (पटना) थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

**कोर्ट गेट के सामने बुजुर्ग को गोली मारने में नामजद था रंजीत:** 29 फरवरी 2024 की दोपहर आरा सिविल कोर्ट गेट के सामने तारीख पर न्यायालय आये उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी गोपाल चौधरी को गोली मार दी गयी थी। उसे लेकर उनके पुत्र गौतम चौधरी की ओर से नवादा थाने में रंजीत चौधरी सहित अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। सीसीटीवी फुटेज के जरिए भी घटना में शामिल सभी अपराधियों की पहचान की गयी थी।

# राजद के भोजपुर जिला प्रवक्ता आलोक रंजन ने किया प्रेसवार्ता

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। बिहार में 65 प्रतिशत बढ़ाये गये आरक्षण पर रोक के मामले में जो लकीर है उसके एक तरफ RJD तो दूसरी तरफ BJP और JDU – आलोक रंजन राजद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में बढ़ाये गये 65 प्रतिशत आरक्षण पर पटना हाईकोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने वाले मामले में नोटिस जारी किया है। उक्त को लेकर राजद के भोजपुर जिला प्रवक्ता आलोक रंजन ने प्रेस के माध्यम से कहा की अब यह तय हो गया है कि बिहार में 65 प्रतिशत बढ़ाये गये आरक्षण पर रोक के मामले में जो लकीर है उसके एक तरफ फ्खऊहै तो दूसरी तरफ BJP और JDU। उन्होंने आगे कहा की जब तक सूबे के मुखिया नीतीश कुमार राजद के साथ थे, तब तक वह आरक्षण के पक्ष में जरूर थे क्योंकि उन पर राजद का दमदार प्रेशर था। लेकिन भाजपा की गोद में बैठते ही नीतीश जी मोदी-शाह को खुश करने के लिए जी-हुजूरी करने की भूमिका में आ चुके हैं। पटना हाईकोर्ट में जब बढ़े हुए आरक्षण पर रोक लगाने की याचिका पर बहस हुई तो निश्चित तौर पर राज्य सरकार ने भाजपा को खुश करने के लिए अपना पक्ष मजबूती से नहीं रखा। नतीजा यह हुआ कि पटना हाईकोर्ट ने आरक्षण संशोधन कानून पर रोक लगाने का फैसला सुना दिया।

आलोक ने यह भी कहा की अब बिहार और देश के नागरिक आश्वस्त हो चुके हैं कि दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ने वाला अगर कोई योद्धा है तो वह तेजस्वी यादव हैं, कोई और नहीं। राष्ट्रीय जनता दल कि यह घोषणा थी कि वह आरक्षण के मुद्दे को सड़क,सदन और अदालत तीनों मैदानों में लड़ेगा और जीतेगा। मतलब स्पष्ट है कि आरक्षण पर दोमुंही राजनीति करने वाली भाजपा और भाजपा की जी हुजूरी करने वाला जदयू जनता की नजरों में बेनकाब हो चुके हैं।

# आरा में 9 सितंबर को मनाया जाएगा भगवान बलभद्र की जयंती समारोह

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। आरा में 9 सितंबर को भगवान बलभद्र की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसको लेकर ब्याहुत कलवार सेवा संघ के अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद ब्याहुत की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन आरा शहर के नवादा स्थित ब्याहुत कलवार सेवा भवन में आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफलीभूत बनाने के लिए संघ के सदस्यों ने बारी बारी से अपनी बातों को रखा। भगवान बलभद्र की जयंती समारोह पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ब्याहुत कलवार सेवा संघ के अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद ब्याहुत ने बताया कि इस बार जयंती समारोह हर वर्ष से भव्य व ऐतिहासिक होगा। इस कार्यक्रम में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, एमएलसी, मेयर शामिल होंगे जिन्हें समाज के द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा इतना ही नहीं भगवान बलभद्र जी की पूजा अर्चना के बाद बड़ी संख्या में समाज के जो बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं व देश प्रदेश में जो बच्चे सरकारी, अर्धसरकारी व निजी संस्थानों में अपने समाज का परचम लहरा रहे हैं साथ ही जो बच्चे स्पोर्ट्स में मेडल प्राप्त कर चुके हैं उन्हें भी मेडल, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इतना ही नहीं चयनित गरीब मेधावी बच्चों को पूरे कोर्स तक आर्थिक मदद भी दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारे समाज के कई महिला व पुरुष ऐसे हैं जो पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं उन्हें भी चिन्हित कर मंच से सम्मानित किया जाता है। बलभद्र जयंती समारोह का एक यह भी उद्देश्य होता है कि हम अपने कुल देवता की पूजा के साथ-साथ अपने समाज के लोगों के साथ मिलजुल कर आपसी प्रेम व भाईचारा कायम रखें, जिसमें जिले भर से लोग इस कार्यक्रम में पहुंचते हैं। आज के इस बैठक में भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना से लेकर प्रसाद वितरण और सम्मान समारोह सहित कई बातों पर गहन चर्चा हुई। इस दौरान महासचिव गणेश प्रसाद ब्याहुत, पूर्व महासचिव सुरेश प्रसाद ब्याहुत, मीडिया प्रभारी राजेश प्रसाद ब्याहुत (राजु जी)सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# आरा के अनु ओझा 'साइंस संग्रह' एजुकेशन एप्प के माध्यम से बच्चों को दे रहे हैं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। मान लो तो हार और ठान लो तो जीत है। जब ठान कर किसी काम में जुटा जाए तो सफलता हर हाल में मिलती है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है आरा के रहने वाले अनु ओझा ने। आठ साल पहले अनु कुमार ने बिहार के छात्रों को पढ़ाने की शुरूआत की थी। सीमित संसाधनों और संघर्षों के बावजूद, उन्होंने अपने ज्ञान को बांटना शुरू किया। उनकी मेहनत और समर्पण का नतीजा है कि आज उनकी पढ़ाई से राज्य और जिला स्तर पर कई टॉपर्स निकले हैं। अनु कुमार का "साइंस संग्रह" नाम से एक यूट्यूब चैनल है। इस चैनल के माध्यम से वे बिहार के दूरदराज के हिस्सों में भी पहुंच रहे हैं, जहां शायद ही कभी शिक्षा की रोशनी पहुंच पाती। उनकी सरल और प्रभावी शिक्षण शैली ने न केवल बच्चों को पढ़ाई में रुचि दिलाई, बल्कि उनकी ज़िंदगी भी बदल दी। इसके अलावा, अनु कुमार का एक ऐप भी है, जिसे प्ले स्टोर पर 5 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है। अनु बताते हैं कि साइंस संग्रह ऑनलाइन कोचिंग क्लास का मकसद है कि गांव,शहर के गरीब और जरूरतमंद जो बच्चे हैं। जिनमें अच्छी क्वालिटी की शिक्षा लेने की ललक है और वो पैसे के अभाव में बेहतर शिक्षा को ग्रहण नहीं कर पाते हैं। उनके लिए घर बैठे ही बहुत कम पैसे में ऑनलाइन के माध्यम से अब वो हमारी साइंस संग्रह क्लास को अटेंड कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सिर्फ एंड्राइड मोबाइल या फिर कंप्यूटर लैपटॉप को इंटरनेट के माध्यम से हम लोगों के ऑनलाइन क्लास से जुड़ना होगा। छात्र छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षा मुहैया कराने के लिए हमारे ऑनलाइन क्लास में अनुभवी शिक्षक मौजूद है।

# लोजपा रामविलास जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान के नेतृत्व में मिला शिष्टमंडल शहीद के परिजन से

प्रात: किरण संवाददाता



भोजपुर। सहार थाना अंतर्गत गोडिहा गांव निवासी आईटीबीपी के जवान राजा राम पिता स्वर्गीय जगजीवन राम सिक्किम में अपराधियों के गोली से शहिद हो गए। शहीद राजा राम पासवान के पिता स्वर्गीय जगजीवन राम भी आईटीबीपी में ही कार्यरत थे उनकी मृत्यु बीमारी के कारण हो चुकी थी इसके बाद बेटा राजाराम पासवान भी आईटीबीपी 2011 में अंबाला चंडीगढ़ में ज्वॉइन किए थे इसके बाद छतीश गढ़ से डेढ़ माह पूर्व सिकीम ज्वाइन किए थे। पत्नी प्रत्येक दिन अपने पति राजाराम से बात करके ही सोया करती थी तीज के एक दिन राजा राम ने अपनी पत्नी से शाम 4 बजे बात की थी तथा कुशल क्षेम पूछने के बाद पत्नी रात्रि में सो गई कि ठीक रात एक बजे आईटीबीपी का ऑफिसर का फोन आया कि आपके पति को गोली लग गई। घटना की जानकारी जैसे ही लोजपा रामविलास जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान को मिली वे अपने शिष्टमंडल के साथ शहीद के परिजन से मिलने उनके गांव गोडीहा पहुंचे तथा शहीद की पत्नी राजा मुनी देवी पुत्र राजकुमार,रजनीश और पुत्री रंभा कुमारी से मिलकर घटना की जानकारी ली तथा ढाढस बंधाया।शहीद के परिजन दहाड़ मार कर रो रहे थे दो बेटा और एक बेटी के के सिर से साया हट गया,मां राजा मुनि देवी का सुहाग उजड़ गया।घटना की जानकारी मिलते ही अड़ोस पड़ोस के ग्रामीणों ने शहीद के घर जुट कर ढाढस बंधा रहे थे।राजेश्वर पासवान ने कहा कि शहीद राजा राम जी की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी हमारे देश की सेना जो भी अपराधी हो उन्हे खोज निकालेंगी तथा जबाबी करवाई जरूर करेंगी।पूरे भारत वासियो को उनके शहादत पर गर्व है उनको हम सभी उन्हें सलाम करते है। इस दुख की घड़ी में लोजपा परिवार शहीद की परिजनों के साथ खड़ी है। लोजपा रामविलास के शिष्टमंडल में शोक संतावना देने वालो में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोज पासवान,संसदीय बोर्ड के जिला महासचिव अरविंद ओझा, अगियाव प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार ,रघुवर पासवान,चीकू जी आदि लोग शामिल थे।

# डॉ अजय सिंह को तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय का सचिव बनाया गया

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय आरा के तदर्थ समिति की बैठक किया गया महाविद्यालय परिसर में अवस्थित प्राचार्या कक्ष में जनप्रतिनिधि बड़हरा राघवेंद्र प्रताप सिंह विधायक की अध्यक्षता तथा समिति सचिव प्रो डॉ मो अल्लाउद्दीन के उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्वाचित दानदाता शासी निकाय हेतु डॉ अजय कुमार सिंह को दिनांक 05 09 2024 को हुए निर्वाचन की कार्यवाही को संपुष्ट की गई साथ ही शिक्षक प्रतिनिधि में डॉ सियामती कुमारी निर्विरोध निर्वाचन की कार्यवाही को सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया अंत में बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत बैठक की कार्यवाही को समाप्त की गयी इस अवसर पर सभी महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षाकाए उपस्थिति रही डॉ अजय सिंह को सचिव बनने पर लोगों ने शुभकामना दी डॉ अजय सिंह सचिव बनने पर लोगों ने अंग वस्त्र एवं बुके से सम्मानित किया वही बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि डॉक्टर अजय सिंह सचिव बनने पर महाविद्यालय को विकास की ओर तेजी से बढ़ेगा।

# पत्रकार के माता की निधन के बाद परिवार को पूर्व सांसद ने दिया सांत्वना

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। न्यूज 18 के वरिष्ठ पत्रकार देव कुमार पुखराज के माता जी एवं न्यूज 18 आरा के संवाददाता चंदन कुमार की नानी तथा धर्मपत्नी के निधन की खबर सुनकर जहानाबाद लोक सभा के माननीय पूर्व सांसद डॉक्टर अरुण कुमार ने आज अपने पुराने सहयोगियों के साथ सर्वोदय नगर आरा में स्थित देवकुमार पुखराज के आवास पर जाकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। अपने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए डॉक्टर अरुण कुमार ने कहा कि वे एक सामाजिक एवम धर्मपरायण महिला थी उनका जाना हमलोगों के लिए भी अपूरणीय क्षति है वही पत्रकार चंदन कुमार की पत्नी की असामयिक निधन पर पूर्व सांसद ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अचानक हुई मौत से हम सभी स्तब्ध है और दुःख की घड़ी में हम सभी की संवेदना परिवार के साथ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि परिवार को संबल प्रदान करें। शोक संतप्त परिवार से मिलने और शोक व्यक्त करने वालों में समाज सेवी नीलेश्वर उपाध्याय, पंकज सिंह,प्रमोद चौधरी,प्रवीण कुमार,सुभाष मिश्रा,त्रिपुरारी शरण,अमरेंद्र कुमार,अरुण सिंह,अजय कुमार ,विजय कुमार, चंदन मिश्रा,आनंद कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

# बाल स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण के बरही पर भंडारे का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास) : बाल स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव बाद शनिवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत काराकाट निज ग्राम मोहनपुर ठाकुरबाड़ी में बाल स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण के प्रतिमा रखें ठाकुरबाड़ी में भव्य भंडारे का आयोजन बरही के मौके पर आयोजित की गई। उक्त गांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के बाद भगवान श्रीकृष्ण की बरही भी बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है। इसके लिए ठाकुरबाड़ी में पहले से तैयारी की जाती है। उक्त गांव के ठाकुरबाड़ी में कई दशक से यह परंपरा चली आ रही है। शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा होने के बाद बरही का उत्सव मनाया गया। इस आयोजन के मुख्य आचार्य गुप्तेश्वर पाण्डेय ने बताया कि बरही के मौके पर बाल स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण को चावल,दाल,दहीबाडा. व पांच प्रकार की सब्जी सहित पुआ पूड़ी बुनिया जलेबी सहित अन्य प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। उसके उपरांत दोपहर से भंडारा का शुरूआत हुआ। जिसमें सैकड़ों लोगों ने महा- प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में शामिल होने वाले भक्तों में राजेंद्र सिंह(महंत), गुड्डू सिंह,अनिल सिंह सहित सैकड़ों भक्तों ने भंडारे में भाग लिया। साथ ही साथ सांकृतिक कार्यक्रम में भजन ,कृतन ,गीत संगीत से माहौल भागती मय रहा।

### संयुक्त किसान मोर्चा की दो दर्जन से अधिक गांवों में हुआ बैठक

बक्सर। चौसा थर्मल पावर से प्रभावित दो दर्जन से अधिक गांवों के किसानों की बैठक में पुनः आंदोलन को तेज करने का फैसला लिया गया। बैठक में यह घोषणा की गई कि जब तक किसानों की सारी मांगे मान नहीं ली जाती और किसानों के उत्पीड़न में शामिल अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं हो जाती तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। बैठक की अध्यक्षता बनारपुर की जुझारू और वृद्ध महिला तेतरी देवी ने किया। पंचायत भवन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार ने कहा कि बक्सर का किसान आंदोलन अब यह राष्ट्रीय आंदोलन का रूप धारण कर चुका है और अब इसे सत्ता के अधिकारों और दमन की ताकतों से कुचला नहीं जा सकता। बक्सर के किसानों के घरों को तोड़फोड़ और लूट-पाट करते हुए पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी सीसीटीवी और अन्य कैमरों में कैद है। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# साधनहीन समाज को भी शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने की जरूरत : सरोज कुमार

आरा (एसएनबी)। योगेंद्र इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग आनाईठ आरा में शिक्षक दिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटने एवं महादलित बच्चियों को खिलाने के साथ शुरू हुआ। पूर्व राष्टपति डॉ राधाकृष्णन श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कॉलेज निर्देशक सरोज कुमार ने कहा कि कोई भी शिक्षक कभी साधारण नहीं होता है। प्रलय और निर्माण उनकी गोद मे पलते हैं। शिक्षक भविष्य निमार्ता होता है। उन्हें चाहिए कि वो बच्चों की भावना को समझते हुये समय और जरूरत के अनुरूप अपनी शिक्षण पद्धति को तैयार करें, ताकि पढ़ाई बच्चों को बोझ ना लगे।

उन्होंने चिकित्सा नर्सिंग के क्षेत्र में प्रकाश डाला और नर्सिंग शिक्षा में समर्पण एवं गुणवाता की जरूरत बतायी। श्री कुमार ने कहा कि सक्षम लोगों को शिक्षित करने के साथ साधनहीन लोगों को भी शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने की जरूरत है। उक्त मौके पर डॉ भीम सिंह भवेश, कुंदन कुमार, राकेश सिंह, जय प्रकश दास, शिक्षक मोनू कुमार एवं एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं सहित काफी संख्या में महादलित बच्चे-बच्चियां उपस्थित थीं।

# पर्यटन स्थल यात्रा को लेकर डीएम ने केंद्रीय सहायता समिति के साथ की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता




सासाराम (रोहतास) बिहार विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के स्थल अध्ययन यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को सर्किट हाउस में सभापति मो. नेहालुद्दीन की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। इस बैठक में जिलाधिकारी नवीन कुमार,अपर समाहर्ता चंद्रशेखर प्रसाद सिंह सहित समिति के आठ माननीय सदस्य और सभी विभागों एवं शाखाओं के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

पर्यटन को लेकर जिलाधिकारी नवीन कुमार ने समिति के सभापति एवं अन्य सदस्यों को जिले में चल रहे विकास कार्यो से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि यह जिला पर्यटन के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है। यहां रोहतासगढ़ किला, गुप्ता धाम, मंझार कुंड सहित अन्य पर्यटन स्थलों के सम्पूर्ण विकास को लेकर प्रस्ताव बनाकर पटना भेजा गया है। इस बाबत पर्यटन विभाग की एक टीम ने भी सभी पर्यटन स्थलों का दौरा कर जायजा लिया है। उम्मीद है जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक खबर मिलेगी और रोहतास के पर्यटन स्थलों का कायाकल्प देखने को मिलेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि रोहतास जिले में ज्यादातर पर्यटन स्थल जंगल के अंदर हैं और वहां की जमीन वन प्रमंडल के अंतर्गत आता है। उन्होंने समिति को बताया कि लगभग 100 एकड़ की जमीन जंगल के अंदर या फिर जंगल के किनारे बिहार सरकार की है। जिलाधिकारी ने बताया कि वे रोहतासगढ़ किला, गुप्ता धाम आदि पर्यटन स्थलों के पास की वन प्रमंडल की जमीन से बिहार सरकार की वन के अंदर या वन के किनारे वाली जमीन से साझा करने की बात चल रही है। इस पर जल्द ही सहमति बनने की उम्मीद है। उन्होंने समिति को अवगत करवाया कि शहर के अंदर सलीम शाह मकबरे एवं तालाब का जीर्णोधार किया गया है और वहां से अतिक्रमण हटाया गया है। यह लगभग 29 एकड़ में बना हुआ है। इसके चारों तरफ बाउंड्री की जा रही है। अगले 4 महीने में इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। बिहार विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति की बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित अध्ययन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### बाबा गणिनाथ जन्मोत्सव सह पूजन कार्यक्रम आयोजित

काराकाट(रोहतास)। बाब गणिनाथ गोविन्द जी महाराज की जयंती सामारोह सह पूजन कार्यक्रम का आयोजन शिव मंदिर काराकाट के प्रांगण में सम्पन हुआ। जिसका अध्यक्षता बाब गणिनाथ पूजा समिति के अध्यक्ष मुनीलाल प्रसाद तथा संचालन संजय गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे कार्यक्रम का उद्घाटन के पूर्व शत शरण पब्लिक स्कूल के बच्चियों द्वारा स्वागत गान के साथ आये सभी अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से 'रिबन काट कर किया गय कार्यक्रम के प्रयागराज से आप कलाकारों न अपनी भव्य प्रस्तुती दी। एक बढ़ कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अर्जुन गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, नवीन चन्द साह, चन्द्रीका साह ,शिशु शिक्षा मंदिर काराकाट के संचालक प्रो सुरेश तिवारी,सुनील सिंह , यादयू प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह उपस्थित रहे। अर्जुन गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गणिनाथ भगवान शिव के अवतार हैं। उनके द्वारा किया गया समाज एवं धर्म के प्रति कार्य हम सब के लिए प्रेरणादाय है।

# प्रताड़ना से तंग होकर मुखिया प्रतिनिधि ने डीएम से सुरक्षा का गुहार लगाई

## आरक्षी उपाधीक्षक ने मुखिया प्रतिनिधिमंडल से मिल सहायता का दिया आश्वासन

प्रात: किरण संवाददाता



कुदरा (कैमूर)जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत देवराढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि असमाजिक लोगों की प्रताड़ना से तंग हो, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहनियां दिलीप कुमार सहित कैमूर आरक्षित अधीक्षक ललित मोहन शर्मा व जिला पदाधिकारी सावन कुमार से लगाई सुरक्षा की गुहार।जी हां यह मामला कुदरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत देवराढ़ पंचायत के करमा ग्रामवासी, मुखिया प्रतिनिधि सह राष्ट्रीय जनता दल जिला उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर यादव की है, जो राजनीतिक पार्टी में सम्मिलित होने के साथ ही पंचायती चुनाव के बहुत पहले से निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा सहित अन्य सहयोग क्षेत्र वासियों के बीच प्रदान करते आ रहें हैं। जिनके साथ क्षेत्र के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा परोक्ष से कुछ हानि पहुंचाने का कोशिश किया जा रहा है। जो एक वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग दो स्थित इनकी होटल नीलकमल रेस्टोरेंट के गेट के पास से, खड़ी टैक्टर को अपराधियों ने गायब कर दिया था, तो उस घटना के बाद होटल परिसर से इनकी एक गाय भी अचानक गायब हो गई। जिसकी शिकायत उनके द्वारा निवर्तमान थाना अध्यक्ष से किया गया था। मामला बड़ी ना समझ इनके द्वारा भी विशेष ध्यान नहीं दिया गया। इसके बाद असामाजिक तत्वों का मनोबल इस कदर बढ़ा, की विगत गुरुवार के दिन मुखिया प्रतिनिधि के रेस्टोरेंट अंतर्गत कार्य करने वाले सुरक्षा कर्मी को छुट्टी के बाद घर जाते वक्त रोक कर बिना नंबर प्लेट बुलेट एवं अपाचे गाड़ी पर सवार मुंह बांधे असमाजिक तत्वों अपराधियों द्वारा पूछा गया, कि क्या होटल नीलकमल से आ रहे हो, वहां मुखिया है ? सुरक्षाकर्मी ने कहां कही गए हुए है। तो अपराधियों ने कहा की उसकी किस्मत अच्छा है। जानकारी मिलने के बाद मुखिया प्रतिनिधि की सुरक्षा के गुहार में मुखिया प्रतिनिधि मंडल, प्रखंड क्षेत्र के बहेरा पंचायत के मुखिया विनोद यादव,सकरी पंचायत के मुखिया धनजीत चौधरी,घटांव पंचायत के मुखिया श्रीभगवान पासवान ने अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय पहुंच आशा की गुहार लगाई। क्षेत्र दौरे पर निकले आरक्षी अधीक्षक दिलीप कुमार घटना स्थल पर पहुंच मुखिया प्रतिनिधि मंडल से मिल मामले की जानकारी लीं। तत्पश्चात उनके द्वारा हर संभव सहयोग हेतु आश्वस्त किया गय तथा। मौके पर उपस्थित सभी लोगों के द्वारा नशेड़ियों से ऐसे कर्म कुकृत्य की आशा रखा गया, जिसपर उन्होंने ने कहा हमारा मुख्य उद्देश्य है नवयुवकों को नशा मुक्त करना, जिसके लिए हम पूरी तरह से तैनात हैं तथा आप सभी के माध्यम से हम यही कहना चाहते हैं कि जहां कहीं भी इस तरह की सूचना मिले कृपया हमें सूचित करें।



# स्त्री 3 में एक ही शर्त पर दिखाई देंगे अक्षय कुमार? हॉरर-कॉमेडी फिल्म को लेकर उत्साहित फैंस

स्त्री 2 की अपार सफलता के बाद अब सभी की निगाहें हॉरर-कॉमेडी फेंचाइजी की तीसरी फिल्म पर टिकी हुई हैं। श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 लगातार बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर कई इतिहास रच चुकी है। स्त्री 2 को इसकी पहली किस्त स्त्री से भी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। फिल्म में इस बार सरकटे का आतंक वाकई में बॉक्स ऑफिस पर जमकर आतंक फैला रहा है। स्त्री 2 को दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं और अब इसकी तीसरी किस्त के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अक्षय कुमार के प्रशंसक यह जानने के लिए बेताब है कि क्या स्त्री 3 में अक्षय दिखाई देंगे, जिस पर अब फिल्म स्त्री के निर्देशक अमर कौशिश ने अपनी चुप्पी तोड़ी है और बताया है कि किस एक शर्त पर स्त्री 3 में अक्षय कुमार नजर आ सकते हैं। स्त्री 2 को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है, जिसे साफ तौर पर इसकी कमाई से मापा जा सकता है। रिलीज के 20 दिनों के भीतर ही फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़ और अब स्त्री 2 500 करोड़ के क्लब में शामिल हो चुकी है। फिल्म में राजकुमार राव, अभिषेक बनर्जी, पंकज त्रिपाठी, श्रद्धा कपूर और कई कलाकारों ने अपनी धमाकेदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं फिल्म में अक्षय कुमार और वरुण धवन ने कैमियो किया था, जो दर्शकों को बेहद पसंद आया। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अब स्त्री 3 में अक्षय नजर आएंगे या नहीं यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। एक इंटरव्यू के दौरान स्त्री के निर्देशक अमर कौशिक ने अब इस बात पर अपनी चुप्पी तोड़ी है कि दर्शकों को स्त्री 3 के लिए कब तक इंतजार करना होगा क्योंतकि प्रशंसकों को स्त्री 2 के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा है। फिल्म स्त्री 2018 में रिलीज हुई थी, और इसका दूसरा भाग देखने में छह साल लग गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान स्त्री के निर्देशक अमर कौशिक ने कहा, हमें हॉरर-कॉमेडी फैंचाइजी के तीसरे भाग के लिए बहुत लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आगे अमर कौशिक ने खुलासा किया, फिल्म स्त्री 3 तीन साल में बड़े पर्दे पर आ सकती है। मुझे लगता है कि यह (स्त्री 2) पहली (फिल्म) से छह साल में बनी थी। हालांकि, इसमें छह साल नहीं लगेंगे, इसमें केवल तीन साल ही लगेंगे।



# नेहा को पेरेंट्स से मिली स्वच्छ काम करने की सलाह

जी टीवी के 'रामायण' में सीता और 'यशोमति मैया के नन्दलाला' में यशोदा का किरदार निभा चुकी टीवी एक्ट्रेस नेहा सरगम को मिर्जापुर की सलोनी भाभी के रूप में खूब लोकप्रियता मिली है। जब इस सीरीज में नेहा को काम करने का ऑफर मिला तो उनके पेरेंट्स ने स्वच्छ काम करने की सलाह दी थी। लेकिन जब उन्हें बताया गया कि सीजन 3 में इंटीमेट सीन है तो खूब रोई। बातचीत के दौरान नेहा ने बताया कि एक्टिंग में कोई उनकी दिलचस्पी ही नहीं थी। वो सिंगिंग में अपनी किस्मत आजमाना चाहती थी। ..

**सुना है कि दोस्तों ने आपका नाम इंडियन आइडल में जबरदस्ती रजिस्टर्ड करवा दिया था?**

जब इंडियन आइडल का पहला सीजन शुरू हुआ था। घर वालों ने सलाह दी थी कि जाना चाहिए। पहले सीजन में वोटिंग राउंड तक ही पहुंच पाई थी। वह टेलिकास्ट नहीं हुआ था। मुझे रिएल्टी शोज और कंपटीशन पसंद नहीं थे। मैं दोबारा इंडियन आइडल में भाग नहीं लेना चाहती थी। सीजन 4 में दोस्तों ने जबरदस्ती नाम रजिस्टर्ड करवा दिया। लेकिन जाने से पहले एक्सीडेंट हो गया था। फिर भी मैंने भाग लिया था। इसका ऑडिशन काफी वायरल हुआ था।

**इसी वायरल ऑडिशन की वजह से एक्टिंग में आपको पहला मौका राजन शाही के सीरियल 'चांद छुपा बादल में' मिला?**

इस सीरियल की कास्टिंग टीम ने पहले किसी और शो के लिए ऑडिशन लिया था। उस ऑडिशन को राजन शाही ने देखा था। उन्हें लगा कि निवेदिता की भूमिका के लिए मैं परफेक्ट हूं। तब तक मैंने एक्टिंग के बारे में नहीं सोचा था। मुझे लग रहा था कि एक्टिंग नहीं कर पाऊंगी। राजन शाही ने मेरे पेरेंट्स से बात की। मैं मम्मी के साथ मुंबई आ गई। ऑडिशन दिया और 'चांद छुपा बादल में' के लिए सिलेक्ट हो गई।

**मिर्जापुर सीरीज में काम करने का मौका कैसे मिला?**

मैं एक म्यूजिकल शो 'मुगल- ए-आजम' करती हूं। इसमें मैं अनारकली का किरदार निभाती हूं। इस शो को देखकर कास्टिंग डायरेक्टर ने मेरी कास्टिंग की थी। इस शो को फिरोज अब्बास खान डायरेक्ट करते हैं। एक बार इस शो को देखने रेखा जी आईं थीं। उन्होंने कहा था कि अपने फैन के लिस्ट में सबसे ऊपर मेरा नाम लिख लेना। पहले मुझे मिर्जापुर के लिए माधुरी के किरदार के लिए बुलाया गया था। उसके बाद मुझे सलोनी की भूमिका के लिए कास्ट किया गया।

**जब 'मिर्जापुर' में आपकी कास्टिंग हुई तो पेरेंट्स के क्या रिएक्शन थे?**

मैंने इस सीरीज का पहला सीजन मम्मी को दिखाया था। वो बोलीं कि बड़ी आसानी से गाली दे रहे हैं। जब मैंने पेरेंट्स को बताया था कि इसमे काम करने का ऑफर मिला है। उनका यही सुझाव था कि शो वालों को बोल दो कि तुमसे स्वच्छ काम करवाए। जब मेरी क्रिएटिव टीम से मीटिंग हुई उनको पेरेंट्स की बात बताई तो उन्होंने कहा कि मेरा प्रॉमिस है कि सीजन 2 में आप का ऐसा कुछ नहीं है, स्वच्छ ही रहेगा।

**लेकिन जब सीजन 3 में इंटीमेट सीन के बारे में बताया गया तब क्या रिएक्शन था?**

मैं शॉक्ड थी। मुझे समझ में नहीं आ रहा था। मैं उन्हें पहले ही बता चुकी थी कि इस तरह के सीन नहीं कर पाऊंगी। मैंने स्क्रिप्ट बहन को पढ़ने के लिए दी। उसने कहा कि तुम यह कैसे करोगी? मैं रोने लगी। मम्मी ने समझाया कि सभी तो आजकल ऐसा ही कर रहे हैं। लेकिन यह सीन करते वक्त मैं बहुत नर्वस थी।

**कभी कोई शॉकिंग एक्सपीरियंस रहा है?**

ऐसा कोई एक्सपीरियंस तो नहीं रहा है। अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो यह इंडस्ट्री बहुत ही सुरक्षित है। मुझे ऐसा लगता है कि बाहरी दुनिया से ज्यादा मैं इंडस्ट्री में खुद को सुरक्षित महसूस करती हूं। यहां के लोग बहुत ही प्रोफेशनल हैं।

**आपका कोई ड्रीम रोल है?**

यह समय के अनुसार बदलता रहता है। एक समय मुझे लगता था कि डॉक्टर का रोल करना है। मुझे लगता है कि डॉक्टर के रोल में अच्छी दिखूंगी। लेकिन अभी सोचती हूं कि इंवेस्टिगेटिव वाले रोल करूं। लेकिन क्यों, मुझे पता नहीं है।



# कैटरीना कैफ ने देखी ईशान खट्टर की पहली हॉलीवुड सीरीज, द परफेक्ट कपल को लेकर दी ये प्रतिक्रिया



कैटरीना कैफ बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हैं। उन्होंने कई बड़ी और ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है। हालांकि, वह पिछले कुछ महीनों से फिल्मी पर्दे पर नजर नहीं आई हैं। उनके फैंस उन्हें एक बार फिर पर्दे पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच वह सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय नजर आ रही हैं। वह अक्सर रिलीज हो रही फिल्मों और सीरीज को लेकर अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर साझा कर रही हैं। इस बार उन्होंने ईशान खट्टर की हालिया रिलीज सीरीज द परफेक्ट कपल को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

## फोन भूत में ईशान के साथ काम कर चुकी हैं कैटरीना

कैटरीना कैफ साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म फोन भूत में ईशान खट्टर के साथ काम कर चुकी हैं। इस फिल्म में दोनों के तालमेल ने दर्शकों का काफी मनोरंजन किया था। अब अभिनेत्री ने ईशान की डेब्यू हॉलीवुड सीरीज द परफेक्ट कपल को लेकर अपनी राय साझा की है। उन्होंने ईशान के पोस्ट पर कमेंट करते हुए अभिनेता की तारीफ की है। अभिनेत्री ने उनके तस्वीर पर कमेंट कर तारीफ करते हुए लिखा, आप इस सीरीज में काफी अच्छे लगे हैं। अपने कमेंट में उन्होंने ताली बजाने वाली इमोजी को भी शामिल किया है। ईशान खट्टर, निकोल किडमैन समेत अन्य कलाकारों के साथ इस सीरीज में नजर आए हैं। ये सीरीज एलिन हिल्डरब्रांड के 2018 के उपन्यास पर आधारित है। यह एक मर्डर मिस्ट्री है, जिसमें मुख्य रूप से एक कपल की कहानी दिखाई गई है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर बीते पांच सितंबर से प्रीमियर हो रही है। हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान ईशान खट्टर ने इस प्रोजेक्ट पर काम करने को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया था।

# ओटीटी की क्वीन के रूप में मशहूर हैं राधिका आप्टे



चर्चित अभिनेत्री राधिका आप्टे जन्मदिन मना रही हैं। राधिका ने टीवी शो से लेकर फिल्मों और ओटीटी तक अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। राधिका ने साल 2005 में फिल्म वाह लाइफ हो तो ऐसी से डेब्यू किया, मुख्य अभिनेत्री के तौर पर उनकी पहली फिल्म शोर इन द सिटी थी, इसके बाद उन्होंने रक्त चरित्र, रक्त चरित्र 2 और आई एम फिल्में कीं। राधिका ने पार्च्ड, माझी- द आउंटेन मैन, अंधाधुन, बदलापुर और पैडमैन जैसी फिल्मों से खूब ध्यान खींचा। हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम, बंगाली, मराठी और अंग्रेजी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। राधिका अभिनय के साथ-साथ नृत्य की विधा में भी पारंगत हैं। निजी जिंदगी की बात करें तो उन्होंने साल 2012 में म्यूजिशियन बेनेडिक्ट टेलर से शादी रचाई है, राधिका डांस डिप्लोमा के लिए लंदन गई थीं वहीं उनकी मुलाकात बेनेडिक्ट से हुई।

# पहली फिल्म के बाद मां हेमा मालिनी से तुलना किए जाने पर निराश थीं एशा देओल

फिल्म स्टार हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की बेटी एशा देओल ने 2000 के दशक की शुरुआत में काफी उम्मीदों के बीच उन्होंने अपनी फिल्मी शुरुआत की। अब एशा ने बताया कि उन्हें ज्यादा दबाव महसूस नहीं हुआ, जब उन्होंने अपनी पहली दो फिल्में साइन कीं, उस वक्त वह अपने माता-पिता की विरासत को आगे बढ़ाने के बारे में सोच रही थीं, लेकिन जैसे ही वे फिल्में रिलीज हुईं, वे दर्शकों की प्रतिक्रियाओं से काफी शॉक्ड थीं।अपने हालिया इंटरव्यू में एशा ने याद किया कि अक्सर उनकी तुलना उनकी मां हेमा मालिनी से की जाती थी, जो लंबे समय से सुपरस्टार थीं और उन्हें लगता था कि यह तुलना गलत है क्योंकि उन्होंने अभी-अभी अपना करियर शुरू किया था। उनकी पहली फिल्म 2002 में आई कोई मेरे दिल से पूछे थी। जूम से बात करते हुए एशा ने कहा कि वह फिल्मों में काम शुरू करने को लेकर बहुत उत्साहित थीं, लेकिन फिल्मों के रिलीज होने और चीजें लिखे जाने के बाद दबाव बढ़ने लगा। तब मुझे लगा कि वे मेरी पहली फिल्म में मेरी तुलना मेरी मां से कर रहे हैं, जिन्होंने 200 फिल्में की हैं। और वे मेरे बेबी फैट के बारे में बहुत कुछ कहते थे। एशा ने बताया कि लोग कहते थे, उनमें बहुत ज्यादा बेबी फैट है। मेरे पास था। मैं 18 साल की थी, वो मेरे गाल थे। लेकिन मैं उन भूमिकाओं में क्यूट लग रही थी, जिस तरह की भूमिकाएं मैंने कीं, मुझे लगा कि वे अच्छी लग रही हैं। एशा ने कहा कि इस तरह की टिप्पणियां मिलने के बाद, उन्होंने अपनी मां से बात की, जिन्होंने उनसे इस पेशे में बने रहने के बारे में दोबारा सोचने के लिए कहा, क्योंकि मनोरंजन व्यवसाय में टिके रहने के लिए व्यक्ति की चमड़ी मोटी होनी चाहिए।





# रा.वन के बाद एक और सुपरहीरो फिल्म बनाने के लिए तैयार अनुभव सिन्हा

जाने-माने फिल्म निर्देशक अनुभव सिन्हा ने वेब सीरीज आईसी 814- द कंधार हाईजैक के साथ अपना ओटीटी डेब्यू किया है। इस सीरीज की कहानी को लेकर विवाद खड़ा होता नजर आ रहा है। इसी बीच निर्देशक का ताजा बयान भी सुर्खियों में आ गया है। अनुभव सिन्हा ने बातों ही बातों में सुपरहीरो जॉनर में संभावित वापसी का संकेत दिया है। हालिया इंटरव्यू में अनुभव सिन्हा ने संगीत बनाने और अपनी आगामी फिल्मों में विजुअल इफेक्ट और एक्शन सीन को शामिल करने की अनुभव सिन्हा ने अपनी फिल्मों में संगीत को शामिल करने की इच्छा व्यक्त की, जो उन्होंने छह से सात वर्षों में नहीं किया है। उन्होंने दस और रा.वन जैसी अपनी पिछली शानदार फिल्मों के विजुअल इफेक्ट और एक्शन सीन को याद किया। उन्होंने कहा, मुझे गाने, विजुअल इफेक्ट्स, एक्शन आदि बनाना पसंद है, जैसा मैंने दस और रा.वन में किया था। अनुभव सिन्हा ने आगे कहा, वास्तव में, बहुत से लोग भूल गए हैं कि मैं दस और रा.वन जैसी फिल्में बनाता था। सिन्हा ने अपनी सुपरहीरो फिल्म रा.वन के बारे में बदलती सार्वजनिक धारणा पर विचार करते हुए कहा, अपने जीवनकाल में, मैंने रा.वन को एक फ्लॉप और फिर एक हिट फिल्म के रूप में देखा है। उन्होंने रा.वन के छम्मक छल्लो जैसा एक और प्रतिष्ठित गाने को भी बनाने की इच्छा जाहिर की। निर्देशक ने अपने आगामी प्रोजेक्ट में एक बड़े एक्शन सीक्वेंस और कार चेज की योजना का खुलासा करते हुए संकेत दिया कि यह एक और सुपरहीरो फिल्म हो सकती है। सिन्हा की निर्देशन यात्रा 2001 में म्यूजिकल हिट तुम बिन से शुरू हुई, उसके बाद दस (2005) और कैश (2007) जैसी एक्शन फिल्में आईं। सुपरहीरो शैली में उनका पहला कदम 2011 में रा.वन के साथ था।

# मुंबई टूर में करण औजला के साथ शामिल होंगे विक्की कौशल?



बैड न्यूज हाल ही में रिलीज हुई बॉलीवुड कॉमेडी ड्रामा है, जिसमें एनिमल फेम तृप्ति डिमरी, विक्की कौशल और एमी विर्क मुख्य भूमिकाओं में हैं। आनंद तिवारी द्वारा निर्देशित यह फिल्म फिर से सुर्खियां बटोर रही है। यह फिल्म 19 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसके बाद अब यह फिल्म ओटीटी पर धमाल मचा रही है। फिल्म का गाना तौबा-तौबा अभी भी दर्शकों जुबां पर चढ़ा हुआ है। अब खबर आ रही है कि आने वाले दिनों में विक्की और सिंगर करण औजला की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने वाली है। विक्की कौशल और करण औजला की जोड़ी ने बैड न्यूज के लिए तौबा तौबा गाने पर काम किया था, जिसने लोगों को काफी आकर्षित किया। अब यह उत्साह जारी रहने वाला है, क्योंकि हाल ही में आई रिपोर्ट्स बताती हैं कि विक्की कौशल कथित तौर पर अपने इट वाज ऑल ए ड्रीम के मुंबई टूर के दौरान करण औजला के साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं। मुंबई शो 21 दिसंबर, 2024 को होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार मुंबई टूर फेंस के लिए एक अलग कार्यक्रम बन रहा है, जिसमें विक्की कौशल की सरप्राइज उपस्थिति के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि अभी तक इस खबर की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन प्रशंसक इस अनोखी जोड़ी को देखने के मौके का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।




## एवीजी लॉजिस्टिक्स ने कर बाद लाभ में 105 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की

**मुंबई, एजेंसी।** -एक प्रमुख मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्रदाता, एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, श्री संजय गुप्ता ने कहा, हम समीक्षाधीन तिमाही में हासिल किए गए जोरदार वित्तीय प्रदर्शन की रिपोर्ट देकर हर्षित है.आय, एबिडटा और कर बाद लाभ में उल्लेखनीय वर्ष दर वर्ष ग्रोथ के साथ एवीजी लॉजिस्टिक्स उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करती है.

## श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा ने 26.50 प्रतिशत एबिटडा मार्जिन की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** कर्नाटक राज्य में सीमेंट की मैन्युफैक्चरिंग करने और सोलर पावर जेनरेशन और वितरण करने वाली, श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है.प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड के चेयरमैन, श्री वेंकटेश कटवा ने कहा,हम सहर्ष 31.24 करोड़ की कुल आय पर 26.50 प्रतिशत शानदार एबिटडा मार्जिन की रिपोर्ट देते हैं. सीमेंट से सोलर पावर पर हमारा व्यूहात्मक शिफ्ट हमारे लिए महत्वपूर्ण माइलस्टोन प्रदान कर रहा है. हम कर्नाटक के कोपल जिले के बिसराहली में अतिरिक्त तीन मेगावाट सोलर प्लांट की कमिशनिंग की घोषणा करते हुए रोमांचित है जिससे हमारी कुल सोलर क्षमता बढ़कर 40 मेगावाट पर पहुंच गई. यह विस्तार रिन्यूएबल एनर्जी लीडरशिप की दिशा में एक अन्य उल्लेखनीय कदम को दर्शाता है तथा टिकाऊ ग्रोथ और दीर्घकालीन वैल्यू क्रिएशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि करता है.

## स्काई इंडस्ट्रीज ने 108 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** एक प्रमुख हूक एवं लूप निर्माता एवं निर्यातक, स्काई इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. स्काई इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पूर्णकालिक डायरेक्टर, श्री माइकल रावरानी ने कहा, हम वित्त वर्ष 25 की प्रथम तिमाही के हमारे उत्कृष्ट वित्तीय प्रदर्शन की रिपोर्ट देकर हर्षित है. हमने इस तिमाही ने हमारे शुद्ध लाभ में गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 100 प्रतिशत की उल्लेखनीय ग्रोथ दर्शाते हुए इस वित्त वर्ष की अपवादात्मक शुरुआत की है. यह उल्लेखनीय उपलब्धि परिचालन कार्य कुशलता, इनोवेशन और बाजार विस्तार पर हमारे व्यूहात्मक फोकस को रेखांकित करती है. तिमाही के दौरान स्काई इंडस्ट्रीज को फ्रैंकफर्ट, जर्मनी में आयोजित आयोजित प्रतिष्ठित टेकटेक्सिल 2024 बिजनेस प्रदर्शनी में हिस्सा लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. हम यह घोषणा करते हुए भी हर्षित है कि क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड ने बैंक सुविधाओं में कुल 183 करोड को कवर करते हुए हमारी दीर्घकालिन लोन सुविधा के लिए क्रिसिल बीबी+/स्टेबल रेटिंग,और हमारी अल्पकालीन लोन सुविधा के लिए क्रिसिल ,4+ रेटिंग प्रदान करते हुए हमारी साख क्षमता की फिर से पुष्टि की है.

# शौकिया तौर पर शुरू की थी फूलों की खेती, अब पौधे बेचकर हर महीने 5 लाख की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किसी भी शौक को बिजनेस में कैसे बदला जा सकता है, यह कोई सबीरा मोहम्मद मूसा से सीखे। सबीरा ने केरल के पालघाट में स्थित अपने मकान की छत पर शौकिया तौर पर फूलों की खेती शुरू की थी। अब वह ऑर्किड नर्सरी में बदल चुकी है। इससे वह हर महीने 5 लाख रुपये तक की कमाई कर रही हैं। सबीरा थाईलैंड, चीन और दूसरे देशों से पौधे आयात करती हैं और पूरे भारत में बेचती हैं। हालांकि इनका यहां तक का सफर इतना आसान भी नहीं रहा।

सबीरा 90 के दशक में सात साल तक संयुक्त अरब अमीरात में रहने के बाद केरल के पलक्कड़ लौटी थीं। उनके तीन बच्चे थे। पति के काम पर और बच्चों के स्कूल चले जाने के बाद वह घर में खाली रहती थीं। इस दौरान उनका मन नहीं लगता था और खुद को व्यस्त रखना मुश्किल होता था। तभी सबीरा को आइडिया आया कि छत पर बागवानी शुरू की जाए। साल 1998 में सबीरा ने चमेली



और एंथुरियम जैसे पौधों से बागवानी शुरू की। वह बताती हैं कि उन्होंने पूरे भारत से फूलों के पौधे इकट्ठे करने शुरू किए। वह उन्हें कूरियर के जरिए मंगवाती थी।

### शुरू की ऑर्किड की खेती

सबीरा ने बताया कि जैसे-जैसे उनका बगीचा फलता-फूलता गया, उन्होंने ऑर्किड की खेती शुरू की। उन्होंने बताया कि उन्होंने पलक्कड़ के कृषि भवन और अन्य स्थानों से पौधे इकट्ठा करने शुरू किए। कुछ ही समय बाद उनकी छत वाला बगीचा ऑर्किड से भर गया। साल 2006 में सबीरा की ऑर्किड की खेती को तब पहचान मिली जब उन्हें बागवानी में उनके काम के योगदान को देखते हुए केरल राज्य सरकार की ओर से उद्यान श्रेष्ठ पुरस्कार मिला। इसके बाद उनके बगीचे पर ज्यादा लोगों का ध्यान गया।

### दूसरे जिलों से भी आने लगी मांग

सबीरा बताती हैं कि उन्होंने कुछ लोगों को पौधे बेचना शुरू किए। धीरे-धीरे दूसरे जिलों से भी मांग आने लगी और उन्हें भी पौधे कूरियर करना शुरू कर दिया। इसके बाद उनके पति मोहम्मद मूसा ने उन्हें थाईलैंड से ऑर्किड के पौधे मंगाने को कहा। थाईलैंड दुनिया का सबसे बड़ा ऑर्किड निर्यातक है। इस फूल की लगभग 1300 प्रजातियां मिलती हैं।

### कई देशों से मंगाए पौधे

छत भरने के बाद सबीरा ने एक एकड़ जमीन पर अपनी पहली नर्सरी बनाई। उन्होंने बाद में चीन, ताइवान और दूसरे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से ऑर्किड के पौधे आयात करना शुरू कर दिए। सबीरा ने पलक्कड़ जिले के कोझिनजम्पारा में दो एकड़ में दूसरी नर्सरी भी बनाई है और अपने बिजनेस का नाम पर्ल ऑर्किड रखा है। सबीरा अपनी दो नर्सरियों में डेंड्रोबियम, कैटलियस, वंडास, ऑन्सीडियम, पैफियोपेडिलम, बल्बोफिलम और फेलेनोप्सिस सहित ऑर्किड की 600 से ज्यादा किस्में उगाती हैं।

### पूरे देश में होती है सप्लाई

आज सबीरा पूरे देश में ऑर्किड और दूसरे सजावटी पौधे बेचती हैं। वह हर महीने 5 हजार से 7 हजार पौधे बेचती हैं। इससे उन्हें 4 लाख से 5 लाख रुपये के बीच कमाई होती है। वह बताती हैं कि उनकी कंपनी करीब 50 रुपये प्रति ऑर्किड के हिसाब से पौधे आयात करती है और उन्हें किस्म के आधार पर 80 से 100 रुपये में बेचती है। अगर पौधा बड़ा है तो उसके आकार और उम्र के आधार पर यह 250 से 350 रुपये प्रति पीस बिकते हैं।

## गणेश चतुर्थी पर महंगा हुआ सोना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गणेश चतुर्थी (7 सितंबर) के अवसर पर सोने की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 73,470 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं मुंबई, चेन्नई और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,320 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। दूसरी ओर चांदी की कीमत में भी इजाफा हुआ है, जो अब 87,100 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच चुकी है। उम्मीद की जा रही है कि फेस्टिव सीजन में सोने की कीमतें 76,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार जा सकती हैं और दिवाली तक यह नए शिखर पर पहुंच सकती हैं। सोने की कीमतों में इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 18 सितंबर को होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं हैं। जब ब्याज दरें कम होती हैं, तो निवेश के लिए सोना एक बेहतर विकल्प बन जाता है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर जारी भूराजनीतिक तनाव, संभावित दर कटौती, आर्थिक अनिश्चितताएं, डॉलर की कमजोरी और फिजिकल गोल्ड की बढ़ती मांग भी सोने की कीमतों में वृद्धि के प्रमुख कारण हो सकते हैं।

## टमाटर के दाम घटने से शाकाहारी थाली चार फीसदी सस्ती, 31.2 रुपये रह गई कीमत

### मांसाहारी में 12 प्रतिशत तक कमी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रावण मास में अधिकांश लोगों के मांसाहार से परहेज करने की वजह से टमाटर और पॉल्ट्री की कीमतें घटने से अगस्त, 2024 में घरों में पकाए जाने वाले भोजन की थालियां चार फीसदी तक सस्ती हुई हैं। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की शुक्रवार को जारी मासिक रिपोर्ट 'रोटी चावल दर' के मुताबिक, टमाटर की कीमतों में गिरावट से शाकाहारी थाली के दाम मासिक आधार पर चार फीसदी और सालाना आधार पर 8 फीसदी घटकर 31.2 रुपये रह गए हैं। जुलाई, 2024 में शाकाहारी थाली की कीमत 32.6 रुपये और अगस्त, 2023 में 34 रुपये थी। मांसाहारी थाली की कीमत जुलाई के 61.4 रुपये की तुलना में तीन फीसदी घटकर 59.3 रुपये रह गई। सालाना आधार पर कीमत 12 फीसदी घटी है। अगस्त, 2023 में मांसाहारी थाली की कीमत 67.5 रुपये थी।?

### ...और सस्ती हो सकती थी थाली

क्रिसिल ने कहा, अगस्त में थाली की कीमतों में अधिक गिरावट आती। लेकिन, प्याज की कीमतों में सालाना आधार पर 15 रुपये और आलू की कीमतों में 13 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी से ऐसा नहीं हो पाया।

टमाटर की कीमतें अगस्त में मासिक आधार पर 23 फीसदी और सालाना आधार पर 51 फीसदी घटकर 50 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई है। टमाटर की कीमत जुलाई में 66 रुपये और अगस्त, 2023 में 102 रुपये प्रति किलोग्राम थी। खाद्य तेल, मिर्च और जीरे की कीमतों में भी क्रमशः 6 फीसदी, 30 फीसदी और 58 फीसदी की गिरावट आई है। रसोई गैस की कीमतें घटने से ईंधन की लागत में 27 फीसदी की गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, चिकन की कीमतों में मासिक आधार पर तीन फीसदी और सालाना आधार पर 13 फीसदी गिरावट आई। इससे सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर, आंकड़े जारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब डॉलर के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई की ओर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 7.023 अरब डॉलर बढ़कर 681.688 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

आंकड़ों के अनुसार 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां, जो भंडार का एक प्रमुख घटक हैं, 1.485 अरब डॉलर बढ़कर 599.037 अरब डॉलर हो गईं।

डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। इस दौरान देश का स्वर्ण भंडार 86.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 61.859 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 90 लाख डॉलर बढ़कर 18.468 अरब डॉलर हो गए।

शीर्ष बैंक के आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ में भारत की आरक्षित स्थिति 58 लाख डॉलर घटकर 4.622 अरब डॉलर रह गई।

## सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड ने एयर कंडीशनर और कूलर मैन्युफैक्चरिंग के लिए पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट के साथ स्ट्रेटिजिक कोलैबोरेशन की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड भारत के कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर में अग्रणी, कंपनी ने भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज़ के लीडिंग प्रोवाइडर, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट लिमिटेड के साथ एक स्ट्रेटिजिक पार्टनरशिप की घोषणा की है। इस कोलैबोरेशन के अंतर्गत, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट सेलेकोर के एयर कंडीशनर और कूलर की नई रेंज के लिए मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर के रूप में काम करेगा, जो सेलेकोर के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण विस्तार का प्रतीक है। पीजी ग्रुप की प्रमुख कंपनी के रूप में 2003 में इनकॉरपोरेटेड पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट लिमिटेड को लीडिंग भारतीय और वैश्विक ब्रांड्स के लिए वन-स्टॉप समाधान के रूप में मान्यता प्राप्त है। ओरिजनल डिज़ाइन मैन्युफैक्चरिंग , ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग और प्लास्टिक इंजेक्शन मोल्डिंग में विशेषज्ञता, पीजीईएल कंज्यूमर ड्यूरेबल, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, बाथरूम फिटिंग और ऑटोमोटिव सहित विभिन्न उद्योगों में 45 से अधिक अग्रणी ब्रांड्स को सेवाएं देता है।

## सुप्रीम कोर्ट : बायजू के खिलाफ दिवालियेपन की कार्यवाही से जुड़ी याचिका सूचीबद्ध करने पर सहमति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एनसीएलएटी के एक फैसले के खिलाफ अमेरिका स्थित लेनदार ग्लास ट्रस्ट कंपनी एलएलसी की अपील को जल्द सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति दे दी। एनसीएलएटी ने एड-टेक फर्म बायजू के खिलाफ दिवालियेपन की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी और बीसीसीआई के साथ 158.9 करोड़ रुपये के बकाया निपटान को मंजूरी दे दी थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ से एड-टेक प्रमुख की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कौल ने आग्रह किया कि मामले की जल्द से जल्द सुनवाई की जरूरत है।

# ओला इलेक्ट्रिक ने फेस्टिव सीजन से पहले आकर्षक डील और ऑफर पेश किए

**मुंबई, एजेंसी।** ओला इलेक्ट्रिक ने आज फेस्टिव सीजन से पहले आकर्षक डील और ऑफर पेश किए। ग्राहकों को चुनिंदा एस1 स्कूटर खरीदने पर 5,000 रुपये का डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके अलावा, एक्सेसरीज़ और चुनिंदा बैंक के क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर कंपनी ने 11,000 रुपये तक के अतिरिक्त लाभ की घोषणा भी की है। ग्राहकों को 12,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस भी दिया जा रहा है। इस ऑफर का लाभ ग्राहक नजदीकी ओला इलेक्ट्रिक स्टोर पर आकर ले सकते हैं। यह ऑफर चुनिंदा शहरों में 15 सितंबर तक लागू रहेगा।

कंपनी अपने उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 8 साल/80,000 किलोमीटर की एक्सटेंडेड बैटरी वॉरंटी प्रदान करती है। ओला इलेक्ट्रिक का मानना है कि इससे इलेक्ट्रिक वाहनों की उम्र बढ़ेगी, और इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने में आने वाली एक बड़ी बाधा दूर हो सकेगी। ग्राहक एड-ऑन वॉरंटी लेकर 1,00,000 किलोमीटर तक की दूरी को केवल 4,999 रुपये देकर और 1,25,000 किलोमीटर तक की दूरी को



केवल 12,999 रुपये देकर वॉरंटी के अंतर्गत ला सकते हैं। ओला इलेक्ट्रिक ने एक 3 किलोवॉट की पोर्टेबल फास्ट चार्जर एक्सेसरी भी पेश की है, जो 29,999 रुपये में खरीदी जा सकती है।

ओला इलेक्ट्रिक एक विशाल एस1 पोर्टफोलियो पेश करता है, जिसमें आकर्षक मूल्य में छः उत्पाद हैं, जो विभिन्न रेंज की जरूरत वाले ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करते हैं। कंपनी के प्रीमियम एस1 प्रो और एस1 एयर का मूल्य क्रमशः 1,34,999 रुपये और 1,07,499 रुपये है। वहीं मास-सेगमेंट के स्कूटरों, एस1 एक्स. और एस1 एक्स पोर्टफोलियो का मूल्य क्रमशः 89,999 रुपये; 74,999 रुपये; 87,999 रुपये और 101,999 रुपये है।

## फैंटम एफएक्स ने वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में एबिटडा में 20 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की रिपोर्ट दी

**चेन्नई, एजेंसी।** एक क्रिएटिव विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स) स्टूडियो, फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, फैंटम डिजिटल इफेक्ट्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री विजय अर्पुथराज ने कहा , वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में व्यूहात्मक पहल और हाई क्वालिटी वीएफएस सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता द्वारा चालित हमारे वित्तीय परिणामों ने शानदार वृद्धि प्रदर्शित की. कुल आय 13 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 27 करोड़ हुई जबकि प्रभावी लागत मैनेजमेंट और परिचालन कार्य कुशलता के चलते एबिटडा 20 प्रतिशत वार्षिक बढ़कर 11 करोड़ हुआ. बढ़ी हुई लाभप्रदता दर्शाते हुए एबिटडा मार्जिन में 256 बेसिस प्वाइंट का सुधार हुआ. मजबूत टॉपलाइन और एबिटडा प्रदर्शन हमारे ठोस वित्तीय आधारशिला और सकारात्मक ग्रोथ आउटलुक को रेखांकित करता है. हम यह शेयर करते हुए भी रोमांचित है कि फैंटम एफएक्स उद्योग लीडर के रूप में हमारी भूमिका को मजबूत करते हुए लैंडमार्क परियोजनाएं हासिल कर रही है.ये परियोजनाएं दोनों घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक फैली हुई है

## जलवायु परिवर्तन से विनाशकारी स्थिति पैदा हो रही

### भारत के 85 प्रतिशत से अधिक जिले चक्रवात, बाढ़, सूखा और लू की आशंका से ग्रस्त : आईपीई ग्लोबल व एसरी इंडिया अध्ययन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को लेकर आईपीई-ग्लोबल और एसरी इंडिया द्वारा आज जारी एक स्वतंत्र अध्ययन में चौकाने वाले रुख सामने आए हैं। इस अध्ययन के मुताबिक, 85 प्रतिशत से अधिक भारतीय जिले बाढ़, सूखा, चक्रवात और लू संभावित हैं जिसमें से 45 प्रतिशत में अदला-बदली का रुख दर्ज किया जा रहा है। हाल के दशकों में जलवायु की चरम सीमा में बारंबारता, तीव्रता और अनिश्चितता भी चार गुना तक बढ़ी है। एक पेटेंटशुदा डेकाडल विश्लेषण का उपयोग कर इस अध्ययन में स्पैटियल एवं टेंपोरल मॉडलिंग के जरिए 1973 से 2023 तक की अवधि में चरण जलवायु घटनाओं की एक सूची तैयार की गई है और यह अनुसंधान इन घटनाओं की जटिलताओं और गैर रैखिक रुझान एवं स्वरूप खंगालते हुए एक विस्तृत जिला वार आकलन उपलब्ध कराता है। पिछले एक दशक में जलवायु की इन चरम स्थितियों में पांच गुना वृद्धि दर्ज की गई है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारतीय जिलों की कुल मिलाकर जलवायु जोखिम का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। इस अध्ययन को एसरी इंडिया और इसकी साझीदार आईपीई ग्लोबल द्वारा क्लाइमेट टेक्नोलॉजी समिट के पूर्ण सत्र में लांच किया गया था जिसका शीर्षक था जलवायु जोखिमों को घटना के लिए जीआईएस टेक्नोलॉजी का उपयोग।दुनिया, जलवायु सप्ताह, एनवाईसी, अमेरिका के लिए कमर कस रही है जहां उद्योगपतियों, राजनेताओं के जलवायु कार्य प्रतिबद्धताओं पर चर्चा करने की संभावना है।

एसरीइंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्र कुमार ने कहा, जलवायु परिवर्तन झेलने की क्षमता निर्माण के लिए जलवायु अनुकूलन और शमन दृष्टिकोण दोनों का एक नाजुक संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। चाहे वह नीतिगत हस्तक्षेप हो या प्रभावी नियोजन हस्तक्षेप की दृष्टि से प्रकृति आधारित समाधान, प्रौद्योगिकीय समाधान या सामाजिक समाधान हो, भावी जलवायु अनुमानों की समझ के लिए भूगोल प्रमुख घटक है। उन्नत स्पैटियल एनालिसिस टूल्स के साथ जीआईएस टेक्नोलॉजी और विभिन्न डेटा को एकीकृत करने के सामर्थ्य से इस भौगोलिक विज्ञान का दृष्टिकोण बनता है। जीआईएस टेक्नोलॉजी पहले से ही विभिन्न पर्यावरणीय पहल, आपदा झेलने के कार्यक्रमों, आधारभूत ढांचा, जनोपयोगी सेवाओं, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और स्मार्ट सिटीज़, राष्ट्रीय जल मिशन और स्वच्छ गंगा जैसे मिशनों का मुख्य आधार है।

# श्रीलंका के खिलाफ पोप के शतक पर ब्रॉड का रिएक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी** । बेन स्टोक्स की जगह इंग्लिश टेस्ट टीम की कमान संभाल रहे कार्यवाहक कप्तान ओली पोप इन दिनों कड़ी आलोचना का शिकार हुए। श्रीलंका के खिलाफ ओवल टेस्ट के दौरान भी उन पर काफी दबाव था, क्योंकि उनके बल्ले से रन भी नहीं आ रहे थे।

लेकिन तीसरे मैच के पहले दिन पोप ने अपने आलोचकों को करारा जवाब देते हुए अपने घरेलू मैदान पर नाबाद 103 रन बनाए, जो लंबे प्रारूप में इंग्लैंड के लिए उनका सातवां शतक था । इस तरह मेजबान टीम ने एक छोटे से दिन में 221/3 रन का मजबूत स्कोर बनाया। पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा कि इस टेस्ट से पहले पोप के बारे में जो बातें हो रही थीं, वे अब खत्म हो जाएंगी, क्योंकि दाएं हाथ के बल्लेबाज ने शानदार शतक जड़ा है।

ब्रॉड ने कहा, मुझे लगता है कि जब आप फॉर्म या लय के लिए संघर्ष कर रहे हों, तो घरेलू मैदान खोई हुई लय वापस हासिल करने का शानदार मंच होता है। यहां पोप अच्छी बल्लेबाजी करते हैं। यहां उसका औसत 80 है, वह इन परिस्थितियों में बहुत शानदार है। अगर वह कहीं भी बल्लेबाजी करना चाहते, तो इन परिस्थितियों में भी, वह ओवल में ही बल्लेबाजी करते। वह अपनी पहली 20 या 30 गेंदों तक बहुत आक्रामक रहे और फिर उन्होंने जम कर खेलना शुरू कर दिया। ऐसा लगता है कि वह खुद को फ्रंटफुट पर आने के लिए मजबूर कर रहे हैं और फिर उन्होंने कुछ बाउंड्री लगाई। वह उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं, खूबसूरत शॉट खेलते हैं और जब आप उनके जैसे बल्लेबाजों को गेंदबाजी करते हैं तो आपको शुरुआत से ही सटीक गेंदबाजी करनी होगी। एक बार जब वह मैदान में जम जाते हैं तो वह आसानी से रन बनाएंगे। पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भी पोप की तारीफ की, जिन्होंने दबाव के समय में भी उनका साथ दिया।

हुसैन ने कहा, उन्होंने गर्मियों की शुरुआत अच्छी की, लेकिन अब वे थोड़ा पीछे रह गए हैं। मुझे उनका खेल पसंद है और यहां, वे खुद को और अधिक आगे की ओर धकेल रहे थे, और रक्षात्मक रूप से बेहतर स्थिति में थे।

पेरिस पैरालंपिक

# होकाटो होतोजे ने जीता मेडल



## पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांस्य पदक जीतने पर होकाटो होतोजे सेमा को बधाई दी और खेल के प्रति उनके दृढ़ संकल्प की सराहना की।

होकाटो ने शनिवार को पुरुषों की शॉटपुट एफ57 स्पर्धा के फाइनल में 14.65 मीटर की थ्रो के साथ भारत के लिए कांस्य पदक हासिल किया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स अकाउंट पर पैरालंपियन की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया।

पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा, हमारे देश के लिए यह गर्व का क्षण है। होकाटो ने पुरुषों की शॉटपुट एफ57 में कांस्य पदक जीता है! उनकी अविश्वसनीय ताकत और दृढ़ संकल्प असाधारण है। उन्हें बधाई। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

गृह मंत्री अमित शाह ने भी पैरालंपियन की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

गृह मंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, होकाटो सेमा ने पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की शॉट पुट एफ57 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आपके अटूट प्रयास और शानदार प्रदर्शन ने देश को गौरवान्वित किया है।इस इवेंट में ईरान के याशिन खोसरावी ने 15.96 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि ब्राजील के थियागो पॉलिनो डॉस सैंटोस ने 15.06 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता।

भारत की कुल पदक तालिका अब 27 हो गई है, जिसमें 6 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि पैरालंपिक में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दर्शाती है, जिसने टोक्यो 2020 पैरालंपिक में जीते गए पांच स्वर्ण पदकों को पीछे छोड़ दिया है।

# इंग्लिश टीम को लगा बड़ा झटका

## इस साल क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे मार्क वुड

**लंदन, एजेंसी** । इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि तेज गेंदबाज मार्क वुड दाएं कोहनी की चोट के कारण शेष वर्ष के लिए बाहर हो गए हैं । वुड श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान चोटिल हुए थे और सीरीज के दूसरे और तीसरे टेस्ट बाहर थे । मेडिकल स्कैन से पता चला है कि वुड की दाहिनी कोहनी में चोट है । ईसीबी ने कहा कि गर्मियों की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट



सीरीज के दौरान मार्क वुड को अपनी कोहनी में अकड़न और तकलीफ महसूस हुई थी । वुड ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी के दौरान परेशानी का सामना किया था । ईसीबी ने कहा, उस टेस्ट मैच के दौरान वुड को दाहिनी जांघ में भी चोट लगी थी, जिसका इलाज किया जा रहा है और वह इससे अच्छी तरह से उबर रहे हैं । बयान में बताया गया कि वुड अपने रिहैब पर ईसीबी मेडिकल टीम के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे । वह अक्टूबर में पाकिस्तान और दिसंबर में न्यूजीलैंड के आगामी टेस्ट दौरे का भी हिस्सा नहीं होंगे । वुड इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड की मेडिकल टीम के साथ जुड़े रहेंगे और उनकी पूरी कोशिश होगी कि वह अगले साल की शुरुआत में भारत के सीमित ओवरों के दौरे से पहले फिट हो जाएं । क्योंकि इस दौरे के ठीक बाद चैंपियंस ट्रॉफी का भी आयोजन होना है । हालांकि, आत्मविश्वास से लबरेज वुड को जल्द मैदान पर लौटने की पूरी उम्मीद है । वुड ने कहा कि उन्हें अगले साल की शुरुआत में फिर से मैदान पर उतरने का पूरा भरोसा है । उन्होंने कहा, मैं साल के बाकी समय में आराम करने और खुद को तैयार करने के लिए समय नहीं निकाल पाऊंगा । मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं 2025 की शुरुआत में वापस आकर मैदान पर उतरूंगा । मैं पहले भी इस तरह की चुनौती का सामना कर चुका हूं । मुझे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है और इससे बेहतर कोई एहसास नहीं हो सकता ।

अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिपः

# निकिता ने रजत और नेहा ने जीता कांस्य पदक

**पोंटेवेद्रा (स्पेन), एजेंसी।** भारतीय पहलवान निकिता ने यहां अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 62 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि नेहा ने 57 किग्रा में कांस्य पदक हासिल किया, जिससे भारत इस प्रतियोगिता में कुल मिलाकर पांच पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। पिछले साल अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता निकिता फाइनल में यूक्रेन की पहलवान इरीना बोंदर से 1-4 से हार गईं। पिछले महीने अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली नेहा ने महिलाओं की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में हंगरी की गेरडा टेरेक को 10-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत ने इस तरह से पांच पदकों (एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य) के साथ अपने अभियान का समापन किया। ज्योति बेरवाल ने इससे पहले महिलाओं की 76 किलोग्राम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था जबकि कोमल (महिला 59 किग्रा) और सृष्टि (महिला 68 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किए थे। पिछले साल जॉर्डन के अम्मान में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में भारत ने चार स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक जीते थे।



# कोच बनने के बाद राहुल द्रविड़ ने रणनीति पर चर्चा शुरू की, राजस्थान रॉयल्स के अधिकारियों के साथ की बैठक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** द्रविड़ को शुक्रवार को राजस्थान टीम का मुख्य कोच बनाया गया था। द्रविड़ ने हालांकि अपना काम शुरू कर दिया है और वह राजस्थान के टीम प्रबंधन के साथ चर्चा करते दिखे हैं। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पद पर नियुक्ति होने के बाद से ही आईपीएल 2025 के लिए होने वाली मेगा नीलामी को देखते हुए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। द्रविड़ को शुक्रवार को राजस्थान टीम का मुख्य कोच बनाया गया था। द्रविड़ ने हालांकि अपना काम शुरू कर दिया है और वह राजस्थान के टीम प्रबंधन के साथ चर्चा करते दिखे हैं। द्रविड़ ने टीम के सीईओ जैक लश मैक्रम और अन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें द्रविड़ मीटिंग रूम में घुसते हुए कह रहे हैं, हैलो तो यहीं पर आईपीएल जीता जाता है। इसके बाद वह अन्य लोगों के साथ चर्चा करने लगे।



**आगामी चुनौतियों के लिए तैयार हैं द्रविड़** - द्रविड़ ने नई जिम्मेदारी मिलने के बाद खुशी जताई। उन्होंने कहा- विश्व कप के बाद, मुझे लगता है कि मेरे लिए एक और चुनौती लेने का यह आदर्श समय है और रॉयल्स ऐसा करने के लिए बिल्कुल सही जगह है। द्रविड़ की नियुक्ति के बाद फ्रेंचाइजी की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया था, पूर्व रॉयल्स कप्तान और कोच ने 2011 से 2015 तक फ्रेंचाइजी के साथ पांच सत्र बिताए और अब वह टीम के साथ काम करना शुरू कर देंगे। फ्रेंचाइजी की समग्र क्रिकेट रणनीति को लागू करने के लिए रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा के साथ काम करेंगे।

**राजस्थान खिताबी सूखा खत्म करने को बेताब** - राजस्थान रॉयल्स ने 2008 के बाद अब तक कभी भी आईपीएल का खिताब नहीं जीता है। राजस्थान 2022 सीजन की उपविजेता रही थी। राजस्थान की टीम आईपीएल 2024 सीजन के प्लेऑफ में पहुंची थी, लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे क्वालिफायर-2 में हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। राजस्थान की टीम खिताबी सूखा खत्म करने के लिए बेताब है और उसे उम्मीद है कि द्रविड़ की अगुआई में वह ऐसा करने में सफल होगा। द्रविड़ के कार्यकाल में ही भारत ने इस साल टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। भारत की खिताबी जीत के बाद द्रविड़ ने भारत टीम का कोच पद छोड़ दिया था।

# यह समझने में पूरी टेस्ट सीरीज लग सकती है, अश्विन ने घरेलू क्रिकेट में DRS की वकालत की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि इस घरेलू क्रिकेट सत्र में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) लाने के फैसले से बल्लेबाजों को अपनी तकनीक में सुधार करने में मदद मिलेगी। 2024 दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में बेंगलुरु (भारत ए बनाम भारत बी) और अनंतपुर (भारत सी बनाम भारत डी) में होने वाले मैचों के लिए डीआरएस उपलब्ध है। अश्विन ने भारत डी के बल्लेबाज रिकी भुई की बल्लेबाजी तकनीक के बारे में बात करके अपनी बात को स्पष्ट किया, जिसमें उन्होंने पैड के पीछे बल्ला रखने की बात कही थी जिसने अनंतपुर में उनके आउट होने में अहम भूमिका निभाई। दूसरे दिन के खेल में भुई को भारत सी के बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। शुरुआत में ऑन-फील्ड अंपायर ने आउट नहीं दिया, लेकिन भारत सी के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने डीआरएस का विकल्प चुना और फैसला बदलकर आउट कर दिया गया। घरेलू क्रिकेट के लिए डीआरएस सिर्फ सही फैसले लेने के लिए नहीं है। मानव सुथार के खिलाफ कल शाम रिकी भुवी का आउट होना एक ऐसे बल्लेबाज का क्लासिक मामला है जो एफसी क्रिकेट में इस तकनीक का 10/10 बार इस्तेमाल करके बच निकलेगा। अश्विन ने कहा, डीआरएस से पहले यह कोई दोषपूर्ण तकनीक नहीं थी, लेकिन अब यह है।

# निराशाजनक है- मैंने 10 विकेट लिए लेकिन टीम में बाद में मौका ही नहीं मिला: अजाज पटेल

**ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश), एजेंसी।** न्यूजीलैंड के स्पिनर अजाज पटेल ने कहा कि यह उनके लिए निराशाजनक है कि एक पारी में दस विकेट लेने के बावजूद उन्हें मौके नहीं मिलते। न्यूजीलैंड सोमवार से अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में है। मैच से पहले अजाज ने कहा कि न्यूजीलैंड की घरेलू परिस्थितियों में तेज गति के अनुकूल होने के कारण मौके मिलना मुश्किल है, लेकिन अवसरों की कमी मैदान पर जाने और जब भी मौका मिले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की भूख पैदा करती है।

अजाज ने कहा कि हां, मुझे लगता है कि यदि आप न्यूजीलैंड के सभी स्पिनरों से पूछें, तो घरेलू परिस्थितियों के कारण घर पर कई अवसर प्राप्त करना कभी-कभी मुश्किल होता है। लेकिन, मुझे यह भी लगता है कि जब आप इस तरह की घरेलू परिस्थितियों में आते हैं तो अधिक भूख पैदा होती है। आप परिस्थितियों को जानते हैं यह स्पिन के अनुकूल है। आप वहां जाने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए काफी भूखे हैं। यह वास्तव में खेल में जाने और परिस्थितियों का आनंद लेने के बारे में है।

अजाज ने कहा कि यह एक पेशेवर माहौल है और खिलाड़ियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे बाहर जाएं और अपने खेल में सुधार करते रहें और आगे बढ़ते रहें। मुझे लगता है कि 10 विकेट के बाद हां, आप निश्चित रूप से थोड़ा निराश हैं क्योंकि आपको अधिक अवसर नहीं मिलते हैं, लेकिन साथ ही, एक खिलाड़ी के रूप में, यह अभी भी आपके खेल को बढ़ाने के बारे में है। मैंने 10 विकेट लेने के बाद अपना रन अप थोड़ा बदला है। यह हमेशा सुधार करने के बारे में है और यह हमेशा यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि अगला अवसर आने पर आप तैयार हैं। न्यूजीलैंड के लिए खेलना हमेशा सौभाग्य की बात है और निश्चित रूप से अपने देश के लिए खेलना कभी नहीं आसान है और उन अवसरों को प्राप्त करना हमेशा काफी खास होता है।

# सहवाग ने ताजा कीं वर्ल्ड कप 2003 की यादें, बताया कैसे तेंदुलकर ने दिया था शोएब अख्तर को करारा जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड कप 2003 में भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया सेंचुरियन मैच भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक खास जगह रखता है. इस मैच में सचिन तेंदुलकर की 98 रनों की पारी आज भी क्रिकेट प्रेमियों के दिलों में ताजा है. वीरेंद्र सहवाग ने हाल ही में इस ऐतिहासिक मैच की कुछ दिलचस्प यादें शेयर कीं, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे तेंदुलकर ने शोएब अख्तर की घातक गेंदबाजी का मुंहतोड़ जवाब दिया था. पाकिस्तान की मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप में वसीम अकरम, वकार यूनुस और शोएब अख्तर जैसे दिग्गज शामिल थे. अख्तर ने मैच से पहले कहा था कि वह भारतीय बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर देंगे. सईद अनवर के शतक की मदद से पाकिस्तान ने 273/7 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था, लेकिन तेंदुलकर की योजना कुछ और ही थी ।



वीरेंद्र सहवाग ने स्टार स्पोर्ट्स पर दिए इंटरव्यू में बताया, शोएब अख्तर ने कहा था कि वह हमारे टॉप ऑर्डर को तहस-नहस कर देंगे, लेकिन सचिन ने उन्हें करारा जवाब दिया. हमने अख्तर के बयान पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, लेकिन तेंदुलकर का बल्ला बोला. सचिन तेंदुलकर ने भारत की पारी की शुरुआत में आक्रामक रुख अपनाया और शोएब अख्तर के पहले ओवर में 18 रन बटोरे. उन्होंने आखिरी तीन गेंदों पर लगातार 6, 4, 4 लगाकर अख्तर के इरादों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया. तेंदुलकर ने 75 गेंदों में 98 रनों की पारी खेली, जिसे वह आज भी अपनी सर्वश्रेष्ठ वनडे पारियों में से एक मानते हैं. वीरेंद्र सहवाग ने यह भी याद किया कि पारी के अंत में तेंदुलकर को ऐंठन हो गई थी, जिसके कारण उन्हें उनका रनर बनना पड़ा. सहवाग ने कहा, ÷शाहिद अफरीदी लगातार तेंदुलकर को परेशान कर रहे थे, लेकिन सचिन सिर्फ खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे. उन्हें पता था कि उन्हें क्रीज पर बने रहना है. मैच का सबसे यादगार पल वह था जब सचिन तेंदुलकर ने शोएब अख्तर की गेंद पर एक अपरकट छक्का जड़ा था. हालाँकि बाद में अख्तर ने तेंदुलकर को 98 रन पर आउट कर दिया, लेकिन युवराज सिंह (50*) और राहुल द्रविड़ (44*) ने भारत को छह विकेट से जीत दिलाई ।

# दूसरा टी-20 जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज पर कब्जा किया, स्कॉटलैंड को 70 रन से हराया

**एडिनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 70 रन से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज पर भी कब्जा कर लिया है।

एडिनबरा में खेला गया मुकाबला बारिश की वजह से देरी से शुरू हुआ। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बैरिंगटन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 196 रन बनाए। जोश इंग्लिश ने अपने करियर का दूसरा शतक लगाया। उन्होंने 103 रन की पारी खेली। जोश इंग्लिश ने 43 बॉल में सेंचुरी लगाई। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।197 रन का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड टीम की शुरुआत खराब रही। 20 रन के अंदर दोनों ओपनर्स पवेलियन लौट गए। टॉप ऑर्डर बैट्समैन ब्रेंडन मैक्मुलेन 59 और जॉर्ज मुन्से 19 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। पूरी टीम 126 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मार्कस स्टोइनिस ने 4 विकेट लिए।




जोश इंग्लिश की सबसे तेज सेंचुरी जोश ने ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में सबसे तेज सेंचुरी लगाई। उन्होंने 43 बॉल पर अपना शतक पूरा किया। 103 रन की पारी में उन्होंने 7 चौके और 7 सिक्स लगाए। जोश-कैमरून ने 92 रन की साझेदारी की ऑस्ट्रेलिया के पावर हीटर ट्रैविस हेड को ब्रैड क्यूरी ने शून्य के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। लड़खड़ाती पारी को हेड और ग्रीन ने संभाला। दोनों ने मिलकर 52 बॉल पर 92 रन जोड़े। ग्रीन ने 36 रन की पारी खेली। ग्रीन के आउट होने के बाद मार्कस स्टोइनिस बल्लेबाजी करने आए। उनके साथ जोश ने 43 बॉल पर 64 रन जोड़े। स्टोइनिस ने 20 बॉल पर 20 रन बनाए। स्कॉटलैंड की तरफ से ब्रेड क्यूरी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।ब्रेंडन मैक्मुलेन का अर्धशतक स्कॉटलैंड के टॉप ऑर्डर बैट्समैन ब्रेंडन मैक्मुलेन एक तरफ अकेले खड़े रहे और 59 रन की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 4 चौके और 4 छक्के लगाए। सीन एबॉट ने उन्हें टीम डेविड के जाथों कैच आउट कराया।मार्कस स्टोइनिस ने 4 विकेट लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने 3.4 ओवर की गेंदबाजी में 23 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्होंने सबसे पहले कप्तान रिची बैरिंगटन को 5 रन पर आउट किया। इसके बाद माइकल लीस्क (7), क्रिस ग्रीव्स (6) और ब्रेड व्हील (5) रन पर आउट किया। उनके अलावा कैमरून ग्रीन ने 2 और जेवियर बर्लेट, आरोन हार्डी, सीन एबॉट, एडम जम्पा को 1-1 विकेट मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### तेलंगाना में व्हिस्की मिली आइसक्रीम का भंडाफोड़

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में अधिकारियों ने व्हिस्की में आइसक्रीम मिलाकर बेचने वाले कथित रैकेट का भंडाफोड़ किया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मामले की जानकारी मिली। आइसक्रीम पार्लर की जांच के बाद रैकेट में कथित रूप से शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के मुताबिक शराब मिलाकर आइसक्रीम बेचना अपराध है। व्हिस्की मिली हुई आइसक्रीम के विवाद पर क्या बोले अधिकारी इस मामले में तेलंगाना के मद्य निषेध एवं आबकारी विभाग के संयुक्त आयुक्त एसवाई कुरैशी ने बताया, कल एसटीएफ बी टीम ने आइसक्रीम में व्हिस्की मिलाकर बच्चों को बेचे जाने का मामला पकड़ा। आइसक्रीम पार्लर हैदराबाद के जुबली हिल्स रोड पर है। उन्होंने कहा कि आइसक्रीम का सेवन ज्यादातर बच्चे करते हैं। ऐसे में शराब या व्हिस्की मिलाकर आइसक्रीम बेचना खतरनाक चलन है। इससे पहले हमने चॉकलेट में गांजा मिलाते देखा है। अब आइसक्रीम का मामला सामने आया है। हमने 11.5 किलो आइसक्रीम जब्त की है...दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ओडिशा में बनेगा देश का ऐसा पहला संयंत्र

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** भारत का पहला सिलिकॉन कार्बाइड विनिर्माण संयंत्र ओडिशा में स्थापित किया जाएगा। इसका निर्माण 620 करोड़ रुपये के निवेश से होगा। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को संयंत्र के शिलान्यास समारोह में भाग लिया। इस परियोजना का विकास भारत की सेमीकंडक्टर पावर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रौद्योगिकी में अग्रणी कंपनी- आरआईआर पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की तरफ से किया जाना है। ईएमसी पार्क, इन्फोवैली, भुवनेश्वर में बन रहे संयंत्र के बारे में एक अधिकारी ने कहा कि यह विकास भारत और ओडिशा राज्य को वैश्विक विद्युत इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में अग्रणी बनाने में मददगार साबित होगा।

### धींग बलात्कार मामले में दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**नागांव, एजेंसी।** असम के नागांव जिले के धींग में नाबालिग से बलात्कार के दो आरोपियों को वारदात के 15 दिनों बाद गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार को एक आरोपी पड़ोसी राज्य नागालैंड के दीमापुर से, जबकि दूसरे को असम के मोरीगांव जिले से गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि असम पुलिस ने धींग बलात्कार के दोनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को पूछताछ के लिए नागांव सदर पुलिस थाने लाया गया है। 22 अगस्त की घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार हैं।

### आरजी कर मामले में ममता बनर्जी पर बरसे गुजरात के गृह मंत्री

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, महिलाओं और लड़कियों को सुरक्षा प्रदान करना सरकार का कर्तव्य है। खासकर मुख्यमंत्री जब एक महिला हों, तब हर कोई उनसे उम्मीद करता है। बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल के बलात्कार-हत्या मामले में जिस तरह की राजनीति हो रही है, वह स्वीकार्य नहीं है। सख्त कार्रवाई बेहद महत्वपूर्ण है। सांघवी ने कहा कि एक महिला होने के नाते ममता बनर्जी अन्य महिलाओं के दर्द को समझने में सक्षम नहीं हैं, यह बहुत दुखद है।

# उत्तराखंड व एमपी का मॉडल स्टडी करने के बाद हिमाचल में भांग की खेती की तैयारी, सालाना 400 से 500 करोड़ कमाई की उम्मीद

**शिमला, एजेंसी।**
दवाइयां बनाने के साथ-साथ इंडस्ट्री सेक्टर में भांग के महत्व को देखते हुए हिमाचल सरकार ने इसकी खेती को कानूनी रूप देने के लिए एक कदम और आगे बढ़ाया है. भांग की खेती के विभिन्न पहलुओं की स्टडी के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट को हिमाचल विधानसभा में बिना चर्चा के मंजूर कर लिया है. अब सरकार कमेटी की सिफारिशों के आधार पर एनडीपीएस एक्ट में संशोधन करेगी. भांग के बीजों का सीड बैंक तैयार किया जाएगा. इसके औषधीय उपयोग को देखते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि जल्द से जल्द सीड बैंक तैयार हो और भांग की खेती की जाए.



कमेटी ने हिमाचल में भांग की खेती को सफल बनाने के लिए उत्तराखंड व मध्य प्रदेश का दौरा किया था. इसके अलावा जेएंडके का भी दौरा किया गया. वहां विभिन्न समूहों से इसकी खेती के विषय में चर्चा की गई और उनके अनुभव सुने गए. हिमाचल सरकार को उम्मीद है कि एक बार राज्य में भांग की खेती को कानूनी रूप मिल जाए तो उसके बाद सालाना 400 से 500 करोड़ रुपए का राजस्व मिल सकेगा.

उल्लेखनीय है कि कैंसर व दिमाग के रोगों में भांग के औषधीय उपयोग का बड़ा रोल है. कीमोथेरेपी के साइड इफेक्ट्स में भी इसके बीजों से बनी दवाइयां काम आती हैं. साथ ही इंडस्ट्री सेक्टर में इसके कई उपयोग हैं. भांग के बीजों से बने तेल में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं. इसके अलावा भांग से अन्य कई प्रकार के सामान बनते हैं. इससे बने बैग, हैंड बैग व सजावट के सामान की बाजार में काफी डिमांड है. भांग की खेती से हिमाचल सरकार को राजस्व की भी आस है. रोजगार के साधन भी इससे बढ़ेंगे. राज्य की आर्थिकी में ये कदम महत्वपूर्ण साबित हो सकता है.

उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा में पिछले साल इस विषय पर चर्चा हुई थी. तब सदन में सत्ता पक्ष व विपक्ष के सदस्यों वाली एक कमेटी का गठन किया गया था. इस कमेटी की अगुवाई राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी कर रहे थे. कमेटी में देश के विख्यात न्यूरो सर्जन और वर्तमान में भरमौर से भाजपा विधायक डॉ. जनक राज, सीपीएस सुंदर ठाकुर, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. हंसराज और द्रंग के विधायक पूर्ण ठाकुर शामिल थे.

## दिल्ली में अपमान का खूनी इंतकाम, युवक को ईंट से पीट-पीटकर मार डाला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली के रणहौला इलाके में सगाई समारोह में बिना निमंत्रण खाना खाने पहुंचे एक युवक को अपमानित करना दूसके को महंगा पड़ गया। अपमान से गुस्साया युवक इसका बदला लेने के लिए गुरुवार देर रात विकास नगर में उस युवक पर तब तक ईंट-पत्थरों से वार करता रहा, जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई। मृतक युवक की पहचान विकास नगर के प्रमोद उर्फ गुड्डू के रूप में हुई है। पुलिस ने ईंटों से हमला करने वाले शिव विहार जेजे कॉलोनी के सुरेश उर्फ मदन चिकना को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में पुलिस को पता चला कि वह सड़क किनारे सब्जी बेचने का काम करता है। पुलिस उपायुक्त जिमी चिरम ने बताया कि मृतक 30 वर्षीय प्रमोद अपने परिवार के साथ विकास नगर इलाके में रहता था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि शुक्रवार को रणहौला पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल मिली। कॉल करने वाले ने पुलिस को बताया कि एफ-ब्लॉक, कृष्णा स्वीट्स, विकास नगर, ग्रीन एवेन्यू के पास एक युवक घायल अवस्था में पड़ा है। एसआई दीपक कुमार और कॉन्स्टेबल परवेश ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

## ढींग गैंगरेप केस के दो फरार आरोपी दबोचे गए, मुख्य आरोपी की हिरासत से भागने के दौरान हुई थी मौत

**गुवाहाटी, एजेंसी।**
असम के नगांव जिले के ढिंग में एक नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपियों को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के एक पखवाड़े बाद आरोपी दबोचे गए। इस घटना को लेकर राज्य के लोगों में गुस्सा है और विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी को पड़ोसी राज्य नागालैंड के दीमापुर से और दूसरे को शुक्रवार को असम के मोरीगांव जिले से गिरफ्तार किया गया है।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का कहना है कि असम पुलिस ने ढिंग में हुए दुष्कर्म की घटना में फरार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को पूछताछ के लिए नगांव सदर पुलिस थाने लाया गया है।

बता दें, 22 अगस्त को हुई घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी को अपराध की रात में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। मगर जब उसे अपराध स्थल पर ले जाया जा रहा था तो पुलिस हिरासत से भागने के दौरान तालब में कूदने से मौत हो गई थी। असम के नगांव जिले में तीन लोगों ने 14 साल की एक लड़की के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया था, जिसके बाद सड़कों पर लोगों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि रात करीब आठ बजे ढिंग इलाके में जब लड़की ट्यूशन से साइकिल पर घर लौट रही थी तो तीन लोगों ने कथित तौर पर उसके साथ मारपीट की और उसके साथ दुष्कर्म किया।

पुलिस ने बताया कि तफजुल इस्लाम (24) नगांव जिले के ढिंग इलाके में 14 साल की किशोरी के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपियों में से एक था। उस पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और पॉस्को एक्ट की धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। पुलिस ने दावा किया था कि उसे देर रात अपराध करने की जगह पर ले जाया गया था। तभी वह भागने की कोशिश करने लगा था और इलाके में एक झील में कूद गया था।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए जाने के बाद तफजुल इस्लाम से पूछताछ की गई और बाद में उसे अपराध स्थल पर ले जाया गया था। यहीं पर उसने भागने की कोशिश की और एक झील में कूद गया था। पुलिस ने तुरंत इलाके की घेराबंदी की और एसडीआरएफ को बुलाया था। एसडीआरएफ ने तलाशी के बाद शव बरामद किया। नगांव के एसपी ने कहा था कि जो कांस्टेबल उसके हाथ में लगी हथकड़ी पकड़े हुए था, उसके हाथ में कुछ चोट आई हैं और उसे इलाज के लिए भेजा गया है।

# संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने दागे रॉकेट, एक व्यक्ति की मौत, छह घायल

**बिष्णुपुर, एजेंसी।**
मणिपुर पुलिस ने शनिवार को पुष्टि की कि कुकी उग्रवादियों ने कथित तौर पर दो स्थानों पर रिहायशी इलाकों में लंबी दूरी के रॉकेट दागे. इन हमलों के बाद इलाके में अतिरक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है. इन हमलों में बिष्णुपुर में आरके रबेई नामक 78 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए. मणिपुर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पुलिस टीमों और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को इलाके से सटे पहाड़ी क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाने के लिए भेजा गया है.

पुलिस ने यह भी बताया कि हमले के कारण तीन बंकर नष्ट हो गए. मणिपुर पुलिस ने पोस्ट में पुष्टि की मुल्सांग गांव में दो बंकर और चूराचांदपुर के लाइका मुल्सौ गांव में एक बंकर नष्ट हो गया. मणिपुर पुलिस ने कहा कि इलाके से सटे पहाड़ी इलाकों में तलाशी अभियान चलाने के लिए पुलिस दल और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया.

पुलिस ने यह भी बताया कि इलाके में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने पुलिस अधीक्षक (स्क्क) पर गोली चलाई. मणिपुर पुलिस ने कहा, एसपी समेत बिष्णुपुर जिले की पुलिस टीमें उस इलाके में पहुंची, जहां संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने उन पर गोली चलाई थी, लेकिन पुलिस टीम ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की और हमले को नाकाम कर दिया. हवाई गश्त करने के लिए सैन्य हेलिकॉप्टर तैनात किया गया है.



पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उप महानिरीक्षक समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने भी तत्काल जवाबी कार्रवाई करने हालात पर नजर रखने के लिए इलाकों का निरीक्षण किया. फोरेंसिक एक टीम साक्ष्य एकत्र करने के लिए मौके पर पहुंची. मणिपुर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कानून और व्यवस्था का जायजा लेने के लिए उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठकें आयोजित की गई. अधिकारी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और पुलिस किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार है.

मणिपुर अखंडता समन्वय समिति (सीओसीओएमआई) के प्रवक्ता खुरैजम अथौबा ने कहा, कुकी आक्रामकता में वृद्धि हुई है. पिछले कुछ दिनों में ड्रोन बमबारी की घटनाएं हुई हैं. आज दो मिसाइल हमले हुए. इसे चिन-कुकी नार्को-आतंकवादी समूहों द्वारा किए गए सबसे घातक हमलों में से एक माना जा रहा है, जिन्होंने आसपास के पहाड़ी इलाकों में शरण ली थी. इसने मणिपुर के पहले मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग सिंह की मातृभूमि को निशाना बनाया.

उनकी प्रतिमा और संपत्ति को नष्ट कर दिया गया. मणिपुर के पीआरओ रक्षा के बयान के अनुसार इससे पहले गुरुवार को, भारतीय सेना और मणिपुर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में कांगपोकपी और इंफाल पूर्व जिलों के बाहरी इलाकों में संवेदनशील इलाकों में हथियारों और गोला-बारूद के युद्ध जैसे भंडार बरामद किए.

भारतीय सेना ने एक लांचर, एक 12-बोर डबल बैरल राइफल, एक .177 राइफल, मैगजीन, दो पिस्तौल, एक पोम्पी बंदूक, पांच ग्रेनेड, गोला-बारूद और युद्ध जैसे भंडार बरामद किए. मणिपुर में शांति और स्थिरता बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में भारतीय सेना ने हिंसक गतिविधियों में वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पूरे क्षेत्र में अपने तलाशी अभियान को तेज कर दिया. मणिपुर पुलिस के समन्वय में सेना ने 05 सितंबर एक संयुक्त अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

## हिंदू संगठन ने ट्रंप का किया समर्थन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के एक हिंदू संगठन ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस के बजाय डोनाल्ड ट्रंप को समर्थन देने का एलान किया है। हिंदू संगठन ने दावा किया है कि कमला हैरिस अगर राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो भारत और अमेरिका के संबंध अस्थिर हो सकते हैं। हिंदू संगठन ने पेंसिल्वेनिया, जॉर्जिया और नॉर्थ कैरोलिना जैसे राज्यों में ट्रंप के पक्ष में मतदाताओं को एकजुट करना भी शुरू कर दिया है। गुरुवार को अमेरिका के हिंदू संगठन हिंदूज फॉर अमेरिका फर्स्ट के अध्यक्ष और संस्थापक उत्सव संदुजा ने कहा कि चिंता इस बात की है कि अगर कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो वह हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट में कुछ ऐसे उदारवादी लोगों की नियुक्ति कर सकती हैं, जिनके फैसलों का एशियाई-अमेरिकी लोगों पर असर पड़ सकता है। बता दें कि कमला हैरिस एक उदारवादी नेता हैं और उनका झुकाव वामपंथ की तरफ है। इसे लेकर डोनाल्ड ट्रंप भी कई बार चेतावनी दे चुके हैं कि कमला हैरिस अगर राष्ट्रपति चुनी गईं तो वह अप्रवासन नीति पर उदार रुख अपना सकती हैं। संदुजा ने कहा कि बाइडन-हैरिस प्रशासन ने सीमा की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया। कमला हैरिस प्रशासन में दूसरे स्थान पर थीं, लेकिन उन्होंने अवैध अप्रवासन को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। अवैध अप्रवासन के चलते ही अपराध में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। साथ ही ड्रग तस्करी आदि की घटनाएं भी बढ़ी हैं।

इसका सीधा असर अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहा है। खासकर एशियाई-अमेरिकी बिजनेस इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। संदुजा ने ट्रंप की तारीफ की और अवैध अप्रवासन को रोकने के लिए ट्रंप की नीति का समर्थन किया।

# संदीप घोष ही मुख्य साजिशकर्ता है, आरजी कर की घटना पर भाजपा नेता बोले- अभी और खुलासे होंगे

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज का मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। शुक्रवार को ही सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई वित्तीय अनियमितता के मामले में संदीप घोष के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। अब इसे लेकर भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा है कि आरजी कर मामले में संदीप घोष को लेकर जिस तरह की जानकारी सामने आ रही है उससे पता चलता है कि वह लंबे समय से रैकेट में शामिल था। जैसे जैसे जांच आगे बढ़ेगी तो और भी नाम सामने आएंगे। संदीप घोष ही आरजी कर के भ्रष्टाचार और हिंसा के मामले में मुख्य साजिशकर्ता है।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितता के मामले में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लग चुका है, जब सुप्रीम कोर्ट ने संदीप घोष की याचिका खारिज कर दी। संदीप घोष ने आरजी कर भ्रष्टाचार मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि




उन्हें पक्षकार बनने का अधिकार नहीं है। मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितता के मामले में ईडी ने बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक आलीशान बंगले का पता लगाया है। यह दो मंजिला बंगला डॉ. संदीप घोष और उनकी पत्नी संगीता घोष के नाम पर है।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल रहने के दौरान संदीप घोष पर वित्तीय गड़बड़ी करने के आरोप लगे थे। ये आरोप आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली ने लगाए थे। अख्तर अली ने अपनी शिकायत में संदीप घोष पर अस्पताल में लावारिस शवों की तस्करी, बायो-मेडिकल कचरे के निपटान में भ्रष्टाचार, निर्माण निविदाओं में भाई-भतीजावाद करने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। इन्हीं आरोपों की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है।

# कनाडा से एक पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार, आईएस के साथ मिलकर न्यूयॉर्क को दहलाने की रच रहा था साजिश

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी न्याय विभाग ने चौंकाने वाली जानकारी दी है। बताया जा रहा कि कनाडा में रह रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। उस पर इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड अल-शाम (आईएस) को सामग्री और संसाधन मुहैया कराने की कोशिश करने का आरोप है। अटॉर्नी जनरल मेरिक बी गारलैंड ने बताया कि 20 साल के आरोपी मुहम्मद शाहजेब खान ने सात अक्तूबर के आसपास न्यूयॉर्क शहर में आतंकवादी हमला करने की योजना बनाई थी। इसका मकसद आईएस के नाम पर अधिक से अधिक यहूदियों का कत्लेआम करना था। एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा, इस्राइल पर हमास द्वारा किए हमले को करीब एक साल होने वाला है। ऐसे में, आरोपी कथित तौर पर संयुक्त राज्य




अमेरिका में यहूदी लोगों को मारने के लिए तैयार था। इस जांच का नेतृत्व एफबीआई ने किया था और मुझे एफबीआई टीम और हमारे सहयोगियों द्वारा खान की योजना को नाकामयाब करने के लिए उठाए गए कदम पर गर्व है। अधिकारी ने आगे कहा, आईएस या अन्य आतंकवादी संगठनों के नाम पर हिंसा करने की कोशिश करने वालों की जांच करने और उन्हें जवाबदेह ठहराने के लिए एफबीआई अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगी। आतंकवाद से लड़ना एफबीआई की शीर्ष प्राथमिकता बनी हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी खान ने कनाडा से न्यूयॉर्क शहर जाने की कोशिश की। वह न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में एक यहूदी केंद्र पर आईएस के समर्थन में एक सामूहिक गोलीबारी की घटना को अंजाम देना चाहता था। खान ने नवंबर 2023 में या उसके आसपास आईएस के लिए अपने समर्थन के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करना और एक मैसेजिंग एप्लिकेशन पर दूसरों के साथ बातचीत करना शुरू किया था। इसके अलावा, खान ने आईएस का प्रचार करने वाले वीडियो और साहित्य भी बांटे।इतना ही नहीं, बल्कि उसने दो अंडरकवर कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ बातचीत करना शुरू कर दिया। खान ने बार-बार अंडरकवर कानून प्रवर्तन अधिकारियों को हमले करने के लिए ऋस्टाइल असॉल्ट राइफलें, गोला-बारूद और अन्य सामग्री जुटाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन स्थानों की पहचान की जहां हमले किए जाने थे। खान ने यह भी बताया कि वह हमले करने के लिए कनाडा से संयुक्त राज्य अमेरिका में सीमा कैसे पार करेगा। इन बातचीत के दौरान, खान ने इस बात पर जोर दिया कि यहूदियों को निशाना बनाने के लिए सात अक्तूबर और 11 अक्तूबर सबसे अच्छे दिन हैं क्योंकि सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमास के हमले की सालगिरह है। जो एक यहूदी धार्मिक अवकाश है। पाकिस्तानी नागरिक पर एक विदेशी आतंकवादी संगठन को सामग्री समर्थन और संसाधन प्रदान करने का प्रयास करने का आरोप है। अगर दोषी पाया जाता है तो उसे अधिकतम 20 साल की जेल की सजा हो सकती है। एक संघीय जिला अदालत के न्यायाधीश अमेरिकी सजा दिशा-निर्देशों और अन्य वैधानिक कारकों पर विचार करने के बाद सजा सुनाएंगे।

## द. कोरिया में तेजी से गिर रही जन्म दर, रोकने के हरसंभव प्रयास में जुटी सरकार, नहीं मिल रही सफलता

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में जन्म दर तेजी से गिर रही है। सरकार अपनी जन्म दर में तेज गिरावट को रोकने के हरसंभव प्रयास में जुटी है, लेकिन पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है। नीति-निर्माता युवाओं को यह बता पाने में असफल सिद्ध हो रहे हैं कि स्टाइलिश कपड़े पहनना या फैंसी रेस्तरां में जाने की तुलना में माता-पिता बनना बेहतर विकल्प है। दक्षिण कारिया अपने युवाओं को बच्चे पैदा करने के लिए पिछले कई सालों से प्रोत्साहित कर कर रहा है लेकिन सफल नहीं हो पा रहा।

एक रिपोर्ट के अनुसार, यह देश सबसे कम जन्म दर के अपने रिकार्ड को लगातार तोड़ रहा है। गत वर्ष यह अब तक के सबसे निचले स्तर पर जा पहुंचा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़े बताते हैं कि 30 आयु वर्ग के लोगों की बचत दर पांच साल पहले की 29.4प्रतिशत से घटकर पहली तिमाही में 28.5प्रतिशत हो गई, जबकि इसी अवधि में अन्य सभी आयु समूहों में वृद्धि हुई। इसी समय 20 और 30 आयु वर्ग के लोग डिपार्टमेंट स्टोर और बड़े होटलों में सबसे अधिक खर्च करने वाले लोग हैं। इसी दौरान उनका यात्रा व्यय 3 वर्षों में 33.3 से बढ़कर 40.1प्रतिशत हो गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा। ) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129